फाल्गुन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 11 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 114, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थकों के 300 खाते सीज 12

टेस्ट मुश्किल, सफलता को एक-दूसरे की जरूरत 11

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम
A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

AMBER
Sunshine
एक नई जीवन शैली...!!!

## केवल सेवारत एवं सेवानिवृत सरकारी/PSU/कोओपरेटिव सोसाईटी कर्मचारियों के लिए बरेली स्मार्ट सिटी में अपना आशियाना पाने का सुनहरा अवसर

# बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत




जीवन ज्योति आवास
CITY TOWERS

UP रेरा पंजीकरण: UPRERAPRJ388540/03/2024 | www.up-rera.in

## आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित 1-2-3 बी.एच.के. Luxury फ्लैट्स




## 90% बैंक लोन उपलब्ध

## PLC, कार पार्किंग, क्लब मैम्बरशिप, पॉवर बैकअप शुल्क, फायर फाइटिंग शुल्क, कॉमन एरिया शुल्क फ्लैट की कीमत में शामिल

| फ्लैट श्रेणी | वर्ग | सेलेबल एरिया (वर्ग मीटर) | सेलेबल एरिया (वर्ग गज) | शुरूआती कीमत | पंजीकरण राशि (5%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 BHK | Type-1 | 61.80 | 73.90 | 23,95,000 | 1,19,750/- |
| 1 BHK | Type-2 | 66.40 | 79.45 | 25,75,000 | 1,28,750/- |
| 2 BHK | Type-1 | 97.10 | 116.10 | 38,70,000 | 1,93,500/- |
| 2 BHK | Type-2 | 105 | 125.60 | 40,70,000 | 2,03,500/- |
| 3 BHK | Type-1 | 136.10 | 162.75 | 52,75,000 | 2,63,750/- |
| 3 BHK | Type-2 | 142.60 | 170.55 | 55,25,000 | 2,76,250/- |

आवंटन ड्रॉ के द्वारा • 15% प्रबंधन कोटा

| | |
|---|---|
| प्रॉजेक्ट मंजूरी | 02132/BDA/BP/23-24/0283 Date: 16 Nov. 23 |
| प्रॉजेक्ट का स्थान | चंदपुर बिचपुरी, सैक्टर–1, रामगंगा योजना के समीप, बरेली |
| भुगतान विवरण | कंस्ट्रक्शन लिंक्ड पेमेंट प्लान, 10% डेवलपमेंट चार्ज/फ्री होल्ड चार्ज अतिरिक्त |
| सुविधायें | पर्याप्त सूरज की रोशनी और हवा के प्रवाह के साथ शानदार एनर्जी एफिशियेंट अपार्टमेंटस, 65% ओपन स्पेस टाउनशिप, सभी दैनिक मनोरंजन संबधित जरूरतों के लिए लेटेस्ट स्पोर्टस, हैल्थ, विश्राम तथा मनोरंजन की सुविधाओं से लैस अति आधुनिक क्लब, परिसर के अंदर शॉपिंग आरकेड एवं रिटेल विकल्प की सेवा–सुविधाएं, सौंदर्यपूर्ण डिजाइंड वॉटर फीचर्स, स्टोन आर्ट और पुष्पसज्जित पार्क |
| आवेदन अवधि | 11 मार्च 2024 से स्कीम की शुरआत एवं 11 अप्रेल 2024 को समाप्त |

## पंजीकरण पुस्तिका नजदीकी कैनरा बैंक की शाखा में 590 रु. की कीमत पर उपलब्ध

## अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: 9837040004 www.jeevanjyotiawas.com

## एक नजर

### तमंचा लेकर डांस करते वीडियो वायरल

**बीसलपुर।** बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमृता खास में सात मार्च को एक ग्रामीण के यहां बर्थडे पार्टी थी। डीजे पर जमकर डांस हुआ। इस बीच युवक ने तमंचा लेकर डांस किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर रविवार को वायरल हो गया। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस जानकारी कर रही है। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।

### बाइक और नगदी लूटने का आरोप

**पूरनपुर।** जनपद लखीमपुर के कस्बा भीरा के रहने वाले आलोक कुमार पुत्र रामस्वरूप ने रविवार को कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसकी बुआ कस्बे के मोहल्ला कायस्थान में रहती हैं। शनिवार रात वह पिता के इलाज के लिए बुआ के घर से 15 हजार रुपए लेकर घर लौट रहे थे। आरोप है कस्बे में पानी की टंकी के पास कुछ लोगों ने उसे रोक मारपीट की और बाइक, पंद्रह हजार रुपये, मोबाइल और बैग लूट ले गए। कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।

# 269 करोड़ से बनेगा शारदा पर पुल, 94 करोड़ की पहली किस्त जारी

## बाढ़ की तबाही से पिछड़े ट्रांस शारदा क्षेत्र में बहेगी विकास की धारा, 3.28 किमी लंबा बनेगा पुल, हजारों लोगों की डगर हो सकेगी आसान

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** विकास के मुद्दे पर लंबी लकीर खींचने में जुटी सरकार ने जिले के ट्रांस शारदा क्षेत्र के हालात बदलने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। दशकों से बाढ़ की विभीषिका ने यहां के विकास को जकड़ कर रखा था। अब धनाराघाट से शारदा नदी पर 3.28 किलोमीटर लंबा पुल बनेगा। जिससे आवागमन ही आसान नहीं होगा बल्कि यह पुल नदी के दोनों तटों के लाखों लोगों के भविष्य की डगर बनने जा रहा है। पुल निर्माण के लिए शासन ने 94 करोड़ रुपये की पहली किश्त भी जारी कर दी है।

पूरनपुर, धौरी-कंचनपुर मार्ग, धनाराघाट के तौर पर पहचाना जाता है। यहां शारदा नदी पर 3.28 किलोमीटर लंबा पुल बनने जा रहा है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट ने पुल के लिए 269 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया था। अब 94 करोड़ की पहली किस्त जारी हो गई है। इससे तराई के हिस्से की आबादी उत्साहित है। पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान ने पहली किस्त जारी होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद का क्षेत्रवासियों की तरफ से आभार जताया है। वहीं, ट्रांस शारदा क्षेत्र की जनता ने विधायक के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी है। बता दें कि पूरनपुर विधायक इस प्रोजेक्ट को लेकर लंबे समय से प्रयासरत हैं। विधायक ने कहा कि पुल बनने से शारदा क्षेत्र की लाखों की आबादी का तहसील और जिला मुख्यालय से सीधा जुड़ाव हो जाएगा। अभी तक बरसात के दिनों में शारदा पार की आबादी पलिया होकर पूरनपुर और फिर पीलीभीत पहुंचती है। बारिश के बाद शारदा में अस्थायी पैंटून पुल बनाए जाते हैं, इसी से ग्रामीणों का आवागमन होता है। अब पुल के निर्माण के बाद काफी राहत मिलेगी।

### नेपाल तक पहुंच होगी आसान

धनाराघाट पुल हर तरह से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सीमावर्ती जिला होने के चलते नेपाल और जिला लखीमपुर के लिए भी यह रास्ता महत्वपूर्ण होगा। दूसरा, क्षेत्र में नदी के कारण अभी तक जो विकास की गति ठहरी हुई थी उसे भी रफ्तार मिलेगी।

> मुख्यमंत्री ने तहसील क्षेत्र की जनता को सेतु के रूप में बड़ा उपहार दिया है। निश्चित रूप से यह सेतु क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर हमारी सरकार द्वारा तत्परता दिखाने के लिए क्षेत्रवासियों की ओर से मुख्यमंत्री और कैबिनेट का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।
> –**बाबूराम पासवान**, विधायक पूरनपुर

## चंदिया हजारा में स्टीम बोट, जियो बैग समेत अन्य सामान पहुंचा

संवाददाता, पूरनपुर




चंदिया हजारा गांव में जियो बैग को लेकर पहुंची मशीनें व अन्य उपकरण।

- **नदी से गांव को बचाने का सामान पहुंचते ही खुशी से झूमे ग्रामीण**
- **चैनेलाइजेशन कार्य की मांग को लेकर 102 दिनों तक चला था धरना**

**अमृत विचारः** शारदा नदी के कटान के मुहाने पर स्थित चंदिया हजारा गांव को बचाने की मुहिम रंग लाई है। नदी पर तटबंध के लिए जेसीबी, स्टीम वोट समेत अन्य सामान पहुंच गया है। राहत-बचाव कार्यों का सामान पहुंचते ही गांव में जश्न छा गया। चंदिया हजारा बचाओ, संघर्ष समिति के प्रयासों को सराहा गया।

चंदिया हजारा को बाढ़ से बचाने के लिए शारदा नदी के तट पर जियो बैग लगाए जाएंगे। करीब 9.98 करोड़ का प्रोजेक्ट है। सोमवार से कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है। मशीनें और अन्य उपकरण गांव पहुंच गए हैं। जियो बैग लगाने वाली टीम ने मौके का निरीक्षण किया। टीम गांव में ही ठहरी है। बनारस से एक और मशीन आ रही है। उधर, ड्रेजिंग चैनेलाइजेशन के लिए आंध्र प्रदेश से दूसरी मशीन भी आ रही है। ग्राम प्रधान बासुदेव कुंडू ने बताया कि अगले सप्ताह से दोनों कार्य शुरू होने की उम्मीद है। जियो बैग को लेकर टीम और उपकरण पहुंच गए हैं। बता दें कि चंदिया हजारा गांव में सैकड़ों एकड़ भूमि नदी में कट चुकी है। गांव नदी की ठोकर पर है। ग्रामीणों को चिंता थी कि अगली बरसात में गांव कट जाएगा। इसके चलते ग्रामीणों ने चैनलाइजेशन की मांग को लेकर 102 दिनों तक धरना दिया था। उसके बाद ही शासन-प्रशासन के स्तर पर कार्य में तेजी आई और अब कार्य प्रारंभ होने जा रहा है।

## शिक्षिका को प्रदान की पीएचडी की उपाधि

**पीलीभीत, अमृत विचारः** शहर के मोहल्ला बाग गुलशेर खां की रहने वाली शाहजहांपुर के राजकीय हाईस्कूल मलिका खुटार में सहायक अध्यापक (संस्कृत) सौभाग्य प्रदा को सात मार्च को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली में आयोजित विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।

यह उपाधि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य श्रीनिवास बरखेड़ी और प्रयागराज परिसर के प्रमुख प्रोफेसर ललित कुमार त्रिपाठी के द्वारा दी गई। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु और कुलाधिपति केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद थे। सौभाग्य प्रदा ने वर्ष 2015 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद विश्वविद्यालय के गंगानाथ झा परिसर प्रयागराज में संस्कृत साहित्य विषय के अंतर्गत प्रोफेसर विशम्भर नाथ गिरि के निर्देशन में अपना शोध कार्य किया था। शिक्षिका ने बताया कि उनके पति ज्ञान प्रकाश बीईओ कार्यालय बरखेड़ा में एआरपी हैं।

# एल्युमीनियम नहीं, अब स्टील के बर्तनों में बनेगा मध्याह्न भोजन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **एल्युमीनियम लीचिंग के खतरे को देखते हुए किया गया बदलाव**
- **बजट मिलने पर खरीदे जाएंगे स्टील के बर्तन**

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में दशकों से एल्युमीनियम के बर्तन में पकाए जाने वाले मिड डे मील से बच्चों में बीमारियों होने की संभावना रहती है। दरअसल एल्युमीनियम कैल्शियम को सोख लेता है। इसलिए बेसिक शिक्षा निदेशक ने परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को वितरित किए जाने वाले भोजन को एल्युमिनियम के बजाए स्टील के बर्तन में पकाने के निर्देश दिए हैं। आदेश मिलने के बाद बर्तन खरीद करने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हालांकि अभी भी कई स्कूलों में एल्युमीनियम के बर्तनों में ही खाना पक रहा है।

जिले में परिषदीय विद्यालयों की संख्या 1503 है। जिसमें 294 कंपोजिट, 932 प्राथमिक और 277 उच्च प्राथमिक विद्यालय हैं। इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को सरकार की ओर से स्वस्थ बनाने के लिए मिड डे मील दिया जाता है। इस योजना के शुरू होने के बाद से ही अधिकतर स्कूल में एल्युमीनियम के बर्तनों में ही मिड डे मील बनता आ रहा है। जिसमें इस बार बदलाव का निर्णय लिया गया है। एल्युमिनियम लीचिंग के खतरे को देखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) एल्युमीनियम के बर्तनों के बजाए स्टील के बर्तनों में बनवाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने तर्क दिया है कि एल्युमीनियम शरीर के अंदर जाने पर आयरन और कैल्शियम को सोख लेता है, जिससे पेट संबंधी कई प्रकार की बीमारी होने की आशंका बढ़ जाती है। धन आवंटन के बाद नए बर्तन खरीदे जाएंगे। इसको लेकर मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की निदेशक कंचन वर्मा ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर स्टेनलेस स्टील के बर्तन में भोजन बनवाने का निर्देश दिया है। बीएसए अमित कुमार ने बताया कि मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की निदेशक का पत्र मिला है। अब बजट आने के बाद स्टील के बर्तनों की खरीदारी की जाएगी।

### क्या कहते हैं चिकित्सक

एसीएमओ डॉ. छत्रपाल का कहना है कि एल्युमीनियम की लीचिंग भोजन पकाने के तापमान, भोजन पकाने के माध्यम और खाद्य सामग्री पर निर्भर करती है। एल्युमीनियम आयरन और कैल्शियम जैसे तत्वों को सोख लेता है। आयरन और कैल्शियम की कमी होने पर हड्डियां कमजोर हो सकती हैं। बच्चों में खून की कमी हो सकती है। इसलिए बेहतर होगा उन्हें आयरन वाले बर्तन में पका हुआ भोजन देना चाहिए, जो उनकी सेहत के लिए लाभदायक होता है।

# व्यापारियों के सम्मान को लेकर सरकार से भी भिड़ने को तैयार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल व राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार का स्वागत करते व्यापारी।



महिला सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष सपना यादव को सम्मानित करते प्रदेश अध्यक्ष।

- **राज्यमंत्री संजय सिंह बोले- कोरोना महामारी से निपटने में व्यापारियों का अमूल्य योगदान**
- **उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के सम्मेलन में प्रांतीय अध्यक्ष का किया स्वागत, निकाला रोड शो**

**अमृत विचारः** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न सहन नहीं किया जाएगा। व्यापारी का सम्मान और सुरक्षा व्यापार मंडल की प्राथमिकता है। हम इसके लिए सरकार से भिड़ने के लिए भी तैयार है। वह रविवार को शहर में हुए प्रांतीय सम्मेलन एवं व्यापारी शिरोमणि सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

शहर के सिटी पैलेस में हुए सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नये लाइसेंस व्यापारी सहन नहीं करेगा। एक और दोहरे कानून से व्यापारी परेशान है। इसको लेकर व्यापार मंडल द्वारा प्रदेश स्तर पर आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि प्रदेश सरकार व्यापारियों की ऋणी है। क्योंकि कोरोना जैसे वैश्विक महामारी से लडने में व्यापारियों का योगदान अहम रहा है। कहा कि व्यापारियों की समस्या के समाधान के लिए वह सदा व्यापारियों के साथ खड़े हैं। उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त बलराज पासी ने कहा कि व्यापारी समाज की रीढ़ होते हैं। यह समाज को न केवल दिशा देते हैं बल्कि उनको सही मार्ग दिखलाते हैं। सम्मेलन में व्यापार मंडल के अन्य पदाधिकारियों ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष संजय पांडेय गौहर, प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल ने किया। सम्मेलन में पीलीभीत, बीसलपुर, पूरनपुर, जमुनिया, मझोला, अमरिया, कलीनगर, बिलसंडा, न्यूरिया, नेपाल सीमावर्ती बाजार, जहानाबाद, ललौरीखेडा, शेरपुर कलां, बरखेडा, गजरौला समेत प्रदेश के कई अन्य जिलों के 600 से अधिक प्रतिनिधि एवं व्यापारी शामिल हुए। समापन पर जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर युवा विंग प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल, शैली शर्मा, रोहित सैनी, रणवीर पाठक, शलभ सिंह, बीसलपुर से राकेश मित्तल, अली हसन, बिलसंडा नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता, आशीष सक्सेना, विक्रम जायसवाल, अरविंद अवस्थी, अजय गोयल, सलीम इदरीसी, जहीर मलिक, असगर अली आदि मौजूद रहे। सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष लाकेश अग्रवाल ने मझोला के रामऔतार अग्रवाल, अमृत लाल, प्रकाशवीर, जिला चेयरमैन अनिल महेंद्रू, पंकज अग्रवाल, ओमप्रकाश कोहली, अशोक अग्रवाल को व्यापारी शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय महिला इकाई, नगर इकाई, मोटर पार्टस इकाई समेत विभिन्न इकाईयों को भी सम्मानित किया। बता दें कि प्रांतीय अध्यक्ष के आगमन पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने रविवार सुबह टाइगर तिराहे पर स्वागत किया। इसके बाद व्यापारियों ने रोड शो निकालकर एकजुटता का प्रदर्शन किया। रोड शो ईदगाह तिराहा, नौगवां चौराहा, छतरी चौराहा, स्टेशन रोड होता हुआ जेपी रोड, चौक बाजार, कमल्ले चौराहा, वेलों वाला चौराहा से वाले मियां की मजार होता हुआ कार्यक्रम स्थल तक पहुंचा था।

# अभद्रता और चीनी मिल में अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

संवाददाता, पूरनपुर

- **किसान नेता ने सहकारी चीनी मिल संघ के एमडी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा**

**अमृत विचारः** सहकारी चीनी मिल में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर किसान नेता ने एमडी से शिकायत की है। आरोप है चीनी मिल में अधिकारी किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। इसके अलावा गन्ना बिक्री करने के लिए किसानों को कई दिनों तक मिल में ही रुकना पड़ता है। घटतौली पर भी अंकुश नहीं लग पा रहा। मिल में व्याप्त अनियमितताओं की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

पूरनपुर सहकारी चीनी मिल का पराई सत्र पूरा होने वाला है। इससे पहले ही मिल तकनीकी खामियों के चलते दम तोड़ने लगी है। चीनी मिल में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने सहकारी चीनी मिल संघ के प्रबंध निदेशक को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राजेश शुक्ला को दिया। इसमें कहा गया है कि पूरनपुर चीनी मिल पूरी क्षमता के साथ पेराई नहीं कर पा रही है। इससे किसानों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। चीनी मिल गेट पर गन्ने की घटतौली की जा रही है। अनियमितताओं के चलते हैवी इंडेंट काटने से किसानों को गन्ना बिक्री के लिए मिल में आठ दिनों तक रुकना पड़ रहा है। छोटे किसानों पर कई दिनों तक रुकने से खर्च का भार बढ़ता है। लंबा जाम लगे रहने से किसान के ट्रैक्टर ट्राली हाईवे पर खड़े होते हैं जिससे हादसों की आशंका भी बनी रहती है। किसान नेता का आरोप है कि चीनी मिल के अधिकारी गन्ना बिक्री के लिए पहुंचने वाले किसानों से अभद्र व्यवहार करते हैं। सभी बिंदुओं की जांच कर दोषी अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

## चीनी मिल यार्ड में किसान को बंदूक की बट से पीटने का आरोप

संवाददाता, पूरनपुर




नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित को ज्ञापन देते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ता रविवार को तहसील पहुंचे। वहां मौजूद नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि शनिवार रात गांव तकिया दीनारपुर निवासी जैतराम पुत्र छोटेलाल चीनी मिल में गन्ना लेकर गए थे। इस दौरान चीनी मिल खराब होने पर वह यार्ड में जानकारी करने पहुंच गए। आरोप है कि मिल अधिकारियों के कहने पर होमगार्ड ने उनसे अभद्रता की। इसके बाद चीनी मिल के जिम्मेदारों ने भी मारपीट की। बचाने पहुंचे दूसरे किसान सर्वेश कुमार को होमगार्ड ने बंदूक की बट से पीटा। बमुश्किल दोनों किसान अपनी जान बचाकर वहां से भागे। इस तरह से अभद्रता किए जाने पर कार्रवाई की मांग की गई। इसके बाद कार्यकर्ता कोतवाली भी गए और मामले की शिकायत की। हालांकि पुलिस ने जांच कराने की बात कही है। ज्ञापन देने वालों में बालकराम, धनीराम, बबली देवी, जैतराम, तरसेम सिंह, अरविंद यादव, विपिन वर्मा, रामसेवक, ननकू यादव आदि थे।

## चोरी करते युवक को पकड़ा, पुलिस को सौंपा

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी हरनाम सिंह रविवार को पत्नी सोनी सिंह, छोटे भाई पुष्पेंद्र सिंह, उसकी पत्नी शिल्पी देवी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बरखेड़ा कस्बे में होली के लिए खरीदारी करने आए थे। रेडीमेड कपड़ों की दुकान पर कपड़े खरीद रहे थे। इस बीच शर्ट की जेब में रखे पांच हजार रुपये एक युवक चोरी करने लगा। उसे रंगेहाथ परिवार के सदस्यों ने पकड़ लिया। चोर पकड़े जाने का शोर मचते ही भीड़ जमा हो गई और उसकी पिटाई कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।

## 17 घंटे के बाद चालू हुई चीनी मिल, गन्ना लेकर पहुंचे किसान

संवाददाता, पूरनपुर

- **शनिवार की शाम बॉयलर की ट्यूब खराब होने से बंद हुई थी मिल**

**अमृत विचारः** किसान सहकारी चीनी मिल करीब 17 घंटे के बाद दोबारा चालू हो गई है। गन्ना लेकर किसान रविवार दोपहर बाद चीनी मिल पहुंचना शुरू हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, सोमवार को नई पर्चियां जारी की जाएंगी। मिल में बमुश्किल 20 हजार पर्चियां ही शेष हैं।

शनिवार रात करीब आठ बजे बॉयलर नंबर दो की ट्यूब खराब हो गई थी। इस कारण मिल में पेराई बंद हो गई। चौबीस घंटे के लिए मिल की पेराई बंद होने का अनुमान लगाया गया था। ऐसे में कई किसान गन्ना वाहन लेकर लौट गए तो कुछ ने यार्ड में ही गन्ना लदी ट्रालियां छोड़ दी थीं। रविवार को इंजीनियरों ने मशक्कत कर ट्यूब ठीक कर दी। करीब एक बजे मिल दोबारा चालू हुई। चीनी मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी अजय यादव ने बताया कि मिल चालू हो गई है। सोमवार को नई पर्चियां जारी करने की तैयारी है।

बता दें कि मिल का पेराई सत्र अंतिम पड़ाव पर है। शेष 20-22 हजार पर्चियां के बाद तौल स्वतंत्र कर दी जाएगी। मसलन, सट्टाधारक किसान सीधे गन्ना लेकर मिल पहुंचेंगे और उन्हें वहीं पर्चियां काटकर दे दी जाएंगी। चीनी मिल में अब तक करीब 18 लाख कुंतल गन्ना की पेराई हो चुकी है।

# ब्लॉक कार्यालय में विरोध जताएंगे अधिवक्ता

संवाददाता, पूरनपुर

- **जन्म प्रमाण पत्र को लेकर सचिव से हुआ था विवाद**

**अमृत विचारः** जन्म प्रमाण पत्र बनाने को लेकर एक सचिव और अधिवक्ता के बीच हुआ विवाद अभी थमा नहीं है। अधिवक्ता का आरोप है कि सचिव ने उनके साथ अपशब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्रता की थी। सोमवार को सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अधिवक्ता ब्लॉक कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करेंगे।

बीते गुरुवार को अधिवक्ता शिवनारायण एक व्यक्ति का जन्म प्रमाण पत्र लेने के लिए ब्लॉक कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान प्रमाण पत्र बनाने को लेकर सचिव धर्मेंद्र कुमार से कहासुनी हो गई थी। अधिवक्ता का आरोप है सचिव ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्रता की। इसके बाद दर्जनों अधिवक्ताओं ने ब्लॉक में हंगामा किया था। इस मामले की शिकायत पुलिस से भी की गई थी। चार दिन बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर अधिवक्ताओं में नाराजगी है। अधिवक्ताओं की मांग है कि सचिव माफी मांगे या फिर उस पर अधिकारी कार्रवाई करें। सोमवार को अधिवक्ता ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर सचिव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के महामंत्री संजय पांडे ने बताया कि सचिव को अपनी गलती स्वीकारते हुए माफी मांगनी होगी। जरूरत पड़ी तो उस पर रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाएगी।

## पीलीभीत से अयोध्या धाम तक ट्रेन चलाने की मांग

**पीलीभीत, अमृत विचारः** शहर के मोहल्ला सिविल लाइंस साउथ निवासी सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कश्यप एडवोकेट ने रेल मंत्रालय व रेलवे के अन्य अधिकारियों को पत्र भेजा। जिसमें पीलीभीत से शाहजहांपुर, सीतापुर, लखनऊ होते हुए अयोध्या धाम तक एक्सप्रेस ट्रेन चलाए जाने की मांग की है।

कहा कि पीलीभीत से अयोध्या के लिए ट्रेन का संचालन होने से लोगों को लाभ मिलेगा। प्रदेश की राजधानी लखनऊ का सफर भी आसान हो जाएगा। पत्र में कहा गया है कि पीलीभीत से शाहजहांपुर के लिए शाम साढ़े छह बजे आखिरी ट्रेन है। इसके बाद रात भर ट्रैक खाली रहता है। अगर रात के समय एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया जाए तो आम जनता के लिए लाभदायक रहेगा।

**सख्ती** | सीएमओ ने आईएमए अध्यक्ष को भेजा पत्र, बोले– झूठी जानकारी दे रहे कई अस्पताल

# निजी अस्पताल में जितनी सुविधाएं हों उतना ही करें प्रचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



- **भ्रामक होर्डिंग उतरवाने के भी दिए आदेश, सुधार न होने पर कार्रवाई की चेतावनी**

**65** से अधिक निजी अस्पताल और नर्सिंग होम हैं जिले में

**50** पैथोलॉजी लैब हैं पंजीकृत

**325** आयुर्वेदिक-यूनानी क्लीनिक हैं संचालित

**अमृत विचार :** डॉक्टर की डिग्री को किराए पर लेकर कई अस्पताल और क्लीनिक का संचालन कराए जाने के मामले सामने आने पर अब स्वास्थ्य विभाग संजीदा हुआ है। मरीजों को भ्रमित करते हुए होर्डिंग बोर्ड पर तमाम मल्टी स्पेशल डॉक्टर और विभिन्न बीमारियों का इलाज देने का दम न भरा जाए, इसके लिए सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने अस्पताल प्रबंधकों को उनके अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सकों व सुविधाओं के मुताबिक ही प्रचार-प्रसार करने के आदेश दिए हैं। आईएमए अध्यक्ष को भी पत्र भेजा गया है।

सीएमओ कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार जनपद में 65 से अधिक नर्सिंग होम और निजी अस्पताल संचालित हो रहे हैं। 50 पैथोलॉजी लैब पंजीकृत हैं। झोलाछाप और फर्जी लैब संचालकों पर कार्रवाई के लिए एसीएमओ को नामित किया गया है। वहीं आयुर्वेदिक-यूनानी में भी 325 क्लीनिक पंजीकृत हैं।

यहां पर भी एक नोडल अफसर अवैध क्लीनिकों पर कार्रवाई के लिए नामित किए गए हैं। मगर, दावों के बावजूद झोलाछापों लगातार बढ़ते जा रहे हैं। कुछ जिम्मेदारों का संरक्षण कहें या फिर लापरवाही कि इन पर कार्रवाई के नाम पर औपचारिकता निभाकर कर्तव्यों से इतिश्री कर ली जाती है। बीते कुछ समय में हुई कार्रवाई के बाद एक नया तरीका उजागर हुआ है। जिसे लेकर कहीं न कहीं स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार भी दंग रह गए हैं। डिग्री किसी और की लगा रखी है और क्लीनिक का संचालक कोई और कर रहा है। बताते हैं कि जिले में संचालित करीब 30 फीसदी अस्पताल व क्लीनिक झोलाछाप चला रहे हैं। जिस डॉक्टर के नाम से अस्पताल खोल दिए गए हैं, वह तो प्रैक्टिस को पहुंचते ही नहीं। ऑपरेशन से लेकर महिलाओं की डिलीवरी तक की जिम्मेदारी झोलाछाप ने संभाल रखी है।

### अस्पताल में लगाना होगा डिस्प्ले बोर्ड

झोलाछाप समेत कई पंजीकृत अस्पतालों ने मरीजों को लुभाने के लिए शहर समेत विभिन्न स्थानों पर अपने प्रचार प्रसार के होर्डिंग लगा रखे हैं। जिसमें उन्होंने जो सुविधा अस्पताल में उपलब्ध नहीं है उसका भी उल्लेख किया हुआ है। इसको लेकर सीएमओ डॉ. आलोक कुमार की ओर से बीते दिनों आईएमए अध्यक्ष को पत्र भेजा है। जिसमें कहा गया है कि जनपद में संचालित निजी अस्पताल, क्लीनिक, नर्सिंग होम, पैथोलॉजी सेंटर व डायग्नोस्टिक सेंटर पर मिलने वाली समस्त प्रकार की सुविधाओं तथा पैनल में सम्मिलित चिकित्सक–विशेषज्ञ के संबंध में चिकित्सालय परिसर में एक डिस्प्ले बोर्ड लगाया जाए। बोर्ड का बैकग्राउंड पीला व लिखावट काली होनी चाहिए। कोई भी निजी चिकित्सा संस्थान भ्रामक होर्डिंग नहीं लगाएंगे। सीएमओ डॉ.आलोक कुमार ने बताया कि 15 दिन के बाद इस संबंध में एक कमेटी का गठन करते हुए निजी चिकित्सा संस्थानों की जांच कराई जाएगी। कई जगह इस तरह की शिकायतें मिल रही हैं कि अस्पताल वालों ने गलत बोर्ड लगाए हुए हैं। आईएमए अध्यक्ष को भी पंजीकृत अस्पतालों की सुविधा व्यवस्थित कराने को कहा गया है।

फाल्गुन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 11 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 114, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कतर में दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस लांच 12

फिल्म बड़े घर की बेटी में अंजना और यामिनी 11

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

LAST 3 DAYS
लेडीज कार्डिगन
लेडीज कुर्ती, सिलेक्स
लेडीज कोट
लेडीज ट्रैक सूट
लेडीज जैकेट
पशमीनाशॉल एण्ड स्टाल
जेन्ट्स स्वेटर
जेन्ट्स जैकेट
जेन्ट्स ट्रैक सूट
BUY 1 GET 2 FREE
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

## यूपी पहले देश की राजनीति तय करता था, अब विकास की दिशा भी तय कर रहा : मोदी

# यूपी में खत्म हुआ माफियाराज

- प्रधानमंत्री ने आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट व अलीगढ़ को दिया एयरपोर्ट का तोहफा
- लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल का भी हुआ लोकार्पण
- आजमगढ़ से 34700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश में अपने दौरे के दूसरे दिन रविवार को आजमगढ़ से प्रदेश में पांच नए एयरपोर्ट और लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण करते हुए इंडी गठबंधन को जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, माफियाराज, तुष्टिकरण और कट्टरपंथ का पोषक ठहराया। कहा कि अब उप्र. से माफियाराज और कट्टरपंथ खत्म हो गया है। मुख्यमंत्री योगी की तारीफ करते कहा कि उत्तर प्रदेश पहले देश की राजनीति तय करता था, अब विकास की दिशा भी तय कर रहा है।

मोदी ने प्रदेश के पांच जिलों में नए एयरपोर्ट और लखनऊ एयरपोर्ट के नवीन टर्मिनल के लोकार्पण के साथ ही 34700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों का प्यार और विकास से जातिवाद, परिवारवाद और वोटबैंक के भरोसे बैठे इंडी गठबंधन की नींद उड़ गई है। पीएम ने कहा कि प्रदेश में जबसे डबल इंजन सरकार आई है, तबसे यूपी की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली है। यूपी केंद्र की योजनाओं को लागू करने में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले राज्यों में है। यूपी पहले देश की राजनीति तय करता था, मगर अब विकास की दिशा भी तय कर रहा है। मोदी ने कहा कि यूपी जैसे-जैसे विकास की बुलंदियों को छू रहा है, तुष्टिकरण का जहर भी कमजोर पड़ रहा है।

उन्होंने भोजपुरी में कहा कि ...आजमगढ़ जौन चाह जाला ऊ कर लेवेला...। पिछले चुनाव में लोगों ने दिखा दिया कि परिवारवादी लोग जिसे अपना गढ़ समझते थे उसे दिनेश जैसे एक नौजवान ने ढहा दिया।



आजमगढ़ के मंदुरी में रविवार को जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी।

### पीएम ने प्रदेशवासियों को दिया तोहफा

प्रधानमंत्री मोदी ने 3,628 करोड़ से प्रदेश के आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट एवं अलीगढ़ एयरपोर्ट तथा चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट, लखनऊ के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण किया। 108 करोड़ से महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय के लोकार्पण के साथ 11,500 करोड़ की 5 एनएच परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जबलपुर, ग्वालियर, पुणे, कोल्हापुर, दिल्ली और आदमपुर एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। 8,176 करोड़ की 12 रेल परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास हुआ। 131 करोड़ से चार टावर लाइट हाउस परियोजना के अंतर्गत लखनऊ में 1,040 फ्लैट का भी लोकार्पण हुआ।

### रिकॉर्ड निवेश, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से यूपी की पहचान, युवाओं के लिए बने लाखों नए अवसर

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि बीते वर्षों में डबल इंजन सरकार ने यूपी में लाखों करोड़ के विकास कार्य कराए हैं। इससे न सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर बदला है बल्कि युवाओं के लिए लाखों नए अवसर बने हैं। यूपी की पहचान रिकॉर्ड निवेश और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से हो रही है। यूपी की चर्चा एक्सप्रेस वे, बेहतर कानून व्यवस्था से हो रही है। अयोध्या में राम मंदिर का इंतजार भी खत्म हो गया है। काशी, मथुरा, कुशीनगर के विकास से यूपी में पर्यटन तेजी से बढ़ा है। यह गारंटी 10 साल पहले दी थी, जो आज पूरी हो रही है।

### मुख्यमंत्री बोले- माफिया के गढ़ में अब अपराध नहीं, मनी की हो रही बौछार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज से सात साल पहले जो आजमगढ़ अपराध व माफिया गतिविधियों का गढ़ था, आज प्रधानमंत्री मनी की बौछार कर रहे हैं। उन्होंने डबल इंजन की सरकार में केवल सुरक्षा का बेहतर वातावरण ही नहीं, बल्कि विकास, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर व लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए पीएम का आभार जताया। विश्वास दिलाया कि 2024 में फिर एक बार-मोदी सरकार की आवाज के साथ पूरा प्रदेश जुड़ेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, मंत्री सूर्य प्रताप शाही, एके शर्मा, ओमप्रकाश राजभर आदि मौजूद रहे।

## कूनो में 5 चीता शावकों का जन्म

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता 'गामिनी' ने रविवार को पांच शावकों को जन्म दिया, जिसके साथ देश में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गई। केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि पांच शावक, कूनो! दक्षिण अफ्रीका के त्वालु कालाहारी रिजर्व से लाई गई लगभग पांच वर्ष की मादा चीता गामिनी ने आज पांच शावकों को जन्म दिया। मंत्री ने कहा कि भारत में पैदा होने वाले चीते के शावकों की संख्या अब 13 हो गई है। यह चौथी बार है जब भारत में किसी चीता ने शावकों को जन्म दिया है।



- अब देश में चीतों की संख्या बढ़कर 26 हुई

## पटरियों पर बैठे किसान ट्रेनें थमीं, यात्री परेशान

चंडीगढ़, एजेंसी

**रेल रोको आंदोलन**

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को पूरा करने को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के आह्वान पर 'रेल रोको' आंदोलन के तहत रविवार को पंजाब के विभिन्न इलाकों में किसान रेल पटरियों पर धरने पर बैठे। किसानों ने अपनी मांग पूरी नहीं करने पर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। ट्रेन सेवाएं बाधित होने की वजह से यात्रियों को असुविधा हुई। धरना-प्रदर्शन दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक चला।

पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 27 दिन से अपनी मांगों को लेकर डटे किसानों ने देश भर में रेल रोको आंदोलन चलाया। पंजाब में 52 और हरियाणा में तीन स्थानों पर ट्रेनों को रोका गया। हरियाणा के सिरसा में रेलवे ट्रैक को बाधित करने जा रहे तकरीबन 45 किसानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पंजाब में किसानों ने अमृतसर, लुधियाना, तरनतारन, होशियारपुर, फिरोजपुर, फजिल्का, संगरूर, मनसा, मोगा और बठिंडा समेत 22 जिलों में 52 स्थानों पर रेल पटरियों पर धरना दिया। जालंधर कैंट और पटियाला स्टेशन के ट्रैक पर भी किसानों ने धरना-प्रदर्शन किया। रेलवे की ओर से कुछ गाड़ियों को व्यास व लुधियाना से ही वापस भेज दिया।

### एक नजर

#### आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ सात आईईडी बरामद

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने रविवार को जम्मू कश्मीर में पुंछ जिले के एक जंगल में आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया और सात आईईडी बरामद किए तथा एक वायरलेस सेट जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि यह ठिकाना सुरनकोट इलाके में दारा सांगला में एक गुफा के अंदर था। पुलिस और सेना के संयुक्त खोज दल ने इसका भंडाफोड़ किया। उन्होंने बताया कि ठिकाने से कंबल और कुछ अन्य सामान भी बरामद किए गए हैं।

#### न्यायमूर्ति खानविलकर बने लोकपाल अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अजय माणिकराव खानविलकर को रविवार को राष्ट्रपति भवन में लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति खानविलकर (66) ने 13 मई, 2016 से 29 जुलाई, 2022 तक शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में सेवा दी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति ने रविवार शाम राष्ट्रपति भवन में एक समारोह के दौरान खानविलकर को लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति खानविलकर को पिछले महीने लोकपाल अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। 27 मई, 2022 को पिनाकी चंद्र घोष की सेवानिवृत्ति के बाद से यह पद रिक्त था।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई कार, तीन लोगों की मौत

संवाददाता, संसारपुर (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचारः** लखीमपुर खीरी के मैलानी इलाके में रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार (एक्सयूवी) ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में पिथौरागढ़ के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर घायल हो गए। सभी लोग रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर कार एक वैगनआर कार से टकरा गई, जिससे उसमें सवार पांच लोग भी घायल हो गए। पुलिस ने सभी सातों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ निवासी पांच लोग कार से रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रहे थे। मैलानी क्षेत्र में गोला-खुटार हाईवे पर ग्राम नौवाखेड़ा के समीप कार ईंटों भरी ट्रैक्टर ट्राली से जा टकराई। अनियंत्रित हुई कार सामने से आ रही वैगनआर से भिड़ गई। हादसे में एक्सयूवी के परखच्चे उड़ गए और वैगनआर खाई में जा गिरी। पुलिस ने घायलों को सीएचसी गोला पहुंचाया जहां डॉक्टर ने एक्सयूवी सवार जचल सिंह (30), कुंदन सिंह (35) और प्रतीक शर्मा (30) को मृत घोषित कर दिया। नरेंद्र सिंह (31) व अनिकेत (30) गंभीर घायल हैं। जबकि वैगनआर सवार सहकारी गन्ना समिति गोला में लिपिक दिलीप सिंह पलिया दवा लेने जा रहे थे। उनके साथ कार में पत्नी रंजना, बेटा अनुज के अलावा जीआरपी लखीमपुर चौकी प्रभारी शिवम, उनकी पत्नी पूजा सवार थे। ये लोग भी घायल हुए हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



- अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे सभी, सात गंभीर रूप से घायल

> सुबह करीब 5 : 20 बजे हादसे की सूचना मिली। दोनों कारों में सवार सभी 10 लोगों को सीएचसी गोला भेजा गया, जिनमें तीन को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दो की हालत गंभीर बताई गई है। ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है। - **मोहित पुंडीर**, चौकी प्रभारी संसारपुर

## सुभासपा प्रदेश सचिव की धारदार हथियार से हत्या



**संतकबीरनगर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव की रविवार शाम उनके बेडरूम में हत्या कर दी गई। धारदार हथियार से उनके चेहरे और गर्दन पर कई वार किए जाने के निशान मिले हैं। सुभासपा की प्रदेश सचिव नंदिनी राजभर (30) पत्नी अच्छेलाल राजभर कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के डीघा मोहल्ले की निवासी थीं। वे रविवार को भाजपा कार्यालय में एक बैठक में शामिल होने के बाद शाम लगभग 4 बजे घर लौटी थीं। उनके पति काम पर गए थे, जबकि बेटा खेलने गया था। शाम लगभग 5.30 बजे मोहल्ले की एक महिला उनके घर किसी काम से गई। दरवाजा खुला से वह नंदिनी के कमरे में पहुंची तो फर्श पर उनकी खून से लथपथ लाश पड़ी थी। महिला के शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग पहुंचे। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी बृजेन्द्र पटेल मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम और पुलिस बल के साथ एएसपी शशि शेखर सिंह ने भी मौका मुआयना किया।

## लालू यादव का करीबी सुभाष गिरफ्तार

**अवैध रेत खनन केस**

पटना, एजेंसी



- ईडी के छापे में दो करोड़ से अधिक नकदी और कागजात जब्त

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में अवैध रेत खनन से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के तहत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से जुड़े सुभाष यादव को पटना से गिरफ्तार किया है। सुभाष यादव को राजद प्रमुख लालू यादव का करीबी बताया जाता है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने शनिवार को राज्य की राजधानी में यादव और उनके सहयोगियों के आधा दर्जन परिसरों पर छापे मारे। यादव को शनिवार देर रात गिरफ्तार किया गया और जिन विभिन्न परिसरों पर छापेमारी की गई, वहां से लगभग 2.3 करोड़ रुपये नकद और कई कागजात जब्त किए गए।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रेत खनन गिरोह के अहम सिंडिकेट सदस्य होने के आरोपी यादव को सोमवार को पटना में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत में पेश किए जाने की संभावना है। सुभाष यादव राजद के टिकट पर चुनाव भी लड़ चुके हैं। धनशोधन का यह मामला बिहार पुलिस द्वारा 'ब्रॉडसन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' (बीसीपीएल) और उसके निदेशकों के खिलाफ दर्ज की गई 20 प्राथमिकियों से जुड़ा है।

## मादक पदार्थ गिरोह की जांच को मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने द्रमुक के पूर्व पदाधिकारी से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह की जांच के लिए धनशोधन का मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की प्राथमिकी पर संज्ञान लेते हुए धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। एनसीबी ने लगभग 2,000 करोड़ रुपये की 3,500 किलोग्राम 'स्यूडोएफेड्रिन' की तस्करी में कथित संलिप्तता के लिए शनिवार को 36 वर्षीय जाफर सादिक को गिरफ्तार किया था।

## राज्यकर्मियों का डीए 4% बढ़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 12 लाख पेंशनरों को भी मिलेगा वृद्धि का लाभ

**अमृत विचार** : राज्य कर्मियों और पेंशनरों को जनवरी 2024 से चार प्रतिशत की डीए बढ़ोतरी को स्वीकृत दी गई है। राज्य के खजाने पर लगभग 314 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा। वित्त विभाग की ओर से यह स्वीकृति दे दी गई है और संभवत सोमवार को इस संबंध में औपचारिक आदेश जारी कर दिया जाएगा। ऐसे में 10 लाख राज्यकर्मियों और आठ लाख शिक्षकों का वेतन बढ़ जाएगा। साथ ही 12 लाख पेंशनरों की महंगाई राहत में भी चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी होगी। इस संबंध में केंद्र सरकार की ओर से केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की घोषणा शनिवार को कर दी गई थी। वित्त विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया की स्वीकृति मिलने के बाद इस संबंध में बस आदेश जारी होने की औपचारिकता ही बाकी है।

## 35 हजार में बिका एक नींबू

**इरोड (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु में इरोड के एक गांव स्थित मंदिर में हुई नीलामी में एक नींबू 35 हजार रुपये में बिका। इरोड से 35 किमी की दूरी पर स्थित शिवगिरि गांव के पास पझापूसियन मंदिर में महाशिवरात्रि पर भगवान शिव को नींबू और फल सहित अन्य वस्तुएं चढ़ाई जाती हैं। बाद में इनकी नीलामी की जाती है। मंदिर प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि नीलामी में कम से कम 15 श्रद्धालुओं ने भाग लिया और इरोड के एक श्रद्धालु को एक नींबू 35 हजार रुपये में बेचा गया। मंदिर के पुजारी ने नीलाम किए गए नींबू को सबसे अधिक बोली लगाने वाले व्यक्ति को सौंपा।



- तमिलनाडु के इरोड गांव स्थित एक मंदिर में हुई थी नीलामी

## टीएमसी ने बंगाल में सभी सीटों पर उतारे प्रत्याशी

कोलकाता, एजेंसी

**लोकसभा चुनाव**

- इंडिया गठबंधन को लगा झटका कांग्रेस को अभी भी उम्मीद

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट के लिए पार्टी उम्मीदवारों की सूची जारी की। सात सांसदों को टिकट नहीं दिया है और कुछ नये चेहरों को मैदान में उतारा है जिनमें पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान का नाम भी शामिल है। पश्चिम बंगाल से लोकसभा की सभी सीटों पर टीएमसी द्वारा प्रत्याशी उतारे जाने से विपक्षी इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। इसके बावजूद कांग्रेस को अभी भी सीटों के बंटवारे पर समझौता होने की उम्मीद है।

अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को असानसोल से फिर से चुनाव मैदान में उतारा गया है। बसीरहाट सीट से पूर्व सांसद हाजी नुरुल इस्लाम को मैदान में उतारा है। सात मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं दिया है जिनमें बैरकपुर से सांसद अर्जुन सिंह भी शामिल हैं। नए चेहरों में 12 महिला और 26 पुरुष शामिल हैं। पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान को बहरामपुर सीट से नामांकित किया गया है, जो राज्य कांग्रेस प्रमुख और पांच बार के सांसद अधीर रंजन चौधरी का गढ़ है। महुआ मोइत्रा को कृष्णानगर सीट से जबकि पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद को बर्धमान-दुर्गापुर से उम्मीदवार बनाया गया है।

**चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति**

## चयन समिति की बैठक 15 को होगी

**नई दिल्ली।** नए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए नामों को अंतिम रूप देने के वास्ते प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक 15 मार्च को होगी। उच्च पदस्थ सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय की पिछले महीने सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के अचानक इस्तीफे से चुनाव आयुक्तों के दो पद रिक्त हो गए हैं। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति में एक केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी शामिल होंगे। समिति की बैठक 15 मार्च को होगी और निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी।

## दुधवा : खतरे में डॉल्फिन, जांच वाली फाइल ही गायब

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार** : राष्ट्रीय जलीय जीव डॉल्फिन खतरे में है। 2010 में राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित होने के बाद से दुधवा में कई डॉल्फिन की मौत हो चुकी है लेकिन मौत की वजह जानने को लेकर अधिकारी संजीदा नजर नहीं आ रहे। 24 फरवरी 2024 को भी एक डॉल्फिन का शव गिरजा बैराज में मिला था। डॉल्फिन की मौत कैसे हुई इसकी जांच फाइल ही गायब हो गई है। फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा ने 16 दिन बाद भी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत न किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है और एक सप्ताह में संपूर्ण रिपोर्ट मांगी है।

दुधवा टाइगर रिजर्व के कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग स्थित चौधरी चरण सिंह गिरजा बैराज के गेट नंबर वन में 22 फरवरी 2024 को डॉल्फिन का शव मिला था। वन विभाग की टीम ने दो चिकित्सकों डॉ. दयाशंकर और डॉ. दीपक से पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉल्फिन की मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी तो विसरा आईवीआरआई बरेली भेजने के लिए सुरक्षित कर लिया गया था। हैरानी की बात है कि 16 दिन बाद भी विसरा आईवीआरआई नहीं भेजा जा सका। आशंका जताई जा रही थी कि अवैध रूप से मछली का शिकार होने के चलते डॉल्फिन की मौत हुई है तो यह बड़ा मामला होगा। बहरहाल इससे संबंधित जांच रिपोर्ट ही गायब हो गई है। प्रतिबंध के बाद भी गेरुआ और घाघरा नदी से मछली के शिकार की सच्चाई सामने आने से जिम्मेदारों की न सिर्फ पोल खुल जाएगी, बल्कि कई पर कार्रवाई भी हो सकती है। कार्रवाई से बचने को जांच रिपोर्ट गायब कर देने की चर्चा हो रही है।



- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नहीं खुला मौत का राज तो किया था विसरा सुरक्षित
- फील्ड डायरेक्टर ने बिठाई थी जांच लेकिन अब फाइल का ही पता नहीं

### डॉल्फिन के कारण प्रतिबंधित है मछली का शिकार

डॉल्फिन को वर्ष 2010 में राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया था। दुधवा टाइगर रिजर्व से होकर बहने वाली गेरुआ और घाघरा नदी में बड़ी संख्या में डॉल्फिन पाई जाती हैं। डॉल्फिन की सुरक्षा के लिए इन नदियों में मछली का शिकार प्रतिबंधित है फिर भी चोरी-छिपे मछलियों का शिकार होता है। कई बार डॉल्फिन भी इनके जाल में फंस जाती है। माना जा रहा है की मछलियों के अवैध शिकार के दौरान ही डॉल्फिन की मौत हुई है।

> गिरिजा बैराज में डॉल्फिन की मौत की जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट अभी नहीं मिल पाई है। फाइल किस स्तर पर है, इसका भी पता लगा रहे हैं। वैसे विसरा जांच के बाद भी काफी हद तक हकीकत सामने आ जाएगी। जांच रिपोर्ट को एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। - **ललित वर्मा**, फील्ड डायरेक्टर, दुधवा टाइगर रिजर्व।

### पहले भी जान गवां चुकी हैं चार डॉल्फिन

कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाव स्थित चौधरी चरण सिंह गिरजा बैराज में अब तक चार डॉल्फिन के शव मिल चुके हैं। मौतें और भी हुई होंगी लेकिन जिनके शव मिल गए, उन्हीं की जानकारी सामने आ पाई। वर्ष 2014 में एक डॉल्फिन का शव उतराता मिला। कुछ दिन बाद एक और डॉल्फिन का शव मिला। इसके आठ साल बाद नवंबर 2022 में महीने भर के अंदर दो डॉल्फिन के शव क्रमशः गेट नंबर एक और तीन में मिले थे।

# मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल के लिए छह माह में भी नहीं तलाश पाए जमीन

## 10 एकड़ जमीन पर बनाया जाना है स्कूल, डीएम ने जमीन तलाशने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कक्षा एक से 12 तक कॉन्वेंट स्कूल की तर्ज पर हो सकेगी पढ़ाई, बदलेगी शिक्षा की तस्वीर

**अमृत विचार :** सरकारी शिक्षा का स्तर बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री कंपोजिट मॉडल स्कूल पीलीभीत में भी बनाया जाना है। इसकी घोषणा के बाद भवन निर्माण के लिए जगह चिह्नित करने के निर्देश तो कर दिए गए हैं, लेकिन कई माह बाद भी जिम्मेदार जमीन नहीं तलाश सके हैं। जिस वजह से मुहिम धरातल पर उतर सकी है। शासन इसे लेकर संजीदा है, लेकिन जमीन न मिलने से पेंच फंस गया है। स्कूल के लिए साढ़े तीन से 10 एकड़ तक जमीन चाहिए। जिसके लिए डीएम ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया है। ताकि जल्द शुरुआत कराई जा सके।

शासन की ओर से जिलों में प्री- प्राइमरी से लेकर इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई एक छत के नीचे शुरू कराने के लिए सितंबर 2023 में मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय खोलने की घोषणा की गई थी। इस योजना के तहत एक परिषदीय कंपोजिट स्कूल को मुख्यमंत्री कंपोजिट स्कूल में तब्दील किया जाएगा। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग को मानक पूरा करने वाले स्कूल के चयन करने के निर्देश दिए गए थे। इसके लिए 10 एकड़ जमीन को चिह्नित करना है। यहां पर कक्षा-01 से 08 व 09 से 12 के लिए अलग-अलग पुस्तकालय साथ ही कक्षा नौ से इंटरमीडिएट तक रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान की माड्यूलर लैब बनाई जाएगी। खेल का मैदान व ओपन जिम के साथ मल्टीपल एक्टीविटी हॉल, सोलर पैनल, वॉटर प्लांट, मिड-डे-मील किचन व डायनिंग हॉल, वॉशिंग एरिया, अग्नि शमन यंत्र व ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरों की सुविधा भी होगी। इसको लेकर स्कूली शिक्षा महानिदेशालय की ओर से बीएसए को जगह तलाशने के लिए निर्देशित किया गया। मगर छह माह बीतने के बाद भी स्कूल के लिए जमीन नहीं मिल सकी है। पूर्व में शासन की ओर से बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों का जवाब तलब भी किया गया, इसके बाद भी जगह की तलाश पूरी नहीं हो सकी। हालांकि बेसिक शिक्षा विभाग के निर्माण विंग के अनुसार बरखेड़ा में एक जगह देखी गई है। जिसकी जांच पड़ताल चल रही है।

### यह हैं मानक

बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार कंपोजिट स्कूल जिला या तहसील मुख्यालय के समीप होने के साथ जिले के मुख्य मार्ग (नेशनल हाईवे या स्टेट हाईवे) के पास हो। विद्यालय में एक प्रधानाध्यापक कक्ष के साथ न्यूनतम 08 कक्ष पहले से निर्मित हों। विद्यालय पूर्व से चिह्नित अधिकांश 19 मूलभूत सुविधाओं जैसे बालक-बालिकाओं के पृथक प्रसाधन, स्वच्छ पेयजल, हाथ धोने की सुविधा, क्रियाशील विद्युत कनेक्शन, दिव्यांग छात्रों के लिए निर्बाध पहुंच, रसोईघर, कक्षाओं व शौचालयों का टाइलीकरण, सुरक्षित चहारदीवारी तथा बेहतर मुख्यद्वार हो। विद्यालय का भौतिक परिवेश एवं भवन आदर्श स्थिति में हो और न्यूनतम नामांकन 200 से ऊपर हो।

शासन की ओर से मुख्यमंत्री कंपोजिट मॉडल विद्यालय पीलीभीत को मिला है। जिसमें प्री- प्राइमरी से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई कराई जाएगी। भवन के लिए शासन के निर्धारित मानक के तहत जमीन तलाशी जा रही है। कुछ जमीन देखी गई है। जिनका सर्वे कराकर प्रशासन से अनुमति ली जाएगी।
–**अमित कुमार सिंह**, बीएसए

# 22 यार्ड्स जूनियर और सीनियर टीमों ने दर्ज की जीत

**पीलीभीत, अमृत विचार:** जिला स्तरीय यूनिटी कप क्रिकेट लीग के पांचवें दिन रविवार को 22 यार्ड्स जूनियर ने एसएसबी पीलीभीत की टीम को 30 रन से हराकर जीत दर्ज की। अर्चित कटियार को बेहतरीन प्रदर्शन करने पर मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

इनीशियम ग्लोबल स्कूल 22 यार्ड अकादमी मैदान पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 22 यार्डस जूनियर ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 163 रन बनाए। अर्चित ने छह चौके और दो छक्के मारकर 48 रन की पारी खेली। एसएसबी पीलीभीत की टीम लक्ष्य का पीछा करने मैदान पर उतरी लेकिन खिलाड़ी टिक नहीं सके। 18.4 ओवर में 133 रन बनाकर टीम ऑल आउट हो गई। अंपायर की भूमिका जाफर खान व हारून ने निभाई। दूसरे मैच में 22 यार्डस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 198 रन बनाए। जबकि पीलीभीत किंग्स की टीम 98 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इसी के साथ 22 यार्ड्स सीनियर ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अभिजीत को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

# प्रधानमंत्री ने 12 सड़कों का किया वर्चुअली लोकार्पण



लोकार्पण कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 में निर्मित जिले की 12 सड़कों का वर्चुअली लोकार्पण किया। इस दौरान स्थानीय स्तर पर हुए कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि ने शिलापटों का फीता काटकर लोकार्पण किया।

सांसद वरुण गांधी के प्रयास से जिले में 46.75 करोड़ की लागत से 12 सड़कों का निर्माण कराया गया है। इसमें अमरिया से सिरसा-तुमड़िया 6.67 किमी, मझोला-सितारगंज 8.50 किमी, नवादा महेश से इटारा 7.35 किमी, भीखमपुर से मुड़िया भगवंतपुर 13.60 किमी आदि शामिल हैं। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवनिर्मित 12 सड़कों का वर्चुअली लोकार्पण किया।

ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की ओर से स्थानीय स्तर पर बिठौराकलां में हुए कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर एवं सांसद प्रतिनिधि कमलकांत ने शिलापटों का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन को सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में आरईएस के अधिशासी अभियंता राजेश कुमार, सांसद कार्यालय के दीपक पांडेय आदि मौजूद रहे।

### बुआ की शादी के लिए रखे जेवर ले गई किशोरी

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सात मार्च को उनकी पुत्री को शाहजहांपुर का एक युवक अपने दो अन्य साथियों की मदद से बहला फुसलाकर ले गया। किशोरी के घर पर न मिलने पर जब तलाश शुरू की गई तो घटना की जानकारी हुई। किशोरी अपनी बुआ की शादी के लिए घर में रखे सोने के झाले, नथनी, पैंडल, चांदी की पायल और 60 हजार रुपए भी ले गई है। कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं

### बोलेरो की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**गजरौला।** ग्राम बांसबोझ निवासी 30 वर्षीय ईश्वरी दयाल पुत्र फूलचंद साइकिल से रविवार दोपहर बाद धान की पौध लेने गजरौला आ रहे थे। कस्बे में उन्हें बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गए। एंबुलेंस से घायल को जिला अस्पताल भिजवाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसे बरेली रेफर कर दिया गया है।

# फर्जी हस्ताक्षर मामले में सचिव ने नहीं दिया जवाब

संवाददाता, बिलसंडा

- एडीओ पंचायत ने दोबारा नोटिस जारी कर डीपीआरओ को भेजी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** एडीओ पंचायत द्वारा जारी नोटिस का तीन दिन जवाब मांगा गया लेकिन 30 दिन बीतने के बाद भी कोई जवाब नहीं दिया गया। अब दूसरा नोटिस जारी करते हुए डीपीआरओ को रिपोर्ट भेज दी है।

ग्राम पंचायत करेली के एक सदस्य ने इसे लेकर डीपीआरओ से शिकायत की थी। आरोप लगाया था कि अधिकांश ग्राम पंचायतों में बोर्ड की बैठकें ही नहीं हुईं। कहा था कि अगर बोर्ड की बैठक विधिवत हुई होती तो निश्चित रूप से बैठक में शामिल होने वाले सदस्यों को मानदेय दिया जाता, लेकिन ऐसा ग्राम पंचायतों में नहीं हुआ। तीन साल से बोर्ड की बैठकें सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर कर दर्शाने का भी आरोप लगाया था। एडीओ पंचायत हरिश्चंद्र भारती ने करेली के सचिव से इस मामले में नोटिस जारी करते हुए तीन दिन में जवाब मांगा था। मगर सचिव ने जवाब नहीं दिया। इसके बाद उन्होंने 29 फरवरी को दोबारा नोटिस जारी किया है।

ग्राम पंचायत करेली के सदस्य कृष्ण कुमार शर्मा द्वारा शिकायत की गई है। उन्होंने ग्राम पंचायत बोर्ड की बैठकों में शामिल होने वाले सदस्यों को मानदेय न दिए जाने का आरोप लगाया है। मामले की जांच कराई जा रही है। आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। – **अमित कुमार शुक्ला**, खंड विकास अधिकारी बिलसंडा

**तो इसलिए नहीं कार्यों की जानकारी :** वर्ष 2021 में जब ग्राम पंचायतों का चुनाव हुआ था तो दर्जन भर से अधिक ग्राम पंचायतों के प्रधानों को इसलिए शपथ ग्रहण नहीं कराई गई थी, क्योंकि उनकी ग्राम पंचायतों में बोर्ड की बैठक संपन्न होने लायक सदस्य चुनकर नहीं पहुंचे थे। यह अलग बात है कि बाद में कई बार चुनाव प्रक्रिया अपनाई गई। जिसके बाद ही ग्राम पंचायतों के बोर्ड का गठन पूर्ण हो सका। शायद यही वजह है कि सदस्यों को विकास कार्यों की कोई भी जानकारी नहीं है।

# कॅरियर संवारने को विकल्प चुन रहे युवा बैंकिंग तो कोई पॉलिटेक्निक का बना रहा मन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 12वीं के छात्र कॅरियर को लेकर चिंतित, तो दसवीं के छात्र कर रहे घूमने की तैयारी

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं। सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं भी समाप्ति की ओर हैं। इंटरमीडिएट के अधिकांश परीक्षार्थी आराम करने की बजाय नई तैयारियों में जुट हुए हैं। किसी को इंजीनियर बनना है तो कोई डॉक्टर या अधिकारी बनना चाहता है। ऐसे में छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं को पार करना पड़ता है।

हर साल बड़ी संख्या में बच्चे बोर्ड का पेपर देने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बड़े शहरों को चले जाते हैं। यही हाल इस बार भी देखने को मिल रहा है। नौ मार्च को यूपी बोर्ड की परीक्षा समाप्त होने के बाद इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी कॅरियर संवारने के लिए बेस्ट कोर्स की तलाश कर रहे हैं। कोई अपने सहपाठी से पूछ रहा है, तो कोई अभिभावक और परिचितों से जानकारी कर रहा है। आलम यह है कि नीट, आईआईटी, जेई मेंस, आईएएस, पीसीएस, एसएससी जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बड़े शहरों की ओर निकलने की तैयारियों में जुट गए हैं। कोई ऑनलाइन कोचिंग लेने का मन बना चुका है। इतना ही नहीं पॉलिटेक्निक और बैंकिंग सेक्टर की ओर भी छात्र रुख कर रहे हैं। वहीं दसवीं के छात्र-छात्राएं एक्टविटी कोर्स की ओर रुख कर रहे हैं। कोई डांस सीखने का मन बना रहा तो कोई तैराकी में अपना पंजीकरण करने में लगा हुआ है। कोई रिश्तेदारी में घूमने के लिए जाने की प्लानिंग बना चुके हैं।

### पॉलिटेक्निक में तलाश रहे हैं कॅरियर



परीक्षाएं समाप्त हो चुकी है। मेहनत कर परीक्षाएं दी है। उम्मीद है परिणाम अच्छा मिलेगा। अब 12वीं के बाद बैचलर कोर्स के साथ पॉलिटेक्निक करने का प्लान है। इसलिए पॉलिटेक्निक किस ट्रेड से करें। इसको लेकर विचार विमर्श कर रहे हैं। खुद को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ही पॉलिटेक्निक ही बेहतर विकल्प लग रहा है। – **स्पर्श, छात्र**

### बैंकिंग में बनाएंगे कॅरियर



ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज से 12वीं का पेपर इस बार दिया है। बोर्ड परीक्षा में दिन-रात मेहनत कर परीक्षा दी है। 12वीं में कॉमर्स थी। इसलिए बैंकिंग सेक्टर में ही कॅरियर तलाश रहे हैं। रिजल्ट बेहतर आने की उम्मीद है। रिजल्ट आने के बाद बीबीए के साथ बैंकिंग की तैयारी करेंगे। जिसको लेकर कोचिंग सर्च कर रहे हैं, जो ऑनलाइन क्लास दे सके। – **सक्षम, छात्र**

### जेई मेंस पास करना इशिता का सपना



12वीं में पीसीएम की छात्रा हूं। कम्प्यूटर साइंस वोकेशनल के तौर पर है। परीक्षा को लेकर दिन रात तैयारी चल रही है। रिन्यूवल एनर्जी और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम करना चाहती हूं। जेई मेंस पास करना मेरा सपना है। इसको लेकर घर से ही ऑनलाइन तैयारी शुरू कर दी है। – **इशिता गुप्ता, छात्रा**

### बूथों पर पढ़कर सुनाई मतदाता सूची

**पूरनपुर।** स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत नौ एवं 10 मार्च को प्रत्येक बूथ पर ''मैं हूं ना'' कार्यक्रम आयोजित करने के आदेश किए गए थे। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने इसे लेकर ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर के प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम आयोजित करने को निर्देशित किया था। कार्यक्रम के तहत मतदाताओं की जागरुकता के लिए मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जानी थी। जिन व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उनको पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित करने को कहा गया था। इसी क्रम में रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान केंद्र और बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखी गई। अधिकारियों ने बूथों पर जाकर बीएलओ संग मतदाता सूची पढ़कर सुनाई। पूरनपुर के नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित ने घाटमपुर, घुंघचाई, बलरामपुर, लुकटिहाई आदि गांवों के बूथों पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों को मतदाता सूची पढ़कर सुनाई। इसी तरह से अन्य अधिकारी भी जुटे रहे।

# टीसी में जन्मतिथि बदलकर किशोरी को बता दिया बालिग

संवाददाता, बिलसंडा

- मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत, कोर्ट ने लड़की को भेजा नारी निकेतन

**अमृत विचार:** किशोरी को ले जाने के आरोपी को पॉक्सो एक्ट से बचाने के लिए प्राथमिक विद्यालय के एक शिक्षक पर अभिलेखों में हेराफेरी करके टीसी प्रतिवादी पक्ष को उपलब्ध कराने का आरोप लगा है। आरोप है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय और जूनियर हाईस्कूल की टीसी में किशोरी की जन्मतिथि में तीन साल का अंतर है। लड़की को कोर्ट ने नारी निकेतन भेजने के आदेश कर दिए थे। लड़की की मां ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है।

थाना क्षेत्र की एक महिला ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में कहा कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को पड़ोस में रहने वाला एक युवक दो मार्च को बहला फुसलाकर ले गया था। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस ने तीन मार्च को रिपोर्ट दर्ज की लेकिन पाक्सो एक्ट नहीं लगाई। आरोप है कि गांव के ही प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने संबंधित अभिलेखों में हेराफेरी करके पुत्री की जन्मतिथि में तीन वर्ष का अंतर कर दिया। बताया कि प्राथमिक विद्यालय ने हेराफेरी कर टीसी में बेटी की जन्मतिथि 10 जुलाई 2004 दर्शा दी जबकि गांव के ही उच्च प्राथमिक विद्यालय से जारी टीसी में जन्मतिथि सात मई 2007 है। जिसके आधार पर पुत्री की उम्र 16 वर्ष है। पुलिस पर भी आरोप लगाया कि आरोपियों को बचाने के लिए जूनियर हाईस्कूल की टीसी को पुलिस ने कोर्ट में पेश ही नहीं किया। विवेचक हरवंश का कहना है कि पुलिस के स्तर से किसी भी तरह की कोई कोताही नहीं बरती गई है। प्राथमिक विद्यालय से जारी टीसी को ही आधार बनाया गया है।

# विद्याज्ञान स्कूल में पढ़ेगी कैंच की आरुषि

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



छात्रा आरुषि को सम्मानित करते बीएसएस अमित कुमार व डीआईओएस गिरजेश चौधरी।

**अमृत विचार:** कंपोजट स्कूल कैंच में कक्षा पांच की छात्रा आरुषि का चयन विद्याज्ञान स्कूल बुलंदशहर में हुआ है। छात्रा का चयन होने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी और डीआईओएस ने स्कूल पहुंचकर उसे मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

शनिवार को स्वीप कार्यक्रम का अवलोकन करने कम्पोजिट स्कूल कैंच पहुंचे डीआईओएस गिरिजेश चौधरी, बीएसए अमित कुमार सिंह एवं बीईओ शिवशंकर मौर्य ने कक्षा पांच में अध्ययनरत आरुषि को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। छात्रा के पिता राम किशोर ने बेटी की उपलब्धि का श्रेय स्कूल के शिक्षकों पुत्री के कठिन परिश्रम को दिया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सुखराम, वैभव जैसवार, कक्षाध्यापक गिरजेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### तहसीलदार ने गोमती उद्गम पर की सफाई



**माधोटांडा।** कस्बे की गोमती उद्गम स्थल पर गंदगी की भरमार है। रविवार को कलीनगर तहसीलदार वीरेंद्र कुमार टीम के साथ गोमती उद्गम स्थल पर पहुंचे और साफ सफाई की। दूसरों को भी स्वच्छता को लेकर प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लोग पॉलीथिन समेत अन्य चीजें जहां-तहां फेंक देते हैं। इससे पानी की धारा रुक गई है। गोमती उद्गम स्थल पर कुछ दिनों से काफी गंदगी दिखाई दे रही थी। इसे लेकर शिकायतें भी मिली थीं। लोगों से अपील है कि वह भी साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए टीम भी लगाई जाएगी।

### वैनिटी वैन के साथ पीटीआर पहुंचे जर्मनी के दो पर्यटक



**पीलीभीत।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व समेत यहां के पर्यटन स्थल विदेशी पर्यटकों को खासा आकर्षित कर रहे हैं। रविवार को जर्मनी के दो पर्यटक अपनी वैनिटी वैन के साथ पीटीआर पहुंचे। पीलीभीत टाइगर रिजर्व देश के अलावा विदेशियों के लिए सैर-सपाटे का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। प्रकृति को करीब से निहारने के लिए विदेशी पर्यटक पीटीआर में जंगल सफारी करने के साथ महोफ रेंज स्थित इको टूरिज्म स्पॉट चूका बीच में बनी हटों में भी ठहरते हैं। वर्तमान सत्र में अब तक 73 विदेशी पर्यटक यहां आ चुके हैं। रविवार को जर्मनी के हेल्मुट होर्स्ट और पीटर माइकल अलग-अलग वैनिटी वैन से पीटीआर के मुस्तफाबाद रेस्ट हाउस पहुंचे। दोनों पर्यटक वैनिटी वैन में ही रात्रि विश्राम करेंगे। महोफ रेंज के वन क्षेत्राधिकारी सहेंद्र यादव ने बताया कि जर्मनी से दोनों पर्यटक सोमवार को जंगल सफारी करेंगे।

### श्रीखाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव आज

**पीलीभीत।** श्रीश्याम मंडल युवा कमेटी की ओर से सोमवार शाम यशवंतरी देवी मंदिर परिसर में श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव आयोजित किया जाएगा। जिसमें भजन गायक श्री खाटू श्याम के भजन सुनाएंगे। आयोजन समिति के सदस्य सभासद शिवम श्रीवास्तव ने बताया कि मंदिर प्रांगण में तैयारी की गई है। इसके लिए 11 मार्च को यह कार्यक्रम शाम सात बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगा। श्री श्याम मंडल युवा कमेटी पीलीभीत के विशाल सक्सेना, नरेश कठेरिया, सागर सैनी, अर्पित शुक्ला, रजत मौर्य, शुभम मौर्य, दीपक मौर्य, तरुन शुक्ला, राजेश कुमार, हरवंश, विकास कुमार आदि यशवंतरी देवी मंदिर मैदान में कार्यक्रम की तैयारी में जुटे रहे।

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सम्पर्क करें : 9058575790 8077383286
● चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
● बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
● बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
● महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
● बवासीर, फिशर
● मानसिक रोग (डिप्रेशन)
● चेहरे के कील, मुहांसे
● मिर्गी
● माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
● ब्लड प्रेशर, शुगर
● सियाटिका का दर्द
● मानसिक दुर्बलता
● मोटापा
● पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
● साइनस
● टॉसिंल का बढ़ जाना
● थायराइड
● जोड़ों का दर्द
● गुप्त रोग
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय : सोमवार से शनिवार
प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार 12 बजे से 2 बजे तक

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY — अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE — DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)



Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली
अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

### बसपा प्रमुख मायावती ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी को बीसलपुर भेज कराई घोषणा, समर्थकों ने जताई खुशी

# बसपा ने फिर फूलबाबू पर जताया विश्वास, घोषित किया प्रत्याशी

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पीलीभीत-बहेड़ी सीट पर सबसे पहले बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी की घोषणा कर दी गई है। एक बार फिर पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू पर बसपा ने विश्वास जताया है। उनके प्रत्याशी होने की घोषणा कार्यकर्ता सम्मेलन में आए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी राजकुमार गौतम ने की।



पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू का स्वागत करते कार्यकर्ता।

नगर के शफी डिग्री कॉलेज में रविवार को बसपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी राजकुमार गौतम रहे। उन्होंने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने पूर्व मंत्री फूलबाबू पर विश्वास जताते हुए पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट का बीएसपी प्रत्याशी घोषित किया है। इस घोषणा के साथ ही कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारियों में जुटने के लिए कहा गया। पूर्व मंत्री ने भी संबोधन कर भाजपा सरकार पर सियासी वार किए। सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भगवान सिंह गौतम जबकि संचालन रामसनेही गौतम व विधानसभा अध्यक्ष पुत्तूलाल ने किया। इस मौके पर बरेली मंडल के प्रभारी ब्रह्म स्वरूप सागर, मुन्नालाल कश्यप, चंद्रशेखर आजाद, रमेश शुक्ला, सफी शमसी, देव रतन शुक्ला, निर्देश दीक्षित, सुरेश चंद्र, हसन रजा खां, इशरत खां आदि मौजूद रहे।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पीलीभीत-बहेड़ी सीट पर बसपा के प्रत्याशी अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू की घोषणा की गई है।

#### तीन बार पहले भी आजमा चुके किस्मत

बीसलपुर विधानसभा सीट से विधायक और बसपा सरकार में मंत्री रहे अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू पहले भी बसपा के टिकट पर तीन बार लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। बताते हैं कि वह 1999 के चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे थे। 2004 और 2014 के लोकसभा चुनाव में वह तीसरे नंबर पर आए। अब एक बार फिर लोकसभा चुनाव में हाथी की सवारी करेंगे।

# इंसानों की जान ले रहे बाघ, दोनों प्रभागों में डीएफओ की कुर्सियां खाली, वनकर्मी बेपरवाह

### पीटीआर में डीडी व सामाजिक वानिकी में डीएफओ के स्थानांतरण के बाद नहीं हुई किसी की तैनाती

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व से बाघों के बाहर निकलने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। पिछले दो माह के भीतर बाघ के हमलों में तीन लोग जान भी गंवा चुके हैं। इसके बावजूद वन महकमा कितना गंभीर है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वन महकमे के दोनों प्रभाग बिना जिम्मेदार अफसरों के ही चल रहे हैं। दोनों ही प्रभागों में गैर जनपदों में तैनात डीएफओ को अतिरिक्त चार्ज देकर काम चलाया जा रहा है। डीएफओ के न होने से वनकर्मी भी बेपरवाह हो गए हैं।

पीटीआर के डीएफओ नवीन खंडेलवाल का स्थानांतरण एक फरवरी को सामाजिक वानिकी प्रभाग सीतापुर में कर दिया। उनके स्थान पर इटावा लायन सफारी की डायरेक्टर दीक्षा भंडारी को भेजा गया था, लेकिन उन्होंने यहां का चार्ज नहीं लिया। ऐसे में अब नवीन खंडेलवाल एक फरवरी से सीतापुर के साथ-साथ पीटीआर की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। कमोवेश यही हाल





पीलीभीत टाइगर रिजर्व का गेट।

- **गैर जनपदों में तैनात डीएफओ से चलाया जा रहा काम, दो माह में बाघ के हमले में तीन लोग गंवा चुके हैं जान**

सामाजिक वानिकी प्रभाग का भी है। यहां डीएफओ संजीव कुमार के तबादले के बाद डीएफओ आरके सिंह को भेजा गया था। विवादित कार्यशैली के चलते करीब दो महीने बाद ही शासन ने 10 फरवरी को उन्हें प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय लखनऊ से संबद्ध कर दिया। बरेली के डीएफओ समीर कुमार को यहां का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। यह दोनों अफसरों दो-दो जगहों का चार्ज संभाल रहे हैं। स्थाई डीएफओ की तैनाती को लेकर स्थानीय वन अफसरों द्वारा शासन को पत्राचार भी किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया है।

#### और भी बिगड़ सकती है स्थिति

बाघों के लिहाज से पीटीआर के साथ-साथ इन दिनों सामाजिक वानिकी प्रभाग भी संवेदनशील माना जा रहा है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वर्तमान में 73 बाघ हैं। वहीं जानकारों की मानें तो पूरे जंगल में सौ से अधिक बाघ हैं। बाघों की बढ़ती संख्या और जंगल के सिकुड़ते दायरे के चलते पीटीआर के बाघ तेजी से बाहर निकल रहे हैं। बाघों के जंगल से बाहर निकलने से मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में भी तेजी से इजाफा हुआ है। बीते दो माह में बाघ के हमलों में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। गांव पंडरी में 19 फरवरी को बाघ हमले में युवक की मौत के बाद ग्रामीणों ने जमकर बवाल किया था। हालांकि उस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अफसरों ने जैसे-तैसे स्थिति को संभाल लिया था। वर्तमान में महोफ एवं माला रेंज से सटे रिहायशी इलाकों में बाघों की मौजूदगी बनी हुई है। इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की आशंका बनी हुई है।

#### 73 हजार हेक्टेयर में फैला है जंगल

पीलीभीत टाइगर रिजर्व 73 हजार हेक्टेयर में फैला हुआ है। इसमें माला, महोफ, बराही, हरीपुर एवं दियूरिया वन रेंज शामिल हैं। इसमें 60279 .80 हेक्टयेर कोर एरिया और 12745 .18 हेक्टयेर में बफर क्षेत्र शामिल है।

> पीटीआर व सामाजिक वानिकी प्रभाग में डीएफओ की स्थाई तैनाती को लेकर शासन से लगातार पत्राचार किया जा रहा है। शासन से रिक्वेस्ट की गई है। उम्मीद है कि इसको लेकर शासन द्वारा जल्द ही कोई निर्णय लिया जाएगा।
>
> – **विजय सिंह**, फील्ड डायरेक्टर, पीटीआर

#### वर्ष 2024 में इन्होंने गंवाई जान

05 जनवरी – स्वरूप सिंह, पुरैनी दीपनगर
30 जनवरी– गंगाराम, जमुनियां
19 फरवरी– पंकज, पंडरी

# तीन बच्चों को टक्कर मारकर पलटी कार, दो बच्चे गंभीर

संवाददाता, बरखेड़ा

- **महिला राहगीर की हादसा देख बिगड़ी तबीयत, सीएचसी में कराया भर्ती**
- **पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर पतरसिया गांव के पास हुआ हादसा**

**अमृत विचार:** खेत के पास खड़े तीन बच्चों को टक्कर मारकर अनियंत्रित कार पलट गई। दो बच्चों की हालत नाजुक बनी हुई है। कार छोड़कर उसका चालक भाग गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई। कार को कब्जे में ले लिया है।

हादसा बीसलपुर -पीलीभीत मार्ग पर रविवार सुबह पतरसिया गांव के पास हुआ। गांव के रघुवीर और लीलाधर के खेत नजदीक में है। उसमें लाही की फसल है। फसल की रखवाली करने के लिए लीलाधर का पुत्र सुधीर (12) और रघुवीर का पुत्र रोहित (8) खेत के पास था। गांव के ही हरपाल का बेटा सुरदीप (6) भी वहां आ गया। खेत मुख्य मार्ग के किनारे हैं। तीनों बच्चे खेत के पास सड़क किनारे खड़े हुए थे। सुबह करीब दस बजे बीसलपुर की तरफ से आ रही एक कार किसी वाहन को बचाने के चक्कर में तीनों बच्चों को टक्कर मारते हुए खाई में पलट गई। कार का चालक कूदकर भाग गया। कुछ ही देर में मौके पर ग्रामीण जमा हो गए। घायल रोहित और सुधीर को कस्बा बरखेड़ा के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां से रेफर किए जाने पर पीलीभीत के निजी अस्पताल भर्ती कराया है। वहीं, सुरदीप को सीएचसी से रेफर किए जाने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। दरोगा लखपत सिंह ने बताया कि कार को कब्जे में ले लिया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

उधर, बरेली जिले के थाना हाफिजगंज क्षेत्र के ग्राम खाता निवासी रिंकी अपने पति श्यामबाबू के साथ बाइक से बिलसंडा क्षेत्र के लिलहर गांव जा रही थी। पतरसिया गांव के पास पहुंचते ही उनके सामने हादसा हुआ। बताते हैं कि कार की टक्कर लगने के बाद बच्चे उछलकर काफी दूर जा गिरे। यह दृश्य देख रिंकी की तबीयत बिगड़ गई। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। करीब दो घंटे बाद कुछ सुधार होने पर महिला पति संग चली गई।

# नशे में युवक ने फूंक दिया अपने ही घर का सामान



आग से जला सामान। के • अमृत विचार

**पूरनपुर, अमृत विचार:** नशे की हालत में एक युवक ने अपने ही घर के सामान में आग लगा दी। आग की लपटें उठने पर शोर मचा तो ग्रामीण जमा हुए और बमुश्किल आग पर काबू किया जा सका। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। घटना कोतवाली क्षेत्र के गांव घुंघचिहाई की है। यहां का रहने वाला एक युवक शराब का नशा अधिक करता है। इस आदत से परेशान होकर कुछ दिन पहले उसकी पत्नी बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। रविवार को युवक ने पहले शराब पी और नशा चढ़ने के बाद मोहल्ले में उत्पात मचाता रहा। उसके बाद अपने ही घर में रखे सामान में आग लगा दी। कुछ देर में ही बेड और कपड़े जलने लगे। आग लगने का शोर मचा तो आसपास के ग्रामीण जमा हो गए। उस वक्त युवक घर के बाहर सड़क पर आकर लेट गया। ग्रामीणों ने पानी डालकर बमुश्किल आग पर काबू पाया।

# कंपनी बनाकर धोखाधड़ी करने वाले पिता-पुत्र पर एफआईआर

संवाददाता, दियोरियाकलां

- **दियोरियाकलां कोतवाली पुलिस ने एसपी के आदेश पर की कार्रवाई**
- **कंपनी में एजेंट बनाकर कई लोगों से जमा कराई रकम वापस मांगने पर की अभद्रता**

**अमृत विचार:** कंपनी बनाकर धोखाधड़ी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने एसपी के आदेश पर आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव माधौपुर निवासी ज्ञानेंद्र कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गांव में हिंदुस्तान एनर्जी सेवर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से एक कंपनी बीते साल संचालित की गई थी। जिसके डिस्ट्रीब्यूटर संतोष कुमार और उसका पुत्र विनय कुमार थे। कंपनी में वह बतौर एजेंट काम करते थे। उन्हें कमीशन दिया जाता था।

कंपनी की ओर से विद्युत मित्रकार्ड एवं ओजोन मित्रा इलेक्ट्रिक स्कूटी के नाम स्कीम शुरू की गई। बताया था कि विद्युत मित्र कार्ड का कैशबैक दो हजार रुपये प्रतिमाह दस साल तक अकाउंट में आएगा। ओजोन मित्रा इलेक्ट्रिक स्कूटी का कैशबैक 32 हजार रुपये प्रति माह तीन साल तक खाते में पहुंचने का भरोसा दिलाया था। कहा था कि अगर कंपनी चली जाएगी तो सारा पैसा पिता-पुत्र खुद देंगे। इसके बाद लोगों से धनराशि जमा कराई गई। पीड़ित दो महीने तक कैशबैक का इंतजार करते रहे। इसके बाद आरोपियों के पास गए और कहा कि दो महीने से कैशबैक नहीं आया है तो आरोपियों ने कंपनी के भागने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। फिर कई दिन तक टरकाते रहे। जब दोबारा रुपये मांगने गए तो गाली गलौज कर अभद्रता की। ज्ञानेंद्र ने बताया कि गांव के ही पीड़ित सर्वेश कुमार के खाते में कंपनी द्वारा 25500 रुपए एक बार डाले गए उन्हें भी आरोपियों ने जालसाजी कर निकाल लिया। कोतवाल उमेश सिंह सोलंकी ने बताया कि धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

#### किसने-कितने जमा किए रुपये

जालसाजों की बातों में फंसकर मधवापुर गांव निवासी ज्ञानेंद्र कुमार ने 51 हजार, सुधा सिंह ने 59 हजार, सर्वेश कुमार निवासी खरदाह ने 5 .40 लाख, अमित कुमार, राकेश कुमार निवासी बड़ागांव, हंसनी गंगवार निवासी मोहल्ला गोपाल सिंह ने 15-15 हजार रुपये जमा किए थे।

**तैयारी** डेयरियों को लेकर नगर पालिका ने तैयार की रणनीति, कराया जा रहा सर्वे, जल्द लागू होगी योजना

# डेयरी पर गोबर उठाने पहुंचेगी ट्रॉली, देना होगा यूजर चार्ज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर के बीचों-बीच घनी बस्तियों में संचालित डेयरियों से स्थानीय लोगों को हो रही दिक्कत से निजात दिलाने की अब नगर पालिका ने प्लानिंग तैयार की है। खुले में लगे गोबर के ढेर और नालियों को साफ रखने के लिए अब डेयरी संचालकों से मासिक शुल्क लेकर नगर पालिका प्रतिदिन गोबर का उठान कराएगी। शहर में संचालित होने वाली डेयरियों पर नगर पालिका की ट्रैक्टर-ट्रॉली पहुंचेगी और गोबर का उठान करेगी। इसके एबज में डेयरी संचालक को पालिका को चार्ज देना होगा। पालिका का दावा है इस योजना से काफी हद तक शहर के लोगों को गदंगी से निजात मिलेगी।

शहर के अधिकांश मोहल्लों में डेयरियां संचालित की जा रही हैं। नगरपालिका के आंकड़ों के अनुसार शहर में 153 डेयरियां पंजीकृत हैं। हालांकि वर्तमान में संख्या और बढ़ चुकी है। कई डेयरियां बिना पंजीकरण के चल रही हैं। शहर में संचालित होने वाली डेयरियों से शहरवासियों को काफी दिक्कतों का सामना पड़ता है। डेयरी संचालक पशुओं को सड़कों पर छुट्टा छोड़ देते हैं, जिससे राहगीर आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं। वहीं गोबर को पशुपालकों द्वारा तबेले के आस-पास खुले इकट्ठा कर दिया जाता है या फिर नालियों में बहा दिया जाता है, जिससे नाले-नालियां चोक हो जाती हैं। सड़कों पर भी दिन भर गोबर फैला रहता है। मच्छरों की भी भरमार रहती है।



शहर में घनी आबादी के बीच संचालित डेयरी। • अमृत विचार

चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने बताया कि गोबर की समस्या को लेकर नगर पालिका की ओर से कूड़े के अलावा अलग से दो ट्रैक्टर-ट्रॉली गोबर उठान के लिए लगाई जाएंगी। जिन पर अलग कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। ये कर्मचारी सिर्फ डेयरियों से गोबर का उठान करेंगे। इसके लिए डेयरी वालों को एक निर्धारित समय दिया जाएगा। इसी बीच नगर पालिका की ट्रॉली गोबर लेने के लिए जाएगी। शहर से एकत्र गोबर का निस्तारण नगर पालिका कराएगी। इसके लिए डेयरी संचालकों से नगर पालिका टैक्स के अलावा गोबर उठाने का यूजर चार्ज वसूलेगी। साथ ही एक टीम बनाई जाएगी, जो गोबर उठाने के बाद उन स्थानों को चेक करेगी कि कहीं नालियों में गोबर तो नहीं बहाया जा रहा है। अगर गोबर नालियों में मिलता है तो डेयरी संचालक पर कार्रवाई की जाएगी।

- **प्रतिदिन होगा गोबर का उठान, नाली में मिली गंदगी तो होगी कार्रवाई**

> आबादी के बीच संचालित डेयरियों को लेकर शिकायतें मिल रही थी। इसी को लेकर गोबर उठान की रणनीति बनाई गई है। जल्द ही इस योजना को लागू किया जाएगा। सर्वे कराकर डेयरियों की सूची बनवाई जा रही है। जो डेयरी पंजीकृत नहीं है, उन्हें भी पंजीकृत भी कराया जाएगा। डेयरी में पशुओं की संख्या के हिसाब से शुल्क तय किया जाएगा।
>
> – **डॉ .आस्था अग्रवाल**, चेयरमैन-नगर पालिका पीलीभीत

Affiliation No. 2133588 School No. 71740
CBSE Board New Delhi
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY





For the bright future of your child join
ADMISSION OPEN
Play Group to 10th
Salient Features
• Rich Library and well equipped Chemistry Lab • Physics Lab, Bio Lab. and Computer Lab • Well Decorated Pre-Nursery wing for little Angles • Smart Badminton & Volleyball • Creative and innovative method of teaching • Ventilated and Spacious Class Rooms • Experienced, dedicated & Caring staff • Emphasis on Co-Curricular activities • Ideal Infrastructure • Special Classes for weak Students • Regular Parent-Teacher meeting • Monthly test for all subject and classes
Transport Facility on all Existing Routes.
Vision
Aim at Providing of fun filled & joyful learning experience so that the child can achieve success during the later period of their life.



Raghuveer Singh Yadav
Director
Esteemed Branches
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Behjan Road, Goomchini, Lakhimpur-Kheri
Contact No. : 9161307744, 9450218375
e-mail : vgsagoomchini@gmail.com
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Ram Nagar Colony, Lakhimpur-Kheri
Contact No. 9648812666, 9598578916
Web : www.vivekgyansthaliacademy.com

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल
(काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

जंगल से बाहर आ रहे बाघ ग्रामीणों के लिए बने बड़ा खतरा, गन्ने में बना लिया स्थाई आशियाना

# मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने में बेबस डीटीआर और वन विभाग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- 2023 में बाघ के हमले से 10 ग्रामीणों ने गंवाई जान, 40 दिन में चार बाघों की हुई थी मौत
- इस साल भी अब तक बाघ दो लोगों की ले चुके जान

**अमृत विचारः** मानव और वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं रोकना डीटीआर और वन विभाग के लिए बड़ी चुनौती है। साल 2023 में बाघों के हमले में 10 किसानों ने जान गंवाई। वहीं आठ माह पहले 40 दिन में चार बाघों की मौत हो गई थी। जंगल से बाहर आ रहे बाघ लोगों के लिए खतरा बने हैं। मानव का जंगल और उसके किनारे दखल बढ़ने के अलावा बाघों की संख्या बढ़ना भी वजह माना जा रहा है।

नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी की पॉपुलेशन हैबिटेट वायबिलिटी एनालिसिस के अनुसार 80-100 बाघों की आबादी के लिए 800-1200 वर्ग किमी की जगह की जरूरत होती है, जिसमें कम से कम 20 प्रजनन करने वाली मादाएं होनी चाहिए। दुधवा टाइगर रिजर्व का कुल क्षेत्रफल 2200 वर्ग किलोमीटर है, जिसमें 9900 हेक्टेयर पर अतिक्रमण है। रिपोर्ट के अनुसार टाइगर रिजर्व क्षेत्र में अधिकतम 180 बाघ रह सकते हैं, जबकि अभी इनकी संख्या 153 है। इनके अलावा तमाम बाघ जंगल के बाहर खेतों में स्थाई रूप से डेरा जमाये हैं। वन्य जीव विशेषज्ञों के अनुसार करीब 37 प्रतिशत बाघ गन्ने के खेतों में आशियाना बनाए हैं। जन्म लेने वाले शावक इन्हें ही अपना स्थायी आवास मानकर यहीं रहते हैं। इसलिए इन्हें शुगर केन टाइगर के नाम से जाना जाता है। जंगल के अंदर तो वन विभाग द्वारा कैमरा लगाकर बाघों की गणना कर ली जाती है, किंतु इन बाघों की गणना न होने से बाघों की वास्तविक संख्या सामने नहीं आ पा रही है।

**चार बाघों की मौत से नप गए थे एफडी-डीएफओ :** साल 2023 के अप्रैल, मई -जून में 40 दिन में चार बाघों की मौत से डीटीआर के फील्ड डायरेक्टर बी. प्रभाकर बफर जोन के डीएफओ सुंदरेशा को जिले से हटा दिया गया था। दुधवा टाइगर रिजर्व बफरजोन की मैलानी, उत्तर निघासन रेंज के अलावा किशनपुर सेंक्च्युरी की मैलानी वन्य जीव विहार रेंज में तीन बाघों की मौत आपसी संघर्ष में और एक बाघ की बीमारी से मानी जा रही हे। यही वजह है कि वन अधिकारियों पर कार्रवाई की गई थी।

> मानव-वन्यजीव संघर्ष एक बड़ी समस्या है, हालांकि निरंतर इसे रोकने के प्रयास विभाग की ओर से किए जाते हैं। जंगल के किनारे के गांवों में लोगों को बाघ के हमले से बचाव के लिए समय-समय पर जागरूक किया जाता है। इसके अलावा जंगल किनारे तार फेंसिंग का प्लान तैयार है, लेकिन मामला कोर्ट में होने के कारण इसे नहीं कराया जा सका।
> -ललित वर्मा, एफडी, दुधवा टाइगर रिजर्व।

### चार बाघ मरे

- 21 अप्रैल 2023- मैलानी रेंज की सलेमपुर बीट में बाघ की मौत
- 21 मई 2023- उत्तर निघासन रेंज की लद्वौआ बीट में बाघ की मौत
- 03 जून 2023- मैलानी रेंज की ग्रंट नंबर तीन बीट के रामपुर ढकैया गांव में मृत अवस्था में बाघिन मिली थी
- 09 जून 2023- किशनपुर सेंक्च्युरी की मैलानी वन्य जीव विहार रेंज में एक तालाब ने नर बाघ का शव मिला

### 2023 में बाघ के हमलों में मरने वाले किसान

- 31 मार्च 23 – बाबापुरवा गांव निवासी किसान प्रीतम सिंह को खेत में रखवाली करते समय मार डाला।
- 18 अप्रैल 23 – खैरटिया के नया पिंड निवासी किसान हरमीत सिंह को खेत में निवाला बनाया।
- 23 अप्रैल 23 – गांव सनखेड़ा निवासी आकाश को मार डाला।
- 29 मई 23 : बाघ ने कठौहा में खेत देखने गए गांव निवासी किसान जगदीश को निवाला बनाया।
- 08 जून 23- मझरा पूरब के गांव औधसिया निवासी शिवकुमार को गन्ने के खेत में घास काटते समय मार डाला।
- 12 जुलाई 23- लक्ष्मीपुर के बाबूराम की बाघ के हमले से मौत।
- 18 जुलाई 23- उदयपुर के रोहित कुमार की बाघ के हमले में मौत।
- 29 अक्टूबर 23- बाकरगंज के वीरपाल की बाघ के हमले से मौत।
- 27 नवंबर 23- बेलवा के राजेश वर्मा की बाघ हमले में मौत।
- 7 दिसंबर 23- ग्राम पंचायत खैरेटिया के मजरा गांव नया पिंड निवासी भोला सिंह को मवेश चराते समय मार डाला।

### इस साल दो दिन में बाघ के चार हमले

इस साल 28 फरवरी को दक्षिण खीरी वन प्रभाग गोला रेंज जंगल से गुजरे कुकरा-गोला मार्ग पर पश्चिम बीट कंपार्टमेंट एक में बाघ के हमले से युवक की मौत हो गई थी। इसी दिन मोहम्मदी रेंज क्षेत्र के बोझवा गांव में गन्ना छील रहे मजदूर मातादीन (40) पर बाघ ने हमला कर दिया, जो गंभीर घायल हो गया। 29 फरवरी को मोहम्मदी रेंज क्षेत्र के बोझवा गांव में ही श्रमिक मुकेश कुमार के गर्दन पर हमला कर दिया है। गनीमत रही कि उसकी जान बच गई। इसी दिन बाघ ने बाबा की कुटी के पास गांव खैरटिया निवासी जग्गा सिंह की भैंस को निवाला बना डाला।

# शीरे के टैंक में गिरकर मजदूर की मौत

## भाई के साथ ठेके पर काम करता था युवक, हादसे के बाद परिवार में मचा कोहराम

कार्यालय संवददाता, लखीमपुर खीरी

- गांव मुस्करा के 35 लोग बबलू ठेकेदार के साथ आए थे

**अमृत विचारः** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र की एक क्रेशर में रविवार को काम करते समय एक ठेका मजदूर गर्म शीरे में के टैंक में गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही झुलसकर मौत हो गई। मजदूर जनपद बदायूं के थाना कादरचौक के गांव मुस्करा का रहने वाला था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बदायूं जिले के थाना कादरचौक के गांव मुस्करा निवासी हसीब (20) पुत्र सफाहित अपने गांव के अन्य मजदूरों के साथ कोतवाली धौरहरा क्षेत्र में निघासन-सिसैया मार्ग किनारे स्थिति शिव-पार्वती शुगर मिल (क्रेशर) पर ठेके पर मजदूरी करता था। रविवार की सुबह हसीब अपने एक साथी के साथ गन्ने का रस पीने टैंक तक गया था। बताते हैं कि वहां रस पीने के बाद दोनों ने डिब्बे में रखने के लिए गन्ने का रस भरा। इसके बाद डिब्बे को बांधने के लिए कोई बोरी तलाश करने के लिए हसीब शीरे के टैंक पर चढ़ गया। वहां पैर फिसलने से वह टैंक में गिर गया। हादसे के बाद मजदूरों और कर्मचारियों के बीच अफरा-तफरी मच गई। शोर-शराबा होने पर तमाम अन्य मजदूर मौके पर पहुंच गए और शीरे में गिरे हसीब को जब तक साथी बाहर निकलाते इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। इससे क्रेशर मालिकानों में हड़कंप मच गया। सूचना पुलिस को दी गई। सीओ पीपी सिंह और कोतवाल दिनेश सिंह फोर्स के साथ पहुंचे। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। सीओ ने बताया कि मृतक हसीब के घर वालों को हादसे की सूचना दी गई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर देते मिलने पर रिपोर्ट दर्ज होगी।

बदायूं के थाना कादरचौक के गांव मुस्करा निवासी रफाकर ने बताया कि उसे, उसके छोटे भाई हसीब और गांव के करीब 35 साथियों को बबलू ठेकेदार गन्ना सीजन शुरू होने के समय नवंबर में लेकर आया था। तभी से हम यहां काम कर रहे थे।



मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार



इसी टैंक में गिरकर हुई युवक की मौत।

# बिजली विभाग के जेई ने किशोरी से की छेड़छाड़

संवाददाता, पलियाकलां

- सीओ की जांच में मामला सही मिलने पर जेई समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** चंदन चौकी क्षेत्र की एक किशोरी ने बनकटी बिजली उपकेंद्र पर तैनात जेई और दो लोगों पर मीटर चेक करने के बहाने छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था और मामले की तहरीर सीओ को दी थी। जांच में प्रथम दृष्टया मामला सही मिलने पर चंदन चौकी पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

चंदनचौकी क्षेत्र की एक किशोरी ने दो दिन पहले बनकटी के जेई राजकुमार व उनके दो सहयोगियों आकाश व कपूर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। किशोरी का कहना था कि जेई अपने दोनों सहयोगियों के साथ उसके घर आए। मीटर चेक करने की बात कहते हुए घर में घुस गए और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। उसने चंदन चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर किशोरी ने घटना को लेकर अपना एक वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया था। वीडियो में उसने अधिकारी पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाने के साथ कुछ लोगों के उनके साथ होने की भी बात कही थी। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने मामले को संज्ञान में लिया और सीओ यादवेंद्र यादव को जांच दी थी। जांच में मामला प्रथम दृष्टया सही मिलने पर चंदनचौकी कोतवाली पुलिस ने आरोपी जेई राजकुमार, आकाश व कपूर राना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पलिया सीओ यादवेंद्र यादव ने बताया कि किशोरी की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बिजली विभाग की तरफ से भी विभागीय कार्रवाई के लिए गोला की एक टीम जांच के लिए बनाई गई है। आरोपी जेई राजकुमार का कहना है कि उन पर लगाए गए आरोप झूठे हैं। उन्होंने कोई छेड़छाड़ नहीं की है।

## मंडलीय अध्यक्ष बने ओपी व मंत्री बने आदित्य

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** ऑल इंडिया पोस्टल इंप्लाइज यूनियन का द्विवार्षिक अधिवेशन रविवार को शहर में हुआ। संरक्षक आरएल मिश्रा ने बताया कि मंडलीय अधिवेशन में ओपी वर्मा को मंडलीय अध्यक्ष व आदित्य प्रकाश को मंडलीय मंत्री चुना गया। संगठन के लोगों ने अजय यादव को उपाध्यक्ष, पुष्पेंद्र यादव व नेहा सिंह को सहायक मंत्री, प्रेमचंद मौर्य को कोषाध्यक्ष, उमंग सचदेवा को सहायक कोषाध्यक्ष, चंद्रशेखर को संगठन मंत्री और कमालुद्दीन को ऑडिटर व शशांक वर्मा, केके राठौर, अरुण कुमार, अखिलेश पांडेय, मोहित गुप्ता को सदस्य बनाया गया। अधिवेशन में संरक्षक आरएल मिश्रा सहित कई डाकघर के कर्मचारी मौजूद रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## विधायक ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन



एएनएम सेंटर का उद्घाटन करते विधायक अमन गिरि। ● अमृत विचार

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव भुडवारा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर एएनएम सेंटर का उद्घाटन विधायक अमन गिरि ने फीता काटकर किया।

गोला क्षेत्र के गांव भुड़वारा में बने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का रविवार को विधायक अमन गिरि ने फीता काटकर उद्घाटन किया। आरोग्य मंदिर में 60 साल से ऊपर के लोग अपने आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन कर सकेंगे। इस सेंटर पर बच्चों के टीकाकरण की भी व्यवस्था रहेगी। प्रधान प्रतिनिधि अतहर अली, सचिव धर्मेंद्र कुमार, अल्ताफ अंसारी, दुर्गेश कटियार, ईश्वेंद्र वर्मा, महेंद्र कुमार, आसिफ अली, फैजन खान, इकबाल खान, रामऔतार पुजारी, ब्रह्मदीन, रामऔतार वर्मा, इमरान अली, संतराम, अलीम, नसीर अहमद आदि मौजूद रहे।

### दीपक ने खाया जहरीला पदार्थ, रेफर

**गोला गोकर्णनाथ।** मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम दुलारेपुर निवासी दीपक (19) पुत्र प्रमोद कुमार ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार वाले उसे सीएचसी लाये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर भांपकर डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

# कार्य के समय सुरक्षा का भी रखें ध्यान

संवाददाता, पलिया कलां

- बजाज हिंदुस्तान चीनी मिल के सुरक्षा सप्ताह के समापन पर बोले यूनिट हेड

**अमृत विचारः** बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल लिमिटेड में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का रविवार को समापन हो गया। समापन समारोह में मिल के सभी कर्मचारी, अधिकारी एवं संविदा कर्मचारियों ने भाग लिया। चीनी मिल के इकाई प्रमुख ओपी चौहान ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी कर्मचारी अपनी सुरक्षा का ध्यान रखकर कार्य करें।

यूनिट हेड ओपी चौहान ने कहा कि हम सबका दायित्व है कि अपने कार्य क्षेत्र में सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के ऊपर ध्यान दें। इसके लिए सबसे आसान उपाय ट्रेनिंग व सेमिनार के जरिए दिया जाता है। सुरक्षा तकनीकी का ज्ञान सभी साथियों को देना नैतिक जिम्मेदारी है। जिसका हमें पालन करना चाहिए। यूनिट हेड ने सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को शपथ दिलाई कि कारखाने का लक्ष्य 0 एक्सीडेंट हो। चीनी मिल श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि हम सभी श्रमिकों को सबसे पहले अपनी सुरक्षा करनी होगी। मिल के अंदर कार्य करते समय हमें जूते, हेलमेट आदि का प्रयोग करना चाहिए। कार्य के समय ढीले वस्त्र जैसे धोती व मफलर आदि का प्रयोग न करें।

कार्य को जल्दबाजी में करके स्वयं को नुकसान न पहुंचाएं। समापन समारोह पर सुरक्षा सप्ताह के अंत में विभिन्न सुरक्षा संबंधी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर हरिपाल सिंह, संजीव दुबे, राजीव तोमर, यूके पांडेय, हरीश ज्याला, राजीव दूवे, मनोज मिश्रा,सतीश श्रीवास्तव, प्रभाकर गोयल, वैभव सिंह सहित तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। सुरक्षा संबंधी प्रतियोगिताओं में लेखन पोस्टर, स्लोगन तथा क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विजयी प्रतिभागियों को यूनिट हेड ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।




मिल के एक सुरक्षा कर्मी को पुरस्कृत करते यूनिट हेड ओपी चौहान। ● अमृत विचार

## पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार चाकू बरामद

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** कोतवाली तिकुनियां की बेलरायां चौकी प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि वह गश्त पर थे। इसी बीच उनकी नजर तकिया पुरवा मोड़ पर स्थित ईदगाह के पास खड़े गांव तकियापुरवा निवासी सोनू उर्फ शानू पर पड़ी। पुलिस को आता देख युवक ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ है। कोतवाली तिकुनियां पुलिस ने चौकी इंचार्ज की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उसका चालान भेजा है।

# निकाय परिषद उत्तर प्रदेश संगठन की अध्यक्ष बनीं डॉ. इरा श्रीवास्तव




नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव का फूल माला पहनाकर स्वागत करते पदाधिकारी।

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** लखनऊ के एक होटल में रविवार को स्थानीय निकाय परिषद उत्तर प्रदेश संगठन का गठन किया गया।

इसमें लखीमपुर नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव को सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष और गोला नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू को कोषाध्यक्ष चुना गया। जबकि उपाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल (कोशीकला-मथुरा), उपाध्यक्ष नेहा अवस्थी (सीतापुर) व रामजी गुप्ता (बांगरमऊ-उन्नाव), महासचिव श्याम सुंदर केशरी (मिर्जापुर), महासचिव राजकुमार मौर्य (फतेहपुर), संगठन मंत्री आबिद अली (आंवला बरेली और सचिव प्रेमलता राठौर (नवाबगंज बरेली) एवं जितेन्द्र कुमार गुप्ता गोपीगंज भदोही को बनाया गया। पहली बैठक में में निकाय व संगठन को और मजबूत करने पर विचार विमर्श हुआ।

## विशाल भंडारे के साथ खाटू श्याम महोत्सव संपन्न

**पलिया कलां, अमृत विचार :** शुक्रवार को नगर में निकली भव्य निशान शोभायात्रा से आरंभ खाटू श्याम महोत्सव का भव्य भजन संध्या के बाद को समापन हो गया। इस दौरान विशाल भंडारा आयोजित हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बिहार एवं सीतापुर से आए प्रसिद्ध भजन गायकों ने खाटू श्याम बाबा पर आधारित भजनों को गाकर सैकड़ों श्याम भक्तों को झुमाया। इस अवसर पर दिनेश गर्ग, मोहित अग्रवाल, मनीष गर्ग, सीताराम गर्ग, रितेश गर्ग, श्रीकृष्ण सिंघल, गौरव बंसल, गोपाल गोयल, बृजमोहन सहित श्याम मित्र मंडल, मारवाड़ी युवा मंच, श्याम महिला सेवा समिति व बालाजी मित्र मंडल पलिया के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बूथों लापता बीएलओ, वोट बनवाने के लिए भटकते रहे मतदाता

## रविवार को हर बूथ पर वोटरों को जागरूक करने के लिए मतदाता सूची पढ़ने के थे निर्देश, नगर पालिका परिषद बूथ पर लगा रहा ताला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** डीएम के सख्त निर्देश के बावजूद निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ मनमानी कर रहे हैं। रविवार को जिला मुख्यालय के ही बूथों से बीएलओ लापता रहे। इससे कुछ बूथों पर ताला लगा रहा तो कुछ बूथों पर एक या दो लोग मिले। ऐसे में मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने से लेकर संशोधन कराने के लिए पहुंचे मतदाता बीएलओ की तलाश में भटकते रहे। इनके न मिलने पर निराश होकर वापस लौट गए।

डीएम एवं जिला निवार्चन अधिकारी डॉ. महेंद्र बहादुर सिंह ने मतदाता जागरुकता के लिए मैं हूं न के तहत रविवार को हर बूथ पर वोटरों को जागरूक करने के लिए मतदाता सूची पढ़ने के निर्देश दिए थे। साथ ही वोटरों से बूथों पर जाकर निर्वाचन नामावली में अपना नाम देखने, वोटर लिस्ट में नाम न होने पर निर्धारित प्रारूप, छह और संशोधन के लिए प्रारूप-आठ भरकर वहीं पर बीएलओ को देने के लिए आह्वान किया था, जिससे 18 साल की उम्र पूरी कर चुका हर युवा लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी कर सके। मगर, बीएलओ की लापरवाही से तमाम लोग सूची में नाम शामिल कराने व संशोधन नहीं करवा सके, क्योंकि कई बूथों पर ताला लगा रहा तो कुछ पर एक-दो लोग ही मिले। जो न तो प्रारूप छह दे सके और न ही आठ। इससे मतदाता मायूस होकर घर लौट गए।

### बीएलओ न मिलने पर एसडीएम से शिकायत




**सीन 1** प्राथमिक विद्यालय सदर बूथ पर भी बीएलओ लापता रहे। टीम का एक सदस्य मौजूद था। उसने बताया कि हम अपनी ड्यूटी पर हैं। बाकी लोग कहां हैं इसके बारे में नहीं पता। इससे मतदाता सूची में नाम शामिल करवाने के लिए पहुंचे वोटरों से लेकर सभासद सुनील रावत काफी देर तक इनके आने की प्रतीक्षा करते रहे। अंतत: निराश होकर घर लौट गए।

### मायूस होकर लौटे लोग

**सीन 2** शहर के बूथ नगर पालिका परिषद के गेट में रविवार को ताला लगा रहा। दिन भर ताला लगा रहने से मतदाता सूची में देखने से लेकर जुड़वाने और संशोधन के लिए पहुंचने वाले लोग मायूस होकर घर लौटने के लिए मजबूर हो गए। नगर पालिका कर्मी ने बताया बीएलओ नहीं हैं। हां, उनके बारे में जानकारी करने के लिए सुबह से कई लोग आ चुके हैं।







### बीएलओ को तलाशते रहे पदाभिहित अधिकारी

**सीन 3** इस्लामिया इंटर कॉलेज बूथ से भी बीएलओ गायब मिलीं। हालांकि वहां पर पदाभिहित अधिकारी नवेद इरशाद खान मौजूद मिले। उन्होंने बताया कि निरीक्षण करने आया था, लेकिन तीनों बीएलओ लापता मिलीं। वोटरों को असुविधा न हो इसलिए सूचना बोर्ड पर तीनों के नंबर चस्पा करवा दिए हैं, जिससे मतदाता फोन से संपर्क कर फार्म ले सकें।



कपूरथला निवासी राम रमेश ने बताया कि नाम सूची में देखने और बेटी का नाम शामिल कराने सदर विद्यालय बूथ शनिवार को भी गए और रविवार को भी। लेकिन रविवार को एक लोग मिले। इसकी जानकारी सभासद को दी। अधिकारियों को फोन करने के बाद बीएलओ आ गए।



शास्त्री नगर निवासी लालजी धवन ने बताया कि रविवार को सदर विद्यालय बूथ पर नाम जुड़वाने के लिए गए थे, लेकिन वहां पहुंचने पर कोई नहीं मिला। फोन पर बात की तो वह कुछ देर बाद आ गईं। बीएलओ ने बताया कि बैठने की जगह न होने के कारण बाजार चले गए थे।



शास्त्री नगर निवासी हनी मेहरोत्रा ने बताया कि मतदाता कार्ड की जानकारी करने के लिए सदर विद्यालय बूथ पर गए थे। मगर, वहां पर कोई नहीं था। इस पर सभासद से जब जानकारी की। उनके फोन करने के कुछ देर बाद बूथ पर बीएलओ पहुंच गए, लेकिन जानकारी नहीं हो सकी।



मतदाता सूची में नाम जुड़वाने बीएलओ की लापरवाही लोगों के लिए मुसीबत बन गई। कई बूथों से बीएलओ लापता थे और वोटर मतदाता सूची देखने के लिए परेशान होते रहे। नगर पालिका बूथ पर जहां ताला लगा मिला। जानकारी एसडीएम को दी। **-जितेंद्र साहनी**, नगर अध्यक्ष भाजपा

दो बूथों पर बीएलओ के न पहुंचने की सूचना मिली थी। मगर, बाद में वहां पर भी बीएलओ पहुंच गए थे। नगर पालिका और इस्लामिया इंटर कॉलेज बूथ पर बीएलओ के न पहुंचने की जानकारी नहीं है। इस संबंध में पदाभिहित अधिकारियों से जानकारी करेंगे। अनुपस्थित रहने वाले बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
**-श्रद्धा सिंह**, एसडीएम सदर

## एक नजर

### अनुबंधित बस एसोसिएशन के अध्यक्ष बने श्रवण

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर अनुबंधित बस एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को क्षेत्रीय संरक्षक प्रेम प्रकाश वाजपेयी के नेतृत्व में किया गया। इसको लेकर रोडवेज बस अड्डा परिसर में बैठक हुई, जिसमें श्रवण गुप्ता को अध्यक्ष व संरक्षक प्रदीप पटेल को चुना गया। बस मालिक रितेश श्रीवास्तव, गुल्लु राना, बैजनाथ श्रीवास्तव, मनीष अवस्थी, मुदित मिश्रा, अमन सिंह, केसी मिश्रा, शैलेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

### बहुआयामी पार्टी का किया गठन

**लखीमपुर खीरी।** रविवार को सावित्री बाई फुले की जयंती एवं राष्ट्रीय न्यायाधीश दिवस पर बहुआयामी पार्टी का गठन कर संविधान पत्रिका का विमोचन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष आमिश खान ने पार्टी का गठन कर कहा कि बहुआयामी विचारधारा ही पार्टी की विचारधारा है। उन्होंने योगी सरकार से राजा लोने सिंह के नाम पर विश्वविद्यालय खोलने की मांग कर जिले में शिक्षा की नई क्रांति जगाने की बात कही। डॉ. काजिम, सैय्यद, अजीम अहमद, मोबीन गाजी, अनुज पांडेय, इश्तियाक अली मंसूरी मौजूद रहे।

### वानप्रस्थ क्लब का वार्षिकोत्सव संपन्न

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** वानप्रस्थ क्लब का 15वां वार्षिकोत्सव क्लब भवन के सभागार में हुआ। मुख्य अतिथि धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी एवं पूर्व प्राचार्य वाईडी कॉलेज डॉ. डीएन मालपानी ने मां सरस्वती का पूजन कर किया। सुमन सिन्हा ने सरस्वती वंदना पेश की। इस अवसर पर क्लब की वार्षिक पत्रिका संस्कार के नवीन अंक का विमोचन हुआ। क्लब ने वरिष्ठ सदस्य यज्ञ दत्त मिश्र, वासुदेव शुक्ल, सुरेश चंद्र गुप्त, आत्मप्रकाश सिन्हा, शीला टंडन को अंगवस्त्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। क्लब ने वालेंटियर ऑफ द ईयर सम्मान योग विशेषज्ञ कामता प्रसाद त्रिपाठी को दिया। विशिष्ट एवं मुख्य अतिथि ने क्लब की आवश्यकता, महत्ता और भूमिका की सराहना कर क्लब का सदस्य बनने की इच्छा प्रकट की। हरि प्रकाश त्रिपाठी, दयानंद शुक्ला, संगीतकार दीनानाथ झा, जान्हवी मिश्रा, नरेशचंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, रेफर

**गोला गोकर्णनाथ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नयागांव निवासी आरती वर्मा (27) पत्नी पृथ्वीपाल और हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बरगदिया निवासी दयाराम (45) दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

### डॉ. गणेश के मामले में जांच को सीएचसी पहुंची टीम, दर्ज किए बयान

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** सीएचसी अधीक्षक रहे डॉ. गणेश कुमार को सीएमओ कार्यालय से सम्बद्ध करने के बाद गठित जांच टीम ने सीएचसी पहुंचकर निरीक्षण कर चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों के बयान दर्ज किए हैं।

सीएचसी अधीक्षक रहे डॉ. गणेश कुमार का केन पकड़े फोटो वायरल होने के बाद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लेते हुए उन्हें सीएमओ कार्यालय से सम्बद्ध कर जांच के आदेश दिए थे। जिसके बाद गठित जांच टीम के डिप्टी सीएमओ डॉ. अनिल कुमार और डॉ. प्रदीप वर्मा रविवार को डॉ. गणेश कुमार की वायरल फोटो की जांच करने सीएचसी पहुंचे। उन्होंने तैनात चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से पूछताछ कर उनके ब्यान दर्ज किये और अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया कि वायरल फोटो सीएचसी अथवा अन्यत्र का है की जांच की। टीम ने तीमारदारों एवं सीएचसी गेट एवं पंजाबी कालोनी रोड पर मौजूद दुकानदारों से वायरल फोटो के बारे में पूछताछ की।

# दुधवा घूमने जा रहे थे वैगन आर कार सवार, सिर से गुजरी मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



दुर्घटना स्थल पर पड़ी हादसे में क्षतिग्रस्त एक्सयूवी कार। ● अमृत विचार



इसी ईंट भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से हुआ हादसा।



सड़क के नीचे उतरी क्षतिग्रस्त वैगन आर।

● **उपचार के बाद वैगन आर कार सवार पांच घायलों में से दो को लखनऊ किया रेफर**

**अमृत विचार:** पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाईवे पर हुए भीषण हादसे को याद कर वैगन आर कार सवार सभी लोग सिहर उठते हैं। यह सभी लोग दुधवा नेशनल पार्क घूमने जा रहे थे। हादसे के बाद मौके पर क्षतिग्रस्त एक्सयूवी खुद ब खुद हादसे की वीभत्स बयां कर रही थी।

गांव देवरिया निवासी दिलीप सिंह (32) रविवार की सुबह अपनी वैगन आर कार से पत्नी रंजना (30) और बेटा अनुज (12) व आरपीएफ लखीमपुर चौकी प्रभारी शिवम यादव (25), उनकी पत्नी पूजा यादव (23) को साथ लेकर दुधवा टाइगर रिजर्व घूमने जा रहे थे। कार को दिलीप सिंह चला रहे थे। ट्रैक्टर-ट्राली में टकराई एक्सयूवी की चपेट में आकर उनकी कार अनियंत्रित हो गई और वह सड़क के नीचे उतरकर खाई में जा खड़ी हुई। हालांकि हादसे में कार सवार सभी पांचों लोगों को हल्की फुल्की चोटें आईं। कार से जब सभी लोग बाहर निकले तो सड़क पर क्षतिग्रस्त पड़ी एक्सयूवी कार का मंजर देख सभी सिहर उठे। सिर से गुजरी मौत देख सभी के रोंगटे खड़े हो गए। पुलिस ने सभी को सीएचसी फिर जिला अस्पताल भेजा, जहां कुछ देर चले उपचार के बाद तीन घायलों को डॉक्टर ने छुट्टी दे दी और शिवम यादव व उनकी पत्नी पूजा यादव को लखनऊ रेफर किया है। हादसे को याद कर दिलीप और उनका परिवार अब भी कांप उठता है। दिलीप कहते हैं कि वह काफी धीमी गति से जा रहे थे। यदि रफ्तार तेज होती तो उनके परिवार के साथ भी कुछ भी हो सकता था। ईश्वर की कृपा से सभी लोग सकुशल बच गए। हल्की फुल्की चोटें ही आई हैं।

नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। पांच दिनों के अंदर करीब 230 वाहनों के चालान किए गए हैं। लोगों को जागरूक रहकर वाहन चलाते समय नियमों का पालन करना चाहिए। **-गणेश प्रसाद साहा**, एसपी

### हादसे के बाद हाईवे पर लगा जाम

**संसारपुर।** पीलीभीत बस्ती नेशनल हाईवे के गोला खुटार रोड पर थाना मैलानी क्षेत्र के कस्बा संसारपुर के पास हुए भीषण हादसे के बाद उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से आ रही एक्सयूवी के परखच्चे उड़ गए। एक्सयूवी के पार्ट्स पूरी रोड पर बिखरे पड़े हुए थे। जिसने भी हादसा देखा उसकी रूह कांप उठी। हादसे के बाद हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। पुलिस ने जेसीबी आदि के जरिए क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाया। तब जाकर कहीं तीन घंटे बाद आवागमन सुचारु हो सका।

### ईंटों से ओवरलोड थी ट्रॉली

**संसारपुर।** ईंट भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अधिकतर रात के समय में ही हाईवे से लेकर लिंक मार्गों पर फर्राटा भरती हैं। यह ट्रॉलियां क्षमता से कई गुना अधिक भार लेकर गुजरती हैं। हालत यह है कि हल्का सा भी यदि गड्ढा पड़ जाए तो पता नहीं कब और किधर को ट्रैक्टर उठ जाए। हादसे में प्रयुक्त ट्रॉली पर काफी ऊंचा ईंटों का चट्टा लगा हुआ था। अक्सर रात में निकल रहीं इन ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियों पर पुलिस और संभागीय परिवहन विभाग की नजर नहीं जाती है।

# लोकसभा चुनाव में पूरे बहुमत से जीतेगी भाजपा: अजय मिश्र



भाजपा कार्यालय में बैठक को संबोधित करते केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** भाजपा कार्यालय में रविवार को चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि यह चुनाव कई मायनों में पिछले चुनावों से अलग है। इस चुनाव में पहले से ही किस पार्टी की सरकार बन रही है, कौन प्रधानमंत्री बन रहा है। इसके बारे में मतदाताओं से लेकर विदेशों तक के लोग जानते हैं।

खीरी लोकसभा प्रभारी सीतापुर के पूर्व जिलाध्यक्ष सचिन मेहरोत्रा ने कहा कि भाजपा बहुमत से जीत रही है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री को चार लाख से अधिक मतों से विजयी बनाने के लिए बूथ प्रबंधन से लेकर शक्ति केंद्र संयोजक कार्य करें। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने लोकसभा चुनाव में अजय मिश्र टेनी को जिताने का आह्वान किया है। खीरी लोकसभा संयोजक विनीत मनार, जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह, नगर पालिकाध्यक्ष गोला विजय शुक्ला रिंकू, ज्योतिर्मय बरतरिया, ज्ञान प्रकाश बाजपेई, रमेश चंद्र मिश्रा, रामजी दीक्षित मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार तो कहीं ओवरटेक से हो रहे हादसे, खून से लाल हो रहीं सड़कें

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **हफ्ते भर में महिलाओं समेत 16 लोगों की हो चुकी मौत**

**अमृत विचार:** जिले में एकाएक बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं ने लोगों को हिलाकर रख दिया है। सबसे अधिक हादसे तेज रफ्तार और ओवरटेक करने के दौरान हो रहे हैं। इससे जिले की सड़कें खून से लाल हो रही हैं। एक हफ्ते के अंदर विभिन्न स्थानों पर 10 से अधिक हादसे हुए हैं, जिनमें 16 लोगों की जान चली गई।

मार्च में जिले में सड़क दुर्घटना में काफी इजाफा हुआ है, लेकिन जिम्मेदार व वाहन चालक इसको लेकर गंभीर नहीं दिख रहे हैं। यह हादसे कहीं ओवरटेक और तेज रफ्तार से हो रहे हैं तो कहीं रांग साइड चलने के वजह से दुर्घटनाएं हो रही हैं। हफ्ते के भीतर जिले में विभिन्न स्थानों पर 10 से अधिक हादसे हुए हैं। इनमें से चार हादसे ऐसे हैं, जिनमें बच्चों, महिलाओं समेत 11 लोगों की जान जाने से सड़के खून से लाल हो गईं। यह हादसे ओवरटेक और तेज रफ्तार के कारण होना बताए जा रहे हैं। चार मार्च को मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र में दिलावरपुर मोड़ के पास अनुबंधित बस ने ई-रिक्शा को रौंद दिया था।

इसमें दो बच्चों और तीन महिलाओं की मौत हो गई। इनमें एक मां और उसकी एक बेटी और एक बेटा भी शामिल थे। पांच मौतों के बाद भी जिला प्रशासन सतर्क नहीं हुआ और नियमों के विपरीत चल रहे वाहनों के प्रति कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस हादसे को हुए 24 घंटे भी नहीं बीत पाए थे कि अगले दिन शाम थाना नीमगांव क्षेत्र में उमरपुर क्रेसर के पास किसी वाहन की टक्कर से बाइक सवार गांव भदूरी निवासी रामस्वरूप और धूमरा निवासी उनके दामाद की कुचलकर मौत हो गई थी। छह मार्च को थाना नीमगांव क्षेत्र में ही लखीमपुर-मोहम्मदी मार्ग पर ओवरटेक के चक्कर में टैंकर, डीसीएम और इनोवा कार आपस में टकराने से कार सवार 15 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई, जबकि इनोवा चालक, डीसीएम के चालक और हेल्पर की हालत गंभीर रूप से घायल हो गए थे। रविवार की सुबह करीब छह बजे खुटार मार्ग पर थाना मैलानी क्षेत्र में पिथौरागढ़ (उत्तराखंड) से अयोध्या श्रीराम के दर्शन करने जा रहे तीन लोगों की एक्सयूवी कार हादसे का शिकार हो गई और तीन लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा थाना हैदराबाद, निघासन आदि क्षेत्र में हुए हादसे में छह लोगों की भी जान जा चुकी है, लेकिन जिम्मेदारों ने इन हादसों पर अंकुश लगाने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाए हैं।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

# मंदिर के पुजारी ने अपनी जीभ काटकर देवी को चढ़ाई

संवाददाता, निघासन



राजराजेश्वरी देवी मंदिर में जांच पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार

● **हालत गंभीर होने पर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर**

● **राजेश्वरी मंदिर में 15 सालों से करते थे पूजा-अर्चना**

**अमृत विचार:** थाना निघासन क्षेत्र की झंडी चौकी के तहत प्रसिद्ध मां राजेश्वरी देवी मंदिर गुलरीपुरवा के मुख्य पुजारी ने रविवार को देवी के सामने खड़े होकर पूजा-अर्चना की। बाद में चाकू से अपनी जीभ काटकर देवी के चरणों में अर्पित कर दी। इससे मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे परिजन पुजारी को लेकर सीएचसी आए, जहां से डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

पुजारी के बड़े बेटे शिवम राजपूत ने बताया कि उनके पिता करीब 15 सालों से राजराजेश्वरी देवी मंदिर में मुख्य पुजारी हैं। जब से पिता देवी की सेवा में लगे हैं तभी से अन्न ग्रहण करना छोड़ दिया था। वह फलाहारी रहकर ही देवी की पूजा-अर्चना करते हैं। करीब 15 दिनों से मंदिर में यज्ञ व मातारानी का पूजन चल रहा था। रविवार को नियमित पूजन व हवन होना शुरू हुआ। इतने में ही पिता हवन समापन के बाद अचानक से उठकर मंदिर के अंदर चले गए। भक्ति में लीन होकर जुबान को चाकू से काट दिया। खून से लथपथ होकर मंदिर में ही गिर गए। तभी छोटे भाई दुर्गेश व ग्रामीण पिता को सीएचसी लेकर पहुंचे। जीभ के आगे का हिस्सा अलग हो गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सीएचसी प्रभारी डॉ. पीके रावत ने बताया कि जीभ के आगे का हिस्सा पूरी तरह से पूरी अलग है। बोलने में दिक्कत आ रही थी, इसलिए नाजुक हालत देखकर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
सूचना
मैंने अपनी पुत्री प्रतिमा यादव को गलत आचरण में पड़ जाने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। मैं अपनी पुत्री से अपने संबंध विच्छेद करता हूँ। आज से मेरा मेरी पुत्री द्वारा किये गए किसी भी उचित व अनुचित कार्य के लिए मैं व मेरा परिवार प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार नही होगा। **राम निवास सिंह पुत्र रघुनंदन सिंह निवासी मोहल्ला कानून गोयन पटी गली के पास तहसील फरीदपुर जिला बरेली**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# महिला नसबंदी का लक्ष्य बना विभाग के लिए चुनौती

## परिवार नियोजनः निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन करानी होंगी 40 महिलाओं की नसबंदी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** परिवार नियोजन के मामले में इस बार स्वास्थ्य विभाग महिलाओं की नसबंदी कराने में पिछड़ गया है। शासन से निर्धारित 6500 महिलाओं की नसबंदी कराने का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जिम्मेदारों को रोजाना 40 महिला नसबंदी करानी होंगी, जो हकीकत होता नहीं दिख रहा है। हालांकि इस साल स्वास्थ्य विभाग ने सीएचसी अधीक्षक नकहा और फरधान के प्रयासों से लक्ष्य से अधिक पुरुषों की नसबंदी कराने में सफलता प्राप्त की है।



डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा एसीएमओ।

बढ़ती जनसंख्या को थामने के लिए शासन की ओर से तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसमें प्रमुख रूप से महिला और पुरुष नसबंदी शामिल है। यह विधि स्थाई है। इसके लिए हर साल शासन स्तर से जिले का लक्ष्य निर्धारित किया जाता है। इस साल 40 पुरुषों के साथ 6500 महिलाओं की नसबंदी कराना निर्धारित था। अब तक स्वास्थ्य विभाग करीब 5700 महिलाओं की ही नसबंदी करवा सका है। जबकि 2023-24 सत्र खत्म होने में मात्र 20 दिन शेष हैं। ऐसे में इस साल महिला नसबंदी के मामले में लक्ष्य पूरा करवाना स्वास्थ्य विभाग के लिए आसान नहीं होगा, क्योंकि लक्ष्य प्राप्ति के लिए रोजाना 40 महिलाओं की नसबंदी करानी होगी, लेकिन होली त्योहार के चलते यह असंभव है।

**प्रोत्साहन राशि मिलने पर भी आशा नहीं दे रहीं ध्यान :** नसबंदी के प्रति महिलाओं और पुरुषों को जागरूक करने की जिम्मेदारी आशा वर्कर और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को है। इसके लिए शासन स्तर से एक महिला की नसबंदी करवाने पर आशा वर्कर को 300 और पुरुष की करवाने पर 400 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसके अलावा स्वास्थ्य कार्यकर्ता को भी प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसके बावजूद आशा वर्कर महिलाओं को जागरूक करने के मामले में दिलचस्पी नहीं लेती हैं।

### प्रोत्साहन राशि

| | |
|---|---|
| महिला | 2000 रुपये |
| पुरुष | 3000 रुपये |

### नसबंदी के पांच साल के आंकड़ों पर एक नजर

| वर्ष | पुरुष | महिला |
|---|---|---|
| 2019-20 | 23 | 5842 |
| 2020-21 | 43 | 6803 |
| 2021-22 | 22 | 6607 |
| 2022-23 | 34 | 5958 |
| 2023- 24 | 44 | 5700 |

( पुरुष महिला नसबंदी के आंकड़े नौ मार्च तक के हैं।)

| | |
|---|---|
| महिला अस्पताल | एक |
| जिला अस्पताल | एक |
| सीएचसी | 16 |
| नगरीय स्वास्थ्य केंद्र | पांच |

### महिला नसबंदी का विवरण

| सीएचसी | नसबंदी की संख्या |
|---|---|
| 1. बिजुआ | 429 |
| 2. ईसानगर | 404 |
| 3. धौरहरा | 398 |
| 4. निघासन | 387 |
| 5. पलिया | 362 |
| 6. रमियाबेहड़ | 360 |
| 7. नकहा | 359 |
| 8. फरधान | 318 |
| 9. बेहजम | 306 |
| 10. फूलबेहड़ | 298 |
| 11. मितौली | 297 |
| 12. गोला | 275 |
| 13. पसगवां | 270 |
| 14. महिला अस्पताल | 258 |
| 15. बांकेगंज | 237 |
| 16. मोहम्मदी | 212 |

### पुरुष नसबंदी का विवरण

| सीएचसी | नसबंदी की संख्या |
|---|---|
| 1. नकहा | 10 |
| 2. मितौली | नौ |
| 3. फरधान | आठ |
| 4. बिजुआ | पांच |
| 5. पलिया | पांच |
| 6. बेहजम | दो |
| 7. बांकेगंज | एक |
| 8. धौरहरा | एक |
| 9. महिला अस्पताल | एक |
| 10. गोला | एक |
| 11. फूलबेहड़ | एक |

### प्रोत्साहन राशि बढ़ने पर भी पुरुष नहीं ले रहे दिलचस्पी

परिवार नियोजन के तहत नसबंदी कराने पर पुरुषों को पहले दो हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलती थी। मगर, अब इसे बढ़ाकर तीन हजार रुपये कर दिया गया है। इसके बावजूद पुरुष नसबंदी करवाने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। यही वजह है कि नगरीय स्वास्थ्य केंद्र सहित 10 सीएचसी पर अब तक एक भी पुरुष नसबंदी नहीं पाई है। नकहा, मितौली और फरधान सीएचसी अधीक्षकों के अथक प्रयास से जिले में निर्धारित लक्ष्य से अधिक पुरुषों की नसबंदी हो सकी है।

पुरुष नसबंदी को लेकर तमाम भ्रांतियां थीं, लेकिन अब धीरे-धीरे वह दूर हो रही हैं। यही वजह है कि इस बार लक्ष्य से अधिक पुरुषों की नसबंदी हुई है। पुरुष नसबंदी चंद मिनटों में हो जाती है और इसके बाद किसी तरह की शारीरिक कमजोरी भी नहीं आती। यह जन्म दर को रोकने का 99 .9 फीसदी प्रभावी व स्थाई तरीका है। सभी सरकारी अस्पतालों में नसबंदी मुफ्त में होती और नसबंदी करवाने वाले को सरकार प्रोत्साहन राशि भी देती है। **-डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा,** एसीएमओ एवं नोडल परिवार नियोजन कार्यक्रम

## एक नजर

### करंट लगने से राजमिस्त्री की मौत

**पलिया कलां।** कोतवाली क्षेत्र में एक राजमिस्त्री की विद्युत करंट लगने से रविवार को मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव ऐंटपुर निवासी रणवीर सिंह के घर गांव इटैया निवासी विक्रम आरख (28) पुत्र राजू घर का निर्माण कर रहा था। मकान के निकट से निकले विद्युत तार में सरिया छू जाने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। इस पर गृह स्वामी उसे इलाज के लिए सीएचसी पलिया लेकर गए। वहां पर चिकित्सक ने विक्रम आरख को मृत घोषित कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राजमिस्त्री की मौत से घरवालों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

### अहमदनगर में आज निकलेगी कलश यात्रा

**गोला गोकर्णनाथ।** कुंभी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम अहमदनगर में श्री रुद्र महायज्ञ के लिए सोमवार को प्रातः आठ बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी। संरक्षक मंडल के नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, कमेटी अध्यक्ष योगेंद्र मिश्र ने बताया कि श्री रुद्र महायज्ञ की तैयारियों पूर्ण कर ली गई हैं। यज्ञाचार्य राहुल कृष्ण दीक्षित द्वारा सोमवार प्रातः आठ बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी। देवेंद्र मिश्र ने बताया कि श्री रुद्र महायज्ञ, वृंदावन की रासलीला 11 मार्च से शुरू होगी जिसका समापन 18 मार्च को पूर्णाहुति कन्या भोज, भंडारे के साथ संपन्न होगा।

### देव प्रकाश महामंत्री और प्रमोद बने मीडिया प्रभारी

**गोला गोकर्णनाथ।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की मासिक बैठक में समस्याओं पर चर्चा कर देव प्रकाश वर्मा को महामंत्री और प्रमोद सिंह को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। रविवार को ब्लॉक सभागार में जगदेव सिंह की अध्यक्षता में हुई पूर्व सैनिकों की बैठक में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को पेंशन की समस्या, आर्मी ग्रुप इंश्योरेंस और पोलो क्लिनिक से मिलने वाली समस्याओं पर चर्चा कर उनमें सुधार कराए जाने की मांग की गई है। संचालन गजेंद्र प्रसाद वर्मा ने किया। बैठक में राजेश्वर सिंह, कृष्णगोपाल त्रिवेदी, प्रेम कुमार वर्मा, वीरेंद्र कुमार मिश्रा, हरपाल सिंह, खगेश्वर प्रसाद, प्रेमचंद वर्मा, महेश पाल, नारायण लाल, राम हरीश मिश्रा, राकेश सिंह समेत तमाम पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# सीएम जन आरोग्य मेले में फार्मासिस्टों के सहारे मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले की हालत बेपटरी है। इसका कारण नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टरों का न होना है। ऐसे में इन स्वास्थ्य केंद्रों पर इलाज के लिए पहुंच रहे मरीजों को सिर्फ मौसमी बीमारियों की ही दवा मिल पा रही है। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के मामले में नगरीय स्वास्थ्य केंद्र फेल साबित हो रहे हैं।

शहर स्थित चार नगरीय स्वास्थ्य केंद्र में से तीन पर ही मेले का आयोजन हो रहा है। जिसमें से न तो नगरीय स्वास्थ्य केंद्र नौरंगाबाद पर डॉक्टर हैं और न ही निर्मल नगर पर है। वहीं गोटेयाबाग नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पर भी रविवार को डॉक्टर अनुपस्थित रहे। ऐसे में तीनों जगह डॉक्टर की बजाय फार्मासिस्ट मरीजों को इलाज करते मिले। डॉक्टर की तैनाती न होने के कारण मरीजों को नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पर सिर्फ मौसमी बीमारियों की ही दवा मिल पा रही है। जबकि अन्य मरीजों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।

# रमजान व होली शांति से मनाने की अपील

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** कोतवाली में कोतवाल इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में हुई पीस कमेटी की बैठक में रमजान और होली पर्व को शांति एवं सौहार्द से मनाने की अपील की गई। कोतवाली इंद्रजीत सिंह ने कहा कि रमजान और होली पर्व को लेकर प्रशासन सजग है।

- रमजान और होली पर्व को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

किसी भी तरह की समस्या होने पर उन्हें सूचित करें। किसी प्रकार की अराजकता फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन आपके साथ है। उन्होंने सभी से आपसी सद्भाव के साथ पर्व सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक में सभासद नानकचंद वर्मा, धर्मेंद्र तिवारी, सुरेश जायसवाल आदि संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।



पीस कमेटी की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### दुकान पर शराब पीने से मना किया तो युवकों ने की फायरिंग

**लखीमपुर खीरी।** देवकली रोड पर जाबिर पटाखे वाले की दुकान के निकट शराब की दुकान पर रविवार शाम साढ़े नौ बजे दो युवक पहुंचे और शराब लेने के बाद वहीं पीने लगे। दुकानदार ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी भड़क गए। गाली गलौज करते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगे। इससे वहां भगदड़ मच गई। फायरिंग की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को आता देख आरोपी मौके से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शराब की दुकान पर शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें दो युवकों ने दो राउंड फायर किए हैं। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### चित्रकला में जूनियर की अस्मिता व सीनियर की तनु प्रथम



**गोला गोकर्णनाथ।** दयानंद बाल विद्या मंदिर में स्व. राजेंद्र राठी स्मारक चित्रकला प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि, आर्यसमाज के प्रधान गुरुशरण पाठक ने विजयी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया। चित्रकला प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग से अस्मिता गिरि प्रथम, अनामिका द्वितीय, मुस्कान तृतीय, सीनियर वर्ग में तनु सिंह चौहान प्रथम, नैंसी वर्मा द्वितीय, अन्नु तृतीय, सक्षम वर्मा, शिवांश राजपूत, सोनी शर्मा, सुकृति वर्मा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। संचालन सुरेश मिश्र ने किया। निर्णायक राजेंद्र सोनी, प्रतियोगिता संयोजक विजय राठी, प्रतीक राठी, पतिराखनलाल वर्मा, संजय शुक्ला, ओमप्रकाश वैश्य, मुन्नालाल स्वर्णकार, विजय माहेश्वरी, बालकृष्ण गुप्ता, कृष्णगोपाल शुक्ला, प्रदीप मिश्र, अनुराग गुप्ता, मुसीर अहमद, मिथिलेश श्रीवास्तव, रामनरेश मिश्र आदि मौजूद रहे। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार मिश्र ने अतिथियों का आभार जताया।

### सुदामा दरिद्र नहीं, अपितु भगवान के भक्त थेः आचार्य

**पसगवां।** श्री रुद्र महायज्ञ में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य पवन देव महाराज ने सुदामा प्रसंग में कहा कि दरिद्र वह होता है जो बहुत सारी संपत्ति होने के बाद भी संतुष्ट नहीं होता है। यदि झोपड़ी में रहने वाला प्राप्ति से संतुष्ट है तो वह दरिद्र नहीं है। सुदामा दरिद्र होने के कारण नहीं, बल्कि भक्त होने के कारण कृष्ण से मिलने गए थे। उन्होंने बताया कि जब भगवान ने सुदामा के पैर धोये तो उस जल को पूरी द्वारिका में छिड़कने के लिए कहा था। भागवत कथा के समापन पर उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि मंदिर इसलिए नहीं जाना चाहिए कि वहां कुछ मांगना है बल्कि इसलिए जाना चाहिए कि यह हमारा नैतिक कर्तव्य है। कथा समापन पर कन्या भोज और भंडारा भी किया गया। कथा में मुख्य यजमान उत्कर्ष शुक्ल और विनय शुक्ल ने सपत्नीक भाग लिया। इस दौरान जगमोहन लाल शुक्ल, बृजमोहन शुक्ल, विवेक शुक्ला, रामचंद्र शुक्ल, उमा दत्त शुक्ला, प्रेम शंकर शुक्ला, विनय कुमार शुक्ला आदि रहे।

### 'इतना आसान नहीं है पत्रकार होना' पर बनेगी वेब सीरीज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** पत्रकारों की जीवनशैली और उनके कार्य क्षेत्र में आने वाली समस्याओं को लेकर वेब सीरीज बनाई जाएगी, इसके लिए यूपी के समीर विवान ने काम शुरू किया है। वेब सीरीज का नाम ''इतना आसान नहीं है पत्रकार होना'' रखा जाएगा। इस फिल्म की कहानी एवं संवाद, तीन गाने उत्तर प्रदेश के समीर विवान ने लिखे हैं। उन्होंने अपने फिल्मी कैरियर की शुरुआत एक गायक एवं म्यूजिक डायरेक्टर के रूप में की थी। मूल रूप से यूपी के जनपद लखीमपुर खीरी के रहने वाले समीर विवान जहर म्यूजिकल बैंड लखनऊ के सुपरस्टार डायरेक्टर हैं। वह इन दिनों भातखंडे संगीत यूनिवर्सिटी से संगीत की शिक्षा भी ले रहे हैं। उनके संगीत के प्रथम गुरु बीओम एवं विपिन गुप्ता हैं जो एक म्यूजिक टीचर के रूप में कार्य कर रहे हैं।

### राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन, प्रतिभागी पुरस्कृत

**गोला गोकर्णनाथ।** बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल में 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के समापन पर मुख्य अतिथि अग्निशमन अधिकारी ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अग्निशमन अधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंदे, सुरक्षा अधिकारी शोभन औदीच्य द्वारा सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। उन्होंने सुरक्षा सप्ताह के दौरान की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षा प्रतिदिन अभ्यास करने का विषय है। यूनिट हेड जेएस जादौन ने कहा कि हर क्षेत्र में तकनीकी परिवर्तन हो रहे हैं और इन तकनीकों का उपयोग सुरक्षा के क्षेत्र में किया जाना चाहिए। स्वस्थ शरीर ही कार्य क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। सभी राष्ट्रीय सुरक्षा नियमों का निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। ईएचएस विभाग ने इस अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा पर बच्चों की कला प्रतियोगिता, श्रमिक स्लोगन, क्विज, पोस्टर आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समापन पर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। फैक्ट्री प्रबंधक आरके मिश्रा ने सुरक्षा के क्षेत्र में सदैव सचेत रहने को कहा। लीगल हेड अवनि कुमार पांडे ने समय-समय पर सुरक्षा से संबंधित कार्यशाला आयोजित करने का सुझाव दिया।

### खाद्य सुरक्षा शिविर में व्यापारियों को दी जानकारी

**पलिया कलां।** नगर व्यापार मंडल कंछल गुट के तत्वावधान में स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने एक शिविर लगाया और नगर के खाद्य कारोबारियों को कई जरूरी जानकारियां दीं। कारोबारियों को फास्ट ट्रैक प्रशिक्षण देकर प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इस मौके पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरए मौर्य, फूड इंस्पेक्टर आदित्य वर्मा, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता, श्री कृष्ण सिंघल, जसवीर फ्लोरा, राजेश गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### नेपाली सिगरेट बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**पलियाकलां।** गौरीफंटा भारत-नेपाल सीमा पर जंगल के रास्ते तस्करी कर नेपाल से भारी मात्रा में भारत लाई जा रही सिगरेट के साथ दो युवकों को गौरीफंटा पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बाइक और सिगरेट सीज कर आरोपियों समेत कस्टम विभाग के सुपुर्द किया है। गौरीफंटा सीमा के जंगल के रास्तों से इन दिनों बड़े पैमाने पर तस्करी हो रही है। गौरीफंटा पुलिस ने बाइक से जंगल के रास्ते नेपाली सिगरेट लेकर जा रहे महेश व वीरू निवासी पलिया को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से भारी मात्रा में नेपाली सिगरेट बरामद हुई है। पुलिस ने बरामद माल और बाइक को सीज कर आरोपियों सहित कस्टम विभाग को सौंप दिया।



### जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 44 मरीजों को दी दवाइयां

**गोला गोकर्णनाथ।** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य की बेहतर सुविधा देने के लिए हर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया जाता है। पीएचसी पर लगे जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला में 44 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। पीएचसी पर लगे मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में मेडिकल ऑफिसर डॉ. रजिया ने बताया कि लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करने, खुशहाली बनाए रखने और स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रदेश अग्रसर है। इस योजना के तहत मरीज की जांच कर निःशुल्क दवाई देने की व्यवस्था की गई है। मेले में कुष्ठ रोग विशेषज्ञ पुष्पेंद्र कुमार, एएनएम पुष्पा देवी, फार्मासिस्ट अखिलेश अवस्थी, वार्ड ब्वाय राज आदि मौजूद रहे।

### प्रशासक व पूर्व प्राचार्य को गिरफ्तार करने की मांग

**लखीमपुर खीरी।** भगवानदीन आर्य कन्या महाविद्यालय के प्रबंधक रजत पांडेय ने रविवार को प्रेसवार्ता कर कॉलेज की पूर्व प्राचार्य और प्रबंधक व प्रशासक की गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने बताया कि तत्कालीन कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सुरचना त्रिवेदी और तथा कथित प्रशासक व प्रबंधक मुदित दीक्षित ने नियम विरुद्ध लाखों रुपये का भ्रष्टाचार किया है। बिना नमूना हस्ताक्षर प्रमाणित कराए लाखों रुपये का भुगतान कर दिया गया। तीन सदस्यीय टीम की जांच में गबन की पुष्टि हो चुकी है, जिसका मुकदमा दर्ज है। वहीं क्राइम ब्रांच की जांच में गठन की पुष्टि होने पर दोनों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। इसके बावजूद कोतवाली पुलिस दोनों को गिरफ्तार करने से बच रही है। रजत पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर पूर्व कार्यवाहक प्राचार्य को निलंबित करने की मांग की है।


# मुद्रा लोन का झांसा देकर युवक से ठगे 61800 रुपये

**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी के गांव पचपेड़ा बुजुर्ग निवासी एक युवक से मुद्रा लोन दिलाने का झांसा देकर 61,800 रुपये ठग लेने का मामला प्रकाश में आया है। थाना खीरी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव पचपेड़ा बुजुर्ग निवासी अखिलेश सिंह ने बताया कि उनकी जान पहचान नितिन शुक्ला निवासी अमृतागंज थाना खीरी से हुई। वह अपने आप को मुद्रा योजना में फील्ड का काम करने वाला बताता है। आरोप है कि नितिन शुक्ला ने मुद्रा लोन दिलाने का झांसा दिया। उसे रुपये की जरूरत थी, इसलिए वह आरोपी के झांसे में आ गया। आरोपी ने उससे 61,800 रुपये ले लिए और एक महीने के भीतर लोन दिलाने का वादा किया, लेकिन जब लोन नहीं हुआ तो वह नितिन शुक्ला के पास गया तो उसने मिलने से ही इंकार कर दिया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ थाना खीरी पुलिस को तहरीर दी है। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# आबादी में आते बाघ को ग्रामीणों ने जंगल में खदेड़ा

**भीरा, अमृत विचार :** जंगल से आबादी की ओर आते बाघ को देखकर ग्रामीणों में खलबली मच गई। मगर, हिम्मत कर लाठी-डंडे लेकर ग्रामीणों ने शोर शराबा करते हुए उसे जंगल की तरफ खदेड़ दिया। शनिवार की रात गांव वेबहा मुन्नूसिंह व हरीश कुमार बाइक से गांव जा रहे थे। बाइक की हेडलाइट से बाघ पास के गन्ने के खेत में जाते दिखा। इस पर हरीश कुमार ने ग्रामीणों को बाघ होने की सूचना दी। इससे गांव में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण शोर शराबा करते हुए लाठी डंडों से लैस होकर मौके पर पहुंच गए। इससे बाघ दहाड़ता हुआ वापस जंगल में चला गया। यह मामला गोला वन रेंज की रायपुर बीट का है। भीरा रेंज स्टाफ ने इस मामले की जानकारी होने से इनकार किया है।

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।
**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।
**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।
**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्मे के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।
**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।
**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।
**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।
**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**ब्लड बैंकः -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।
**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।
**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।
**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।
**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**
★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध
मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

## बरेली जंक्शन के सभी कार्यालयों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन के सभी विभागों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इससे कर्मचारियों की अधिकारी निगरानी कर सकेंगे। वाणिज्य विभाग के अधिकारियों की ओर से इसके लिए सर्वे किया जा रहा है। जंक्शन पर कंट्रोल रूम बनेगा और इसकी मुख्यालय से भी निगरानी की जा सकेगी।

दरअसल हाजिरी लगाकर कई बार रेल कर्मचारी गायब हो जाते हैं। मुख्यालय मुरादाबाद में होने की वजह से कर्मचारियों की निगरानी नहीं हो पाती है। इसकी वजह से मंडल मुख्यालय की तरफ से फैसला लिया गया है कि जंक्शन के सभी कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जंक्शन के आरक्षण, बुकिंग, पार्सल, सीएमआई और मुख्य टिकट निरीक्षक कार्यालय आदि में करीब 20 सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। कंट्रोल रूम सीएमआई कार्यालय में बनाया जाएगा।

# मध्य प्रदेश में पलटी कार, भाजपा ब्रज क्षेत्र कार्यालय प्रभारी की मौत

## बरेली के मिनी बाइपास पर है संजीव भारद्वाज का घर, शोक की लहर

संवाददाता, आगरा

- उज्जैन से महाकाल के दर्शन कर लौट रहे थे भाजपा कार्यकर्ता गुना में हुआ हादसा, 6 घायल

**अमृत विचार:** उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर लौट रहे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की कार गुना जनपद के कुंभराज थाना क्षेत्र में पार्वती नदी के पास पलट गई। इस हादसे में भारतीय जनता पार्टी ब्रज क्षेत्र कार्यालय के प्रभारी संजीव भारद्वाज की मौके पर ही मौत हो गई जब कि अन्य छह कार्यकर्ता घायल हो गए।



हादसे में घायल शाहदरा वार्ड से पार्षद विजय वर्मा के मुताबिक ब्रज क्षेत्र कार्यालय प्रभारी बरेली निवासी संजीव भारद्वाज के साथ अन्य कार्यकर्ता 8 मार्च की रात 10:30 बजे महाकालेश्वर के दर्शन करने निकले। 9 मार्च को सुबह महाकाल के दर्शन किए, उसके बाद ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने चले गए। ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के बाद देर रात उज्जैन से आगरा के लिए वापसी की। मध्य प्रदेश के गुना जनपद के थाना कुंभराज में पार्वती नदी के पास अचानक कार का टायर फट गया और कार पलट गई। हादसे में संजीव की मौत हो गई। विजय के अलावा मुकुल फौजदार, विकास, पुष्पेंद्र यादव, पूर्व पार्षद सरवन कश्यप, शैलेंद्र जाट भी घायल हो गए। गंभीर घायलों को ग्वालियर रेफर कर दिया गया।

### आगरा से बरेली लाया गया शव

भाजपा ब्रज क्षेत्र कार्यालय प्रभारी संजीव भारद्वाज मूल रूप से बदायूं के दातागंज के गांव दियोनीगंधा के रहने वाले थे लेकिन अब बरेली में मिनी बाईपास पर कृष्णा होम्स कॉलोनी में घर है। उनकी पत्नी मंजू भारद्वाज जीजीआईसी में हिंदी की प्रवक्ता हैं। एक आठ साल की बेटी है। वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में संगठन मंत्री का भी दायित्व संभाल चुके थे। संजीव के शव को पोस्टमार्टम के बाद आगरा लाया गया यहां ब्रज क्षेत्र कार्यालय में जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद शव बरेली ले जाया गया।

## छेड़छाड़ पीड़िता ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**आगरा, अमृत विचार:** थाना जगनेर क्षेत्र के एक गांव में छेड़छाड़ पीड़िता 20 वर्षीय युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

पीड़िता ने 28 फरवरी को जगनेर थाने में तहरीर दी थी कि नोनी का रहने वाला 21 वर्षीय सौरभ देर रात लगभग 2:00 बजे घर में घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता चिल्लाने लगी तो उसका छोटा भाई और चाचा जाग गए। इस दौरान आरोपी पीड़िता को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। थाना जगनेर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर पीड़िता के बयान भी लिए लेकिन आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया। पीड़िता के परिजनों का कहना है कि आरोपी के परिजन उन्हें लगातार धमकी दे रहे हैं और उनकी बदनामी कर रहे हैं। पुलिस के कार्रवाई न करने और बदनामी से परेशान हो पीड़िता ने देर रात घर में कमरा बंद कर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

## कुछ गंभीर होने की ओर इशारा कर रही है कुलपति और कुलसचिव की जंग

बरेली कार्यालय

- तीन दिन में ही कुलसचिव के खिलाफ कुलपति के तीन आदेश हो चुके हैं सार्वजनिक
- नगर निगम की ओर से खाते सीज किए जाने के मामले में भी फंसे कुलसचिव

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. केपी सिंह और कुलसचिव अजयकृष्ण यादव के बीच शुरू हुई जंग अंदरखाने कुछ गंभीर घटित होने की ओर इशारा कर रही है। कुलपति के तीन दिन के अंदर कुलसचिव के खिलाफ जारी किए गए तीन आदेश सार्वजनिक हुए हैं। हाल ही में जारी एक आदेश से खुलासा हुआ है कि नगर निगम ने विवि पर जो तीन करोड़ का जुर्माना ठोका है, उसके भी जिम्मेदार कुलसचिव हैं। इससे पहले कुलसचिव के आदेश से विवि के अनुभागों से महत्वपूर्ण फाइलें तय प्रक्रिया की अनदेखी करके ले जाने का खुलासा हुआ था। यह अब तक साफ नहीं हुआ है कि ये फाइलें किससे संबंधित थीं।

नगर निगम ने टैक्स का भुगतान न करने पर पिछले सप्ताह रुहेलखंड विश्वविद्यालय के बैंक खाते सीज कर दिए था। इन खातों में करीब 11.81 लाख रुपये की धनराशि जमा है। कहा जा रहा है कि टैक्स न जमा होने से करीब तीन करोड़ का ब्याज भी बढ़ गया, जो विश्वविद्यालय के लिए बड़ी आर्थिक क्षति है। दरअसल, नगर निगम की ओर से निर्धारित टैक्स पर विश्वविद्यालय की ओर से आपत्ति की गई थी। यह मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा था। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी की ओर से 27 जून को कुलसचिव को पत्र लिखा गया था जिसमें 11 और 21 अप्रैल के पत्रों का हवाला देते हुए बताया गया था कि हाईकोर्ट के आदेश पर कुलसचिव के प्रत्यावेदन का निस्तारण कर दिया गया है।

## पहले दिन 200 लोगों को लखनऊ लेकर जाएगी वंदेभारत

**बरेली, अमृत विचार :** देहरादून-लखनऊ वंदेभारत एक्सप्रेस 12 मार्च से शुरू होगी। बरेली जंक्शन पर मंगलवार को ट्रेन पहुंचेगी। इसकी तैयारी में अधिकारी जुटे हैं। जंक्शन से करीब 200 लोगों को वंदेभारत का सफर कराने की तैयारी है। पहले दिन देहरादून से लखनऊ जाने वाली ट्रेन में स्काउट और स्कूली बच्चों के अलावा सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों को सफर कराया जाएगा। इसमें करीब 70 स्काउट गाइड हैं। 2548 देहरादून लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस 14:25 बजे देहरादून से चलेगी और 15:26 बजे हरिद्वार, 17:40 बजे मुरादाबाद, 19:03 बजे बरेली जंक्शन, 22:40 बजे लखनऊ पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 22547 वंदे भारत एक्सप्रेस लखनऊ से सुबह 05:15 बजे चलेगी और बरेली जंक्शन पर 08:33 बजे पहुंचकर 08:35 बजे रवाना होगी। ट्रेन मुरादाबाद 09:52 बजे, हरिद्वार 12:10 बजे व देहरादून 13:35 बजे पहुंचेगी।

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

## लाखों रुपये के घोटाले की डीडीओ भी करेंगे जांच

**बरेली कार्यालय, अमृत विचारी :** जिला समाज कल्याण अधिकारी के फर्जी पत्र से बैंक की ओर से कई लोगों के निष्क्रिय खाते में भेजी गई पेंशन के मामले की जांच होगी। सीडीओ जगप्रवेश ने डीडीओ दिनेश कुमार को जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने का आदेश दिया है।

परसाखेड़ा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक आदित्य अग्रवाल ने बैंक में वर्ष 2022 से निष्क्रिय पड़े 14 खातों में लाखों रुपये वृद्धावस्था पेंशन के नाम पर जारी कर दिए। उनके मुताबिक शाखा को स्पीड पोस्ट के जरिए जिला समाज कल्याण अधिकारी के नाम से मिले पत्र निष्क्रिय खातों को सक्रिय कर वृद्धावस्था पेंशन भेजने की बात कही गई थी। फर्जीवाड़े की की जानकारी के बाद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वहीं, इस मामले को सीडीओ ने भी गंभीरता से लिया है।

उन्होंने बताया कि इसकी जांच डीडीओ को सौंपी गई है। जांच में पता लगाया जाएगा कि इस मामले में समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में किसी की भूमिका है या नहीं। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

## पऊनगला के तालाब की खोदाई शुरू, एक गाय का शव निकाला

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

- अमृत विचार में खबर छपते ही भुता से लेकर बरेली तक अफसरों में मची खलबली

**अमृत विचार :** फरीदपुर के पऊनगलाम में जलकुंभी और बेल से जकड़े तालाब की रविवार सुबह खोदाई शुरू हो गई। तालाब में फंसकर गायों के मरने और शवों के सड़ने की खबर छपने के बाद रविवार को भुता ब्लॉक से लेकर बरेली तक अधिकारियों में खलबली मच गई। शासन के संज्ञान में आने से पहले ही ब्लॉक के अफसरों ने जेसीबी के साथ टीम भेजकर तालाब की खोदाई शुरू करा दी है। दिनभर की खोदाई के बाद एक गाय के शव को बाहर निकालकर दफनाया गया। अन्य गायों के शवों की तलाश की जा रही है।

आबादी के बीच में तालाब होने की वजह से उसके पानी को अभी अधिकारी सुखा नहीं सकते हैं।

> सूखने के बाद जलकुंभी और खरपतवार को तालाब से खींचकर बाहर निकलवाया जाएगा। जब गेहूं की कटाई होने के बाद खेत खाली हो जाएंगे, उसके बाद तालाब से पानी निकलवा कर बिल्कुल सफाई कराई जाएगी। – **विनय शंकर मनी**, खंड विकास अधिकारी भुता

तालाब किनारे खेतों में गेहूं की फसलें खड़ी है। फसल कटने के बाद गांव के घरों का पानी तालाब में जाने से रोकते हुए खेतों में छोड़ने की कार्ययोजना बनाकर तालाब की पूर्णरूप से सफाई कराने पर चर्चा की गई। सोमवार से ब्लॉक की टीम जलकुंभी और अन्य खरपतवार को सुखाने के लिए केमिकल वाली दवा का छिड़काव करेंगे।

## तौकीर की पेशी आज, समन नहीं दे पाई पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को अदालत ने शहर में हुए 2010 के दंगे का मुख्य अभियुक्त करार देने के बाद 11 मार्च को तलब किया था लेकिन पुलिस तौकीर को अदालत का समन ही नहीं दे पाई। पुलिस ने तौकीर के घर पर समन चस्पा करने का दावा किया था लेकिन रविवार देर शाम तक उनके घर समन चस्पा करने नहीं पहुंची।

अदालत ने पांच मार्च को दंगे के केस की सुनवाई के दौरान विवेचक इंस्पेक्टर सुभाषचंद्र यादव की गवाही के बाद तौकीर रजा खां को मुख्य अभियुक्त करार दिया था और 11 मार्च को अगली सुनवाई पर अदालत में पेश होने का आदेश सुनाया था। इससे पहले पुलिस मौलाना तौकीर का नाम अपनी चार्जशीट से निकाल चुकी थी। अदालत के आदेश के बाद पुलिस पहले छह मार्च और फिर सात मार्च को समन देने तौकीर रजा के घर पहुंची लेकिन घरवालों ने उनके दिल्ली में होने की बात कहकर समन लेने से इन्कार कर दिया।

सात मार्च को भी समन लेने के लिए तौकीर के अपने घर पर न मिलने पर पुलिस ने दावा किया था कि आठ मार्च को समन उनके घर पर चस्पा कर दिया जाएगा लेकिन दो दिन गुजरने के बाद भी पुलिस ने समन चस्पा नहीं किया। बताया जा रहा है कि तौकीर रजा अब तक दिल्ली से नहीं लौटे हैं।

- दावा करने के बाद भी घर पर चस्पा नहीं किया समन
- तौकीर को दंगे का मास्टरमाइंड मानकर कोर्ट ने किया है तलब

### ... तो क्या लोकसभा चुनाव में बरेली से दूर रहेंगे तौकीर

शहर में हुए 2010 के दंगे के केस की सुनवाई में कुछ समय से तेजी आई है। पिछले कुछ समय से तौकीर रजा लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे हुए थे। लेकिन अब पिछले छह दिनों से उन्हें लगातार दिल्ली में बताया जा रहा है। आमतौर पर काफी मुखर रहने और तीखे बयानों के साथ शासन-प्रशासन को सीधी चुनौती देने की पहचान होने के बावजूद दंगे के केस में उन्हें मुख्य अभियुक्त करार दिए जाने के बाद उनकी ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया तक नहीं आई है। कहा जा रहा है कि दिल्ली से लौटते ही पुलिस उन्हें समन देने पहुंचेगी। घरवालों के साथ पार्टी पदाधिकारियों ने भी साफ नहीं किया है कि वह दिल्ली से कब लौटेंगे। इस बीच उनके कानूनी रक्षाकवच तैयार किए जाने की भी अटकलें लगाई जा रही हैं।

## लल्ला गद्दी का नाम लेकर युवक से बहनोई ने मांगी एक करोड़ की रंगदारी

बरेली कार्यालय

- रंगदारी न देने पर हत्या कर लाश गायब करने की दी धमकी सुभाषनगर में रिपोर्ट

**अमृत विचार :** माफिया रहे अशरफ के साले सद्दाम के गुर्गे लल्ला गद्दी का नाम लेकर एक युवक से उसके बहनोई ने फोन पर एक करोड़ की रंगदारी मांगी। रंगदारी न देने पर हत्या कर शव गायब कराने की धमकी दी। इस मामले में नेकपुर सुभाषनगर निवासी पुष्पेंद्र पाल सिंह ने ग्रेटर कैलाश करगैना निवासी विवेक मेहता, जगदीश मेहता, मधु मेहता, रुचि कन्नौजिया समेत एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुष्पेंद्र पाल सिंह ने बताया कि विवेक मेहता ने उनकी बहन रुचि कन्नौजिया से 6 दिसंबर 2022 को आर्य समाज तरीके से शादी कर ली। शादी के बाद पूरे परिवार ने बहन से रिश्ता खत्म कर लिया। आरोप है कि कुछ दिनों बाद विवेक मेहता, जगदीश मेहता और मधु मेहता दबाव बनाने लगे और साथ ही प्लाट खरीदने और मकान बनवाने के लिए रुपये मांगने लगे। रुपये न देने पर बदमाशों से संबंध बता कर जान से मारने की धमकी दी। इस पर उन्होंने लोन लेकर दो लाख रुपये दे दिए। इस बीच उनके पिता के नाम की जमीन बीडीए ने अधिग्रहण की तो उन्हें रुपये मिले। भनक लगते ही सभी आरोपी उनसे अलग-अलग नंबरों से फोन कर एक करोड़ की रंगदारी मांगने लगे। न देने पर जान से मारने की धमकी दी। जब उन्होंने फोन उठाना बंद कर दिया तो धमकी भरे मेसेज भेजे। 22 जनवरी को विवेक, जगदीश, मधु मेहता समेत एक अज्ञात व्यक्ति दो मोटर साइकिलों से मढ़ीनाथ चौकी के पास मिले और वहां पर भी एक करोड़ रुपये न देने पर धमकी देते हुए कहा कि अब पूरे परिवार की खैर नहीं है। एक ने उनका जबरन अपहरण करने की कोशिश की। लोगों को आता देख मौके से सब फरार हो गए।

तीन मार्च को विवेक मेहता ने एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगते हुए कहा कि रेहान गद्दी से उसकी बात हो गई है। वह जेल जाने से नहीं डरता है। उसी दिन रात विवेक मेहता और मधु मेहता स्कूटी से उसके घर आए। घर का दरवाजा खटखटाते हुए जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने डर की वजह से गेट नहीं खोला। धमकी देते हुए कहा कि रिहान गद्दी और लल्ला गद्दी से बात हो गई है। अगर एक करोड़ रुपये नहीं दिए तो जान से मार दूंगा।

## सरयू में डूबने से कानपुर के तीन छात्रों की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के संत तुलसीदास घाट के निकट रविवार को स्नान के दौरान कानपुर के तीन छात्रों की डूबने से मौत हो गई। कानपुर नगर के बर्रा थाना क्षेत्र के वर्ल्ड बैंक कॉलोनी निवासी छह युवकों का दल रविवार को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आया था। सभी युवक सुबह लगभग दस बजे सरयू में जल पुलिस की बैरिकेडिंग के आगे कच्चे घाट पर स्नान के लिए पहुंचे थे। सरयू का जलस्तर कम होने के चलते शुभम मिश्र उर्फ रवि का अचानक पैर फिसला और वह गहरे पानी में पहुंच गया और डूबने लगा। साथी अद्व्यन सिंह चौहान उर्फ़ प्रांशु और हर्षित अवस्थी ने उसे बचाने की कोशिश की और इसी में वे दोनों डूब गए। तीन अन्य साथी भी बचाने के लिए सरयू में आगे बढ़े, लेकिन स्थानीय लोगों और नाविकों ने इनको सकुशल बचा लिया। जल पुलिस के जवान और नाविकों ने सरयू में डूबे तीनों युवकों को बाहर निकाल कर श्रीराम चिकित्सालय भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी पर एसएसपी राजकरन नय्यर, सीओ अयोध्या आशुतोष मिश्र ने मौका मुआयना किया। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि हादसे में शुभम मिश्रा (20) पुत्र मोहन मिश्रा, अद्व्यन सिंह चौहान उर्फ प्रांशु (18) पुत्र ओम प्रकाश सिंह चौहान व हर्षित अवस्थी (18) पुत्र ललित नरायण अवस्थी की मौत हुई है।

## 190 यात्रियों से भरी डग्गामार बस पेड़ से टकराई, 20 घायल

संवाददाता, बरेली/नवाबगंज

- लोगों ने पुलिस की मदद से यात्रियों को निकाला बाहर, बहराइच से रोहतक जा रही थी बस

**अमृत विचार :** हाफिजगंज थाना क्षेत्र में बरेली-पीलीभीत हाइवे पर ब्लैक स्पॉट गौटिया तिराहे पर 190 सवारियों से भरी स्लीपर बस खाई में जाकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में बीस सवारियां घायल हो गईं। अमन ट्रेवल्स की बस बहराइच से रोहतक जा रही थी। कुछ सवारियों ने भूसी भरे ट्रक को बचाने तो कुछ ने ड्राइवर के नशे में होने की वजह से हादसा होना बताया। गुस्साए लोगों ने बस में तोड़फोड़ भी की।हादसा रविवार सुबह करीब 9 बजे हुआ। बस में भूसे की तरह भरी सवारियों में अफरा-तफरी मच गई।

### सवारियां बोलीं, शराब के नशे में था चालक

सवारियों ने बताया कि बस चालक शराब के नशे में था और बस की गति अधिक थी। चालक हादसा होने के साथ ही कूद कर मौके से फरार हो गया। बस को कब्जे में ले लिया।

> हाफिजगंज क्षेत्र के गौटिया तिराहे पर एक बस खाई में उतर गई और पेड़ से जा टकराई। कुछ सवारियों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस की तरफ से रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। –**मुकेश मिश्रा**, एसपी देहात उत्तरी

### 31 जनवरी को बिशनपुर के पास भी पलटी थी बस

31 जनवरी को लखीमपुर से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस नवाबगंज थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव के पास हाइवे पर पलट गई थी। इस हादसे में भी सवारियां घायल हुईं थीं। नवाबगंज और हाफिजगंज थाना क्षेत्र से होकर दर्जनों डग्गामार डबल डेकर बसें प्रतिदिन शाम को फर्राटा भरती हैं। इन बसों से जहां विभाग को प्रतिदिन लाखों का चूना लगता है तो वहीं इन बसों में सवारियों को भूसे की तरह भरकर उनकी जिंदगी से भी खिलवाड़ किया जाता है।

## मानसिक अस्पताल में ही बनेगा सौ बेड का क्रिटिकल केयर सेंटर

**बरेली, अमृत विचार :** सौ बेड का क्रिटिकल केयर सेंटर मानसिक अस्पताल में बनाया जाएगा। यूनिट के लिए करीब एक साल से जगह नहीं मिल रही थी। इसके बाद मामला वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार के पास पहुंचा था। जिसके बाद मंत्री ने राजकीय निर्माण निगम के अधिकारियों से अस्पताल में निरीक्षण किया था। अब भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया आरंभ करने को मानसिक अस्पताल के निदेशक से वार्ता शुरू हो गयी है।अन्य जिलों में जिला अस्पताल में ही यूनिट का निर्माण हो रहा है। बरेली में भी जिला अस्पताल में क्रिटिकल केयर यूनिट बनाई जानी थी लेकिन वहां पर्याप्त जमीन उपलब्ध नहीं थी। इसकी वजह से यूनिट का निर्माण होना मुश्किल था। पिछले दिनों अफसरों ने वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार के समक्ष मामला रखा। इसके बाद मानसिक अस्पताल का निरीक्षण भी किया था। अब अस्पताल में यूनिट के लिए पर्याप्त जगह मिल गई है और राजकीय निर्माण निगम जल्द ही यहां क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण शुरू कर देगा।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
पता: सेक्टर -7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
नि:शुल्क शल्य चिकित्सा शिविर
(नासूर/भगन्दर, बवासीर/मस्से/पाइल्स का नि:शुल्क चिकित्सा शिविर)
दिनांक: 12 मार्च से 15 मार्च 2024, समय : सुबह 9 से सायं 4 बजे तक
यदि आप निम्न लक्षणों से पीड़ित है तो एक बार अवश्य डोहरा रोड स्थित रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में दिखायें।
- शौच के समय मल द्वार से खून आना (बवासीर/ मस्से/Piles)
- गुदामार्ग के पास फोड़ा होना, मवाद (पस) आना (नासूर/ भगन्दर)
- कब्ज़ की शिकायत रहना
- शौच के समय दर्द एवं जलन रहना
- बच्चों के मलद्वार से खून आना, दर्द होना, कब्ज़ की शिकायत होना
- पैरों की नसों में दर्द, सूजन एवं नीलापन रहना (वैरीकोज वैन्स)
- कुराठी (कोर्न) का अग्निकर्म विधि द्वारा इलाज
- शरीर के किसी भी भाग में गांठ होना (Cyst/Lipoma)
- हाइड्रोसील का सफल ऑपरेशन
- पुराने से पुराने घाव (Non-Healing Ulcers)
- मूत्रमार्ग के सभी रोग जैसे: मूत्र त्याग में कठिनाई, मूत्रमार्ग में जलन आदि


-: धागा विधि (क्षारसूत्र) द्वारा भगन्दर, बवासीर, PNS का सफल इलाज
• आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर

डॉ. अनु कोटिया
B.A.M.S. (Chaudhary Brahm Prakash, Delhi), M.S. (Ay) IMS-BHU
नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली
नि:शुल्क परामर्श
नि:शुल्क ऑपरेशन (केवल चयनित मरीजों के लिए)
डॉ. गीता
B.A.M.S. (NIA JAIPUR), M.S. (AY) IMS-BHU
नियमित सेवाएं कमरा नं० 10, आर.ए.एम.सी.एच., बरेली
शिविर का लाभ लेने के लिए निम्न नम्बर पर फोन करके रजिस्ट्रेशन करवायें मो. 8077808309
परामर्श स्थान : कमरा नं०-10, रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल । मो. 8077808309

गुमशुदा



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी **पूनम** दिनांक 05.05.2023 को रात करीब 11 बजे घर से बिना बताये कहीं चली गयी है जिनको काफी तलाश किया गया लेकिन अभी तक नहीं मिली है।

**हुलिया** : रंग गोरा, लम्बाई करीब 5 फिट, उम्र करीब 21 वर्ष, नाक कान कद औसत, लम्बे काले बाल, मटमैले रंग की साड़ी व लाल रंग का ब्लाउज, पैरों में हवाई चप्पल काले रंग की पहने है।

महेन्द्र-पति, निवासी ग्राम जगतपुर थाना सेहरामऊ उत्तरी, पीलीभीत मो. 7317033652
प्रकाश सिंह-प्रभारी निरीक्षक, थाना सेहरामऊ उत्तरी, पीलीभीत मो. 9454404225

कार्यालय ग्राम पंचायत जासपुर, विकास खंड भदपुरा, जिला बरेली

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी पंजीत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जासपुर की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में मनरेगा आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 11.03.2024 से दिनांक 12.03.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 12.03.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु० लागत |
|---|---|---|
| 1. | दीनदयाल के घर से सुनील के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 3,32,437/- |

प्रधान-कृष्णा देवी
सचिव-राजू सिंह

कार्यालय ग्राम पंचायत जोरा मकरंदपुर, वि.खं. नवाबगंज (बरेली)

निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2023- 24 में स्वीकृत मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत को आवंटित/उपलब्ध धनराशि से कराए जाने हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार कार्यों के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिदाताओं/फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का विवरण निम्न अनुसार है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | सामग्री का विवरण | मद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डेरा से रामकुमार के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 4,07,016/- | प्रथम श्रेणी ईंट, रोड़ी, रेत, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, सरिया आदि। | मनरेगा |
| 2. | अमर सिंह के घर से बाबू के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 3,01,324/- | प्रथम श्रेणी ईंट, रोड़ी, रेत, बजरी, बजरफुट, सीमेंट, सरिया आदि। | मनरेगा |

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म निविदा प्रपत्र दिनांक 11/03/2024 से कार्यालय ग्राम पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकृत सप्लायर/फर्म द्वारा मोहरबंद लिफाफे में प्राप्त निविदाएं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 12/03/2024 को सायं 5:00 बजे खोली जाएगी।

ग्राम प्रधान
सचिव

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥


दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# ईसी के इस्तीफे पर सवाल

लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल का इस्तीफा बहुत सारे सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि उनके इस्तीफा देने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। परंतु उनका इस्तीफा अप्रत्याशित तो है ही। विपक्षी दलों ने रविवार को पूछा कि क्या उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) या केंद्र सरकार के साथ किसी मतभेद के कारण यह कदम उठाया है। उनका कार्यकाल 5 दिसंबर, 2027 तक था और अगले साल फरवरी में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद वह मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) बन जाते। गौरतलब है कि अरुण गोयल 1985 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने 21 नवंबर 2022 को चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभाला था। उनकी नियुक्ति विवादों में थी क्योंकि अपनी नियुक्ति से पहले यानी 18 नवंबर 2022 को ही उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। उनकी नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी लेकिन 3 अगस्त 2023 को मंजूरी दे दी गई। गोयल पिछले पांच वर्षों में पद छोड़ने वाले दूसरे चुनाव आयुक्त हैं। अशोक लवासा ने एशियाई विकास बैंक में शामिल होने के लिए 2020 में इस्तीफा दे दिया था। फरवरी माह में अनूप पांडे की सेवानिवृत्ति और गोयल के इस्तीफे के बाद तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग समिति में अब केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार हैं। यानि लोकसभा चुनाव से पहले भारत का चुनाव आयोग पूरी तरह से मुख्य चुनाव आयुक्त के हाथों में आ गया है। कहा जा रहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ मतभेद के कारण अरुण गोयल को इस्तीफा देना पड़ा। पिछले दिनों मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त संसदीय चुनावों की तैयारियों की निगरानी के लिए कई राज्यों के दौरे पर थे। अरुण गोयल मुख्य निर्वाचन आयुक्त के साथ-साथ रहे। गोयल ने पश्चिम बंगाल में तैयारियों के बारे में मीडिया को जानकारी देने के लिए कोलकाता में प्रेस क्रांफ्रेस में भाग लेने से इनकार कर दिया था। सीईसी ने उल्लेख किया था कि गोयल स्वास्थ्य संबंधी कारणों से दिल्ली लौट आए थे। अब उन्होंने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। गोयल ने ऐसे समय मे इस्तीफा दिया है जब चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बांड की जानकारी आयोग की वेबसाइट पर देनी है और लोकसभा चुनाव की घोषणा अगले सप्ताह होने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है। ऐसे में केवल मुख्य चुनाव आयुक्त सारी जिम्मेदारियों को अकेले कैसे निपटाएंगे क्योंकि चुनाव आयोग के सदस्यों की नियुक्ति में आमतौर पर समय लगता है।

# भारत की विरासत में रचा-बसा है वैज्ञानिक दृष्टिकोण



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

युवजनों को उन प्रक्रियाओं से वाकिफ होना होगा जिनसे गुजर कर मौलिक वैज्ञानिक सोच और विमर्श के जरिए विशिष्ट प्रकार की एक क्षेत्रीय और यूनिवर्सल जानकारी का सृजन होता है और इसके महत्व का आकलन भी। ज्ञान के एक अंश का प्रतिपादन किस तरह से होता है और इसके बल पर एक कृति और रचना का विकास कैसे होता है, यह जानना अहम् है।

भारत के आमजन में विज्ञान के प्रति समझ की भारी कमी है और विकसित देशों के लोगों में यह अधिक है। परन्तु कोई भी बौद्धिक यह स्पष्ट नहीं कर पाता कि कौन से विज्ञान की समझ कम होने की बात वे करना चाहते हैं? देशज और पारंपरिक विज्ञान की अथवा, मॉडर्न एवं अत्योन्नत आधुनिक विज्ञान और टेक्नोलॉजी की। 'आमजन', 'टेम्परामेंट', 'विज्ञान', 'साईंस पॉपुलराईज़ेशन', 'पॉपुलर साईंस एंड टेक्नालजी' में मूर्त और अमूर्त का ख्याल और मजमून अर्थात टेंजिबल और ईंटेंजिबल कंटेंट को समझना है तो विज्ञान के देशज और आधुनिक दोनों ही प्रकार के इतिहास को समानांतर रूप से समझना होगा और देशज शब्दावली को भी अपने प्राचीन ग्रंथों के अध्ययन के जरिए से जानना होगा।

युवजनों को उन प्रक्रियाओं से वाकिफ होना होगा जिनसे गुजर कर मौलिक वैज्ञानिक सोच और विमर्श के जरिए विशिष्ट प्रकार की एक क्षेत्रीय और यूनिवर्सल जानकारी का सृजन होता है और इसके महत्व का आकलन भी। ज्ञान के एक अंश का प्रतिपादन किस तरह से होता है और इसके बल पर एक कृति और रचना का विकास कैसे होता है, यह जानना अहम् है। इन दोनों में अन्वेषण की प्रक्रियाओं और मूल प्रवृत्तियों में क्या भेद है, इसने मनुष्य की समझ में किस प्रकार का और मात्रात्मक रूप से कैसे और कितना इजाफा किया, जानना भी आमजन के लिए अब जरूरी हो गया है। उदाहरण के लिए कृषि क्षेत्र में 21 फसलों के लिए मिनिमम सपोर्ट-प्राइस के कांसेप्ट के उदय में परिवार और समाज का ताना-बना, पर्यावरणी और मौसमी घटकों के बाद साइंस और टेक्नोलॉजी तो है ही लेकिन मानव व्यवहार और इकोनॉमिक्स की अपेक्षाकृत इसमें प्रबल भूमिका है जिसे आमतौर से कम महत्व मिला है। इन तत्वों के दृष्टिगत गहन परीक्षा किए जाने के उपरांत भी किसान इसलिए अशांत है कि प्रत्येक घटक अपनी जगह कायम होने के बावजूद किसान का जीवन-यापन कठिनता से होता है। इसीलिए इस मामले को सुलझाने के लिए हमें नए घटक तलाशने होंगे और किसान के जीवन से जुड़े हर उस पहलू को बचाना होगा जिससे देश की फूड सिक्यूरिटी के अलावा इनके कल्याण का मामला संबद्ध है। इसी से जुड़ा हुआ एक मसला है फसलों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी कीट-पतंगों के जीवन चक्र को पेस्टिसाइड के इस्तेमाल से नष्ट कर देना जिसके बारे में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का इस्तेमाल नहीं किया गया। परिणाम को देखकर अब उन कीट-पतंगों और क्षेत्र-रक्षक जीवों को फिर से इंट्रोड्यूस करने की कवायद जारी है जिन्हें किसान और फसलों का 'शत्रु' करार दिया गया था।

> आमतौर से विज्ञान दिवस के मौके पर व्याख्यान और विमर्श की व्यवस्था की जाती रही है। स्कूली बच्चों को मीडिया के जरिये से इश्तिहार देकर आयोजन में अगर निमंत्रित किया है, तो मौके पर मौजूद वैज्ञानिक ही उनके प्रश्नों के उत्तर भी देते हैं। सुविधा होने पर विजुएल्स और वीडियोज भी दिखाए जाते हैं।

आमतौर से विज्ञान दिवस के मौके पर व्याख्यान और विमर्श की व्यवस्था की जाती रही है। आमजन और स्कूली बच्चों को मीडिया के जरिये से इश्तिहार देकर आयोजन में अगर निमंत्रित किया गया है, तो मौके पर मौजूद वैज्ञानिक ही उनके प्रश्नों के उत्तर भी देते हैं। सुविधा होने पर विजुएल्स और वीडियोज भी दिखाए जाते हैं। कोशिश की जाती कि कुछ घंटे के लिए या एक दिन के लिए माहौल को 'विज्ञानमयी' बनाया जाए ताकि इसका स्मृति-अंश उपस्थित आमजन के जीवन में प्रवेश करे और इसकी छाप दैनंदिन दिखाई दे। ऐसा करने से उपस्थित जनों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण जागृत होने का अनुमान तो होता है लेकिन इसे कभी आंशिक रूप से मापा नहीं गया है जैसे कि हमारे घरों में पारंपरिक रसोई में फूड प्रसंस्करण की प्रक्रिया के वैज्ञानिक लाभ या फिर पैर में डाले वाले जाने वाले अनेक प्रकार के उन जूतों की बनावट और इनके असर को ज्ञात करना जो सिंथेटिक या नेचुरल मेटेरिअल से बने होते हैं। जूतों को रक्षात्मक कवच के तौर पर पहनने के लिए और आहार को पेट भरने से अधिक आमजन कुछ अधिक नहीं जानना चाहते। मन में साइंटिफिक इंवेस्टिगेटर बनने के लिए रुझान तो पैदा हो सकता है, लेकिन वह वैज्ञानिक बन कर कोई खोज या अन्वेषण कर सकेगा या रोजमर्रा के जीवन में वैज्ञानिक जानकारी का प्रयोग भी एक व्यक्ति करेगा, यह 'प्रीडिक्ट' करना नामुमकिन है। विज्ञान की समझ पैदा करना अर्थात पब्लिक अंडरस्टेंडिंग ऑफ़ साइंस और विज्ञान का एकतरफा 'लोकप्रियकरण' दो अलग स्थितियां हैं। इन दो किस्म के आयोजनों में विषयों और ऑब्जेक्ट्स की और ऑडियंस की भिन्नता ही दृष्टिगत नहीं रहती वरन विज्ञान के इतिहास, हमारे जीवन में इसके क्रिटिकल रोल, वैज्ञानिक अनुसंधान की डायनामिक्स, ऐसी समस्याओं की पहचान की पद्धति जिन्हें वैज्ञानिक रीति से सुलझाने के लिए स्टडीज की डिजाईनिंग किस प्रकार से की जा सकती है, इस बारे में जानकारी का संप्रेषण और ग्रहण, वैज्ञानिक शोध के प्रकाशन के तौर-तरीकों, डेटा मैनेजमेंट एंड सिक्यूरिटी और व्यावहारिक विज्ञान और, वैज्ञानिक विमर्श में क्रिटीकैलिटी जैसे महत्वपूर्ण नुक्तों को छुआ तक नहीं जाता। नए ज्ञान का सृजन करने के लिए स्वतःस्फूर्त पड़ताल प्रक्रिया की प्रवृत्ति और पैनी निगाह का युवजनों में विकसित होना देश में वैज्ञानिक प्रगति के मौजूदा मुकाम से आगे निकलने के लिए अत्यावश्यक है। जाहिर है सन 1929 से ही देश में राजनैतिक नेतृत्व के लिए यह विमर्श का विषय रहा है। इस आशय का पहला संदेश लाहौर में कांग्रेस पार्टी के अधिवेशन के दौरान प्रथम प्रधानमंत्री बने जवाहरलाल नेहरु ने देश के लोगों के सामने रखा था।

विज्ञान दिवस जैसे आयोजन का तात्पर्य मनोरंजन और भाषण बाजी नहीं बल्कि दीर्घ काल से पोषित और संवर्द्धित होती रही उस भावना को ताजा करने की एक प्रक्रिया मात्र है जो भारत की विरासत में रचा-बसा है। इसीके अंतर्गत देश के लिए नेशनल साइंस पालिसी डॉक्यूमेंट में उचित समय पर आवश्यक संशोधन किए जाते रहे। विज्ञान लोकप्रियकरण के लिए दूसरी पंचवर्षीय योजना के ड्राफ्ट में ही उक्त आशय के लिए एक नीति निर्देश नेहरू जी ने डलवा दिया था। यह सब इस बात से अधिक ताल्लुक रखने वाला है कि उक्त निर्देश का पालन करने के लिए देश में किस किस्म के प्रोग्राम डिजाईन किए जाने जरूरी समझे गए और इनका क्या असर जनमानस पर हुआ। निश्चित रूप से यह बढ़ा है, जैसा कि तीस-बत्तीस वर्ष पूर्व नेशनल कौंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन द्वारा प्रायोजित एक सर्वेक्षण से मालूम हुआ था जिसे प्रयाग में संपन्न हुए महाकुंभ मेले के दौरान सूचनाएं जुटाने के बाद की गई एनालिसिस ने जाहिर किया। विभिन्न आयोजनों के अंतराल के बीच भारत सरकार ने देश में कुछेक स्थानों पर नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च जैसे संस्थानों की स्थापना की है और प्रांतीय स्तर पर राज्य कौंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की भी, परन्तु राज्य स्तर के संस्थान विज्ञान लोकप्रियकरण के मामले में बेहद सुस्त पाए गए हैं जिनकी राज्यवार स्थापना का कार्य सन 1871 से ही शुरू हो गया था। पाया गया कि इन कौंसिल्स का विज़न 'फ्रैक्चर्ड' अर्थात विखंडित रहा जिसकी वजह इनका सुस्त रवैय्या रहा। अपने राज्य के लोगों में विज्ञान के प्रति रुझान को उत्तरोत्तर बढ़ाने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को संवारने और संवृद्ध करने में इनमें से अधिकांश नाकामयाब रहे हैं। इनसे बढ़िया असर तो 'विज्ञान एक्सप्रेस' रेलगाड़ी का रहा जिसे पहली बार सन 2007 से 2010 और पुनः सन 2011 से 2014 तक पूरे देश में 100 स्टेशनों पर दो-तीन दिन के लिए थामा गया था। इसकी 'इम्पैक्ट एसैस्मेंट स्टडी' उत्साहवर्द्धक रही थी। विज्ञान संबंधी नियमित किस्म की ऐसी गतिविधियों से अवगत कराने के लिए जोकि 'पब्लिक इंटरेस्ट' की होती हैं, मीडिया द्वारा ज्यादातर गौण समझ कर छोड़ दी जाती रही हैं।

देश में विज्ञान नगरियों (साइंस सिटी) की स्थापना का काम भारत में पूर्व प्रधानमन्त्री इंद्र कुमार गुजराल के समय में शुरू हुआ था। मतलब यह कि भारत में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति आमजन में समझ को वर्टीकल और हॉरिजॉन्टल दोनों ही तरीके से ऊपर उठाए जाने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद है।

## प्रसंगवश

# गरचे टेलीफोन न बनता

सोचिए यदि टेलीफोन न होता तो ? दुनिया दूरियों में खो जाती। पृथकता गहराती। फासले लंबाते। मानवता बस चिंदी चिंदी ही रह जाती। 148 साल पूर्व 10 मार्च को एक घटना ने सब कुछ बदल डाला। तभी 29-वर्षीय एलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने टेलीफोन को इजाद किया। उनका तुक्का भिड़ गया। उनकी टोपी में तुर्रा तभी से लग गया। एकदा वे तार का एक सिरा पकड़े अलग कमरे में दूसरा छोर पकड़े मित्र से बोले :' वाटसन मैं मिलना चाहता हूं।' चंद लम्हों में ही वाटसन आ गए और हर शब्द दुहराए जो उन्होंने सुने थे। बस दूरभाष अवतीर्ण हो गया। ग्राहम बेल की विवशता थी कि उसकी मां और पुत्री बधिर थीं। एक वाणी चिकित्सक होने के नाते ग्राहम बेल बहरों से संकेतों द्वारा बातें करने का प्रयास करते थे। यही इस युगांतरकारी अविष्कार की जननी रही।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

ग्राहम ने "बेल कंपनी" स्थापित की। सफर मीलों चला। पेटेंट मिला। मगर अमेरिका के विधि अधिकारियों ने अड़चने पैदा की। अंततः कामयाबी मिल ही गई। तेरह साल की आयु में ही ग्रेजुएट बनने वाले ग्राहम बेल तीन साल बाद मशहूर संगीत अध्यापक भी बन गए। अर्थात ध्वनि, वाणी और संचार के निष्णात। उन्होंने कम्युनिकेशन तकनीक में भी दूरगामी और लाभकारी अविष्कार किए। संचार क्रांति के जनक कहलाए।

ग्राहम बेल को न केवल टेलीफोन, बल्कि ऑप्टिकल-फाइबर सिस्टम, फोटोफोन, बेल और डेसिबॅल यूनिट, मेटल-डिटेक्टर आदि के आविष्कार का श्रेय भी जाता है। ये सभी ऐसी तकनीक पर आधारित हैं, जिसके बिना संचार-क्रंति की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। अलेक्जेंडर ग्राहम बेल को शायद अंदाजा नहीं रहा होगा जब उस जमाने की अपेक्षाकृत कम चर्चित उनकी दूसरी खोज मेटल डिटेक्टर आने वाले समय में आतंकवाद सहित अन्य प्रकार के अपराधों से लड़ने में कारगर उपकरण साबित होने वाली है। पुलिसिया जांच में आज बड़ी कारगर है। टेलीफोन की खोज के बाद बेल उसमें सुधार के लिए प्रयासरत रहे और 1915 में पहली बार टेलीफोन के जरिए हजारों किलोमीटर की दूरी से बात की।' न्यूयार्क टाइम्स' ने इस घटना को काफी प्रमुखता देते हुए इसका ब्यौरा

> ग्राहम बेल को न केवल टेलीफोन, बल्कि ऑप्टिकल-फाइबर सिस्टम, फोटोफोन, बेल और डेसिबॅल यूनिट, मेटल-डिटेक्टर आदि के आविष्कार का श्रेय भी जाता है।

प्रकाशित किया था। इसमें न्यूयार्क में बैठे बेल ने सैनफ्रांसिस्को में बैठे अपने सहयोगी वाटसन से बातचीत की थी। उनकी विभिन्न खोजों पर उनके निजी अनुभवों का भी प्रभाव रहा। मसलन जब उनके नवजात पुत्र की सांस की समस्याओं के कारण मौत हो गई तो उन्होंने एक मेटल वैक्यूम जैकेट तैयार किया जिससे सांस लेने में आसानी होती थी। उनका यह उपकरण 1950 तक काफी लोकप्रिय रहा और बाद के दिनों में इसमें और सुधार किया गया। अपने आसपास कई लोगों को बोलने एवं सुनने में कठिनाई होते देख उन्होंने इस दिशा में भी अपना ध्यान दिया और सुनने की समस्या के आकलन के लिए आडियोमीटर की खोज की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के अलावा वैकल्पिक ऊर्जा और समुद्र के पानी को मीठा बनाने की दिशा में भी काम किया। ग्राहम बेल की जीवनी लिखने वाले कैरलोट ग्रे के अनुसार बेल के नाम 18 पेटेंट दर्ज हैं। इसके अलावा 12 पेटेंट उनके सहयोगियों के साथ दर्ज हैं। इन पेटेंटों में टेलीफोन, फोटोफोन, फोनोग्राफ और टेलीग्राफ शामिल हैं। उन्होंने आइसबर्ग का पता लगाने वाला एक उपकरण भी बनाया था। जिससे समुद्री यात्रा करने वाले नाविकों को खासकर अत्यधिक ठंडे प्रदेशों में विशेष मदद मिली।

अक्सर पत्रकारी नजरिए से हमें ख्याल आता है कि यदि ग्राहम बेल के ईजाद न होते तो मीडिया दुनिया ही विकलांग रहती। यही सवाल मेरी यांत्रिकी इंजीनियर बेटी (रेलवे बोर्ड में राष्ट्रीय धरोहर विभाग की कार्यकारी निदेशिका) विनीता ने वर्षों पूर्व मुझसे पूछा था : ' पिताजी यदि ग्राहम बेल न होते तो ?' मेरा खरा जवाब था :'आज वैश्विक मीडिया गूंगी रहती।' मगर संचार क्रांति में निरंतर विकास देखकर आह्लादित होना हर पत्रकार के लिए स्वाभाविक है। एलेक्जेंडर ग्राहम बेल को सलाम।

# नियमों से बंधे हुए हैं अधिकारी और कर्मचारी



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

> मिलिट्री में सामान्य अवधारणा ये है कि अपने अधिकारी के आदेशों का पालन करना ही यहां की पहली शर्त है।

सरकारी संस्थाओं के बेजा इस्तेमाल से विरोधी पक्ष को दबाने की प्रवृत्ति इन दिनों दुनिया में काफी बढ़ गई है। और ये सब अनुशासन बहाली के नाम पर किया जा रहा है। जय प्रकाश नारायण के बिहार आंदोलन के समय उन्होंने पुलिसबल से आदेशों को नही मानने का आह्वान किया था। सरकार ने उन पर अनुशासनहीनता और देशद्रोह का आरोप लगा कर उन्हें गिरफ्तार किया था।

इस आंदोलन के बाद एक सवाल बहुत जोर से उभरा कि क्या सरकारी कर्मचारी सरकार के नियम विरुद्ध/गैरकानूनी आदेशों को भी मानने के लिए बाध्य है। जो इसका जवाब हां में देते हैं वो मुख्यतः तीन तर्क देते हैं। अगर एक सरकारी कर्मचारी अपने सुपीरियर के नियम सम्मत या विपरीत किसी आदेश को नही मानेगा तो अनुशासन नहीं रह पाएगा। और ऐसी अनुशासनहीनता करने पर वो दंड का अधिकारी होगा। तीसरा आदेश के सही गलत होने पर निर्णय लेने का उसका अधिकार नहीं। इससे बहुत समस्या पैदा होगी।

प्रथम दृष्टता ये बात सही प्रतीत होती है कि अनुशासन का होना जरूरी है। लेकिन वास्तव में ये कुछ ऐसा है कि अगर प्रत्येक कर्मचारी अनुशासन से बंधा है तो प्रत्येक अधिकारी भी कानून से बंधा हुआ है। वो कानून विरुद्ध कोई मनमाना आदेश नही दे सकता। अगर अधिकारियों को ये अधिकार दे दिया जाए तो देश मे अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी।

आदेशों को नहीं मानने के संबंद में एक तर्क ये दिया जाता है कि इससे मातहत दंड अधिकारी होगा। लेकिन ये कानून की गलत व्याख्या है। मातहत केवल नियम सम्मत आदेशों को ही मानने के लिए बाध्य है। और अधिकारी भी केवल नियम सम्मत आदेश देने के लिए। नियम विरुद्ध आदेशों को नहीं मानना अधिकारी की अवहेलना हो सकती है, कानून की नहीं। देखा जाए तो कर्मचारी और अधिकारी दोनों नियमों से बंधे हुए हैं। नियम विरुद्ध कोई भी बात मानना बाध्यकारी नहीं है। अनुशासन से यहां मतलब कानून के प्रति अनुशासन, ना कि किसी व्यक्ति विशेष के प्रति जो उस वक्त पद पर है। इस बहस का कानूनी पक्ष ये है कि नियम विरुद्ध आदेश को मानने से इनकार करने पर कर्मचारी किसी अनुशासन को भंग नही करता बल्कि वो कानून के शासन की वकालत करता है।

चरणदास नारायण सिंह बनाम राज्य - हवलदार हरनाम सिंह ने अपने मातहत चरण दास को उन परिस्थितियों में गोली चलाने का आदेश दिया, जिसे कोर्ट ने नियम विरुद्ध माना। कोर्ट ने माना कि हरनाम सिंह के आदेश का उन परिस्थितियों में कोई औचित्य नहीं था और चरण दास ने उस आदेश का पालन नहीं कर कानून का पालन ही किया है। आर्मी एक्ट 1950 का सेक्शन 41 भी केवल नियम सम्मत आदेशों के उल्लंघन को ही अनुशासनहीनता मानता है। क्वीन इम्प्रेस बनाम सुभा नाइक - स्टेशन अफसर ने अपने मातहत कॉन्स्टेबल को फसल काटने वालों पर गोली चलाने का आदेश दिया। एक व्यक्ति मारा गया। कोर्ट ने माना कि आदेश नियम सम्मत नहीं था और कॉन्स्टेबल के साथ उसके मातहत को भी अपराधी माना। मातहत को इस आधार पर छूट नही मिली की उसने तो केवल अपने सुपीरियर के आदेश का पालन किया था। चमन लाल बनाम एम्परर - न्यू सेंट्रल जेल, मुल्तान के डिप्युटी सुपरिटेंडेंट चमन लाल और उनके हेड वार्डन सेवा राम दोनों पर कैदियों को बेरहमी से पीटने का आरोप था। इसमे दो कैदियों की मृत्यु हो गई थी। कोर्ट ने दोनों को दोषी पाया और सेवा राम को इस आधार पर माफी नहीं मिली कि उसने तो केवल अपने अधिकारी के आदेश का पालन किया था।

मिलिट्री में सामान्य अवधारणा ये है कि अपने अधिकारी के आदेशों का पालन करना ही यहां की पहली शर्त है। लेकिन इसका कानूनी पक्ष ये है कि अपराधी ठहराएं जाने पर उसे इस आधार पर माफी नहीं मिलेगी क़ि उसने तो केवल अधिकारी के आदेश का पालन किया था।बहरहाल ऐसे बहुत से उदाहरण हैं जहां हम देखते हैं कि आदेशों को नहीं मानने को भी नियम सम्मत माना गया। लेकिन इसके लिए जिगरा चाहिए जो खुद सही और गलत के बीच निर्णय ले अपने अधिकारी के आदेश को मानने से इनकार करे। वैसे एक सच ये भी है कि एक पुलिस/मिलिट्री की सेवा के हालात बहुत कठिन होते हैं। अपने अधिकारी के आदेशों को नही मानने पर वो सेवा शर्तों के अनुसार दंड का अधिकारी होता है और मानने पर कई बार वो कोर्ट की नजर में अपराधी सिद्ध होता है।

## सोशल फोरम

# एक सांस की अहमियत

बचपन में सब पूछते थे की कौन सा खिलौना पसंद है। ज़रा बड़े हुए तो पूछा कौन से कपड़े पसंद हैं। हाईस्कूल पास करके आगे बढ़े तो पूछा क्या बनना चाहते हो। मेरे पास गिनाने को खिलौने थे, कपड़ों की डिज़ाइन थी और करियर के हज़ार ऑप्शन थे बस यह नही पता था कि एक अदद सांस को कैसे ज़िंदा रखा जाए। झूठ,धोखे,मतलब परस्ती के बीच ज़िंदगी के एक,सिर्फ़ एक क़तरे को कैसे बचाए रखा जाए। किसी ने नहीं पूछा कि इन सांसों को कैसे बचाओगे, जब यह छूट रही होंगी। किसी ने नहीं कहा जब खिलौने, कपड़े,करियर अपना रंग छोड़ेंगे, तब ज़िंदा कैसे रहोगे ।



हफीज किदवई
लेखक

एक सांस के लिए जब जी तड़पेगा। तब कैसे ख़ुद को संभालोगे। किसी ने उस सांस का मोल क्यों नही समझाया,जो दुनिया की हर ख़्वाहिश, हर ज़रूरत से बड़ी थी। मौत सामने हो और पीठ पीछे सारी ख्वाहिशें, सारे ख़्वाब, सारी हसरतें,उनका क्या ही करें। यह लगने लगे कि ज़माने की दौड़ में आपकी आवाज़ के लिए कोई कान नहीं है । लड़खड़ाते वक्त पकड़ने को कोई हाथ नही है। डगमगाते वक्त रोकने वाला कोई नहीं है। जिनपर वक्त ख़र्च किया,उनके पास आपके लिए ही वक्त नहीं है । जिनके साथ एतबार का रंग पक्का किया,वह रंग उतरकर फीके पड़ जाए। कोई अपना ही उम्मीद की सुनहरी चिड़िया के पर नोच दे । तो क्या करना है । मुझे नही पता कि ज़िंदगी की एक सांस की अहमियत क्या है। वरना जब कोई बचपन में पूछता कि क्या चाहिए,मैं कहता कि ज़िंदगी। हाईस्कूल में कोई पूछता की क्या बनोगे,तो मैं कहता कि सांसों को बुनूंगा । कोई मुझसे कपड़े के बारे में पूछता,तो कहता यार,सांसों के रंग को उकेरूंगा । मैं समझदार होता,तो बतलाता की सब कुछ होगा,बस नहीं होगी जब एक अदद सांस, तो उसकी फ़िक्र करता,उसके लिए मनसूबे बनाता। मैं समझदार होता,तो बतलाता की सब कुछ होगा,बस नहीं होगी जब एक अदद सांस, तो उसकी फ़िक्र करता,उसके लिए मनसूबे बनाता।

वक्त होता तो मैं बचपन में ही बोल देता की हां मुझे खिलौना न दो,बस ज़िंदगी को खिलौना न बनने देना,कोई जीभर खेले और फिर मुंह मोड़कर कह जाए,दिल भर गया.... दुनिया में सबसे बेईमान चीज़ को अपने साथ सारी ज़िन्दगी लेता फिरा,फिर भी वह साथ छोड़ती नहीं और साथ देती भी नही,मेरी बेवफ़ा सांसें....

-फेसबुक वॉल से

# किसे फिक्र है हमारी

'सिमोन द बोउआर' कहती हैं कि स्त्रियां पैदा नहीं होती हैं गढ़ी जाती हैं। सच ही तो है कि हमें अपने अस्तित्व का औचित्य साबित करने के लिए लोगों से प्यार करना होता है उनकी चिंता करनी होती है तभी हमारा समाज एक औरत को जीवन को सार्थक समझता है। भले ही बदले में हमें कुछ न मिले और खुद को छला हुआ महसूस करते रहें किसे फिक्र है हमारी? जमाने भर की चिंता फिकर हो या दुनिया भर का प्यार सब करके भी हम खुद को ठगा ही महसूस करते रहेंगे हमेशा। जब तक ये हम खुद नहीं समझेंगे कि हम भी उतने ही इंसान हैं जितना कि पुरुष। संवैधानिक रुप से हर वो नियम जो उन पर लागू है हम पर भी वही नियम लागू हो। लेकिन शुरू से ही कोई भेदभाव होता देखकर खुद को संतुष्ट कर लेना ,दिल टूटने पर चुपचाप रोकर आंसू पी लेना और ससुराल में अच्छी बहू साबित होने के लिए खुशी खुशी सब स्वीकार लेना।और स्वतंत्रता के नाम पर महिला दिवस मना लेना।



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

घर परिवार और समाज पर जो धार्मिक मान्यताएं लादी गईं वे भी हमारे कंधे पर ही और हमारी फिल्मों और साहित्य ने हमें पीछे धकेलने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आदर्श स्त्री के लिए इन्होंने जितने मापदंड बनाए कि हर स्त्री आज बस कन्फ्यूजन की स्थिति में है कि क्या वो सच में आदर्श है ? कभी अच्छी बहू बनने के लिए वो घर का काम करना चुनती है तो कभी अच्छी मां बनने के लिए वो अपनी जॉब छोड़कर घर बैठना पसंद करती है। घर का कोई काम बिगड़ने पर और बच्चे के खराब रिजल्ट पर वो दोषी होगी जबकि सबकुछ अच्छा या बेहतरीन होने पर शायद ही उसे कोई श्रेय देगा! अब तो हम फिल्मों से सीखते हैं कि हमें क्या पहनना चाहिए और कौन से व्रत ,पूजा और त्योहार करने चाहिए। इतिहास और राजनीति में हमें बेहद सीमित मौके मिले हैं और साहित्यकारों ने हमें कभी कामयाब और मजबूत रुप में नहीं गढ़ा है। मैंने पढ़ा है कि महान लेखक टॉलस्टाय ने अपनी सबसे मशहूर उपन्यास अन्ना कैरनिना लिखते समय अन्ना का चरित्र बेहद खराब बनाने की कोशिश करते हुए लिखा था पर जब उपन्यास पूरा हुआ तो अन्ना की इमेज एक मजबूत और शानदार महिला के रुप में निखर गई पर क्या ही फायदा जब लेखक उसे अंत में ट्रेन के सामने गिराकर आत्महत्या करने को मजबूर कर दे। जबकि वो बस दो पंक्तियां बदल कर उसे मजबूत बना सकता था पर उसे लगता रहा कि उसकी कृति को समाज स्वीकार नहीं करेगा क्योंकि वो खुद ही स्वीकार नहीं पा रहा होगा। इसी तरह चोखेर बाली उपन्यास लिखने के बाद टैगोर माफी मांगते हैं कि वो चोखेर बाली के साथ न्याय नहीं कर पाए! आखिर क्यों? किसने रोका था उन्हें? जबकि राजा राममोहन राय विधवा विवाह शुरू करवा चुके थे तो क्या आपसे दो पंक्तियां भी नहीं बदली जा रहीं थीं ? लेखन बस वो नहीं होता कि आप सच दिखाने के लिए ज्यों का त्यों लिखने की कोशिश करें लेखन वो होता है जो बदलाव ला सके लोगों की सोच समृद्ध कर सके। अफसोस! आप वहां तक सोच भी नहीं पाते हैं... हम सीता बनकर भी अग्नि परीक्षा देते रहे, गार्गी और अपाला बनकर गालियां खाते रहे , विद्योतमा और रत्नावली बनकर प्रेरणा बने रहे पर हमें किसी ने प्रेरित नहीं किया। आदमियों की सफलता में हमारा योगदान रहा और हमारी सफलता में आपने बाधा बनना चुना?

मजाज़ लखनवी का शेर याद आ रहा है ...
तेरे माथे पर ये आंचल बहुत खूब है,
तू इस आंचल से एक परचम बना लेती तो अच्छा था!

# कल्कि धाम का शिलान्यास

हाल ही में हुई धर्म अनुष्ठानों की धूम के बीच मुरादाबाद के संभल में कांग्रेसी नेता रहे आचार्य प्रमोद कृष्णम् के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे होने वाले भगवान विष्णु के दसवें अवतार 'कल्कि'के धाम का शिलान्यास किया। कल्कि भगवान भाद्रपद,शुक्ल पक्ष तृतीया को सायंकाल यहां एक सात्विकी ब्राह्मण विष्णुयश के घर उनके पुत्र रूप में अवतरित होंगे, जिनकी कथा कल्कि पुराण सहित तमाम धर्म ग्रंथों में आई है। उनकी माता का नाम सुमति होगा। श्रीभद्भागवत्-स्कंध-12 के अनुसारः

सम्भलग्राम मुख्यस्य ब्राह्मणस्य महात्मनः।/ भवने विष्णुयशसःकल्किः प्रादुर्भविष्यति।।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

वे शीघ्र ही सभी विद्याओं में पारंगत हो जाएंगे। शस्त्र विद्या उन्हें परशुराम जी सिखाएंगे; फिर उनसे वे शिव जी की तपस्या करने को और वरदान में दिव्यास्त्र मांगने को कहेंगे। कल्कि वैसा ही करेंगे और परम शक्तिशाली बन जाएंगे। उनका विवाह पद्मा नामक कन्या से होगा। उनकी एक अन्य पत्नी वैष्णो देवी की रूप रमा भी होंगी। उनके चार पुत्र होंगे। वे देवदत्त नामक सफेद घोड़े की सवारी करेंगे। उनके पास धनुष वाण और तलवार भी होगी। वे कलि नामक राक्षस को मारेंगे तथा पापियों का संहार करेंगे। जयदेव रचित "गीत गोविंद"के अनुसार वे म्लेच्छों का संहार करेंगे।"म्लेच्छनिवचनिधने कलयसि करवालम्। धूमकेतुमिव किमपि करालम्।। केशव धृत कल्कि शरीरम्"।।

यह सब होगा तो निश्चय ही, क्योंकि शास्त्रीय मान्यता हैः किंतु इसका समय अभी बहुत दूर है। वे कलियुग के अंत में अवतरित होंगे। कलियुग चार लाख बत्तीस हजार साल का होता है, जिसके अभी कुल पाच हजार साल ही बीते हैं। तब तक अभी तक हो चुके नौ अवतारों की पूजा उपासना से काम चल सकता था। चार लाख सत्ताइस हजार साल के आसपास भविष्य में होने वाले अवतार का धाम निर्माण और पूजा आदि कम समझ में आ रहा है। देश में लगभग दस लाख मंदिर हैं। सभी में प्रतिष्ठित देवी देवता आदरणीय और पूज्य हैं।क्या यह संख्या कम है? महामानवो, अवतारों की अर्चना उपासना उनके कर्मों और स्थापित किए गए आदर्शों का सम्मान और अनुसरण होता है; जबकि कल्कि का यह समय अभी बहुत दूर है। वे तो हुए ही नहीं हैं। ग्रामीण कहावत है "जौं हैं खेत,ललन हैं पेट,मुड़ने(मुणडन) की धूम मची"। इस केस में तो ललन अभी पेट में ही लाखों साल बाद आएंगे। तब क्या यह शीघ्रता आसन्न चुनावों हेतु धर्मास्त्र है? मैं समझता हूं इसके लिए "रामास्त्र"ही काफी था। अब इस पर भरोसा न रहा हो तो बात दूसरी है।

प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में प्रत्याशियों के नाम पर हुई चर्चा

# अमेठी से राहुल, रायबरेली से प्रियंका के नाम पर रहा फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ





**अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन के तहत प्रदेश कांग्रेस को मिलीं 17 सीटों को लेकर रविवार को प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में अमेठी से कांग्रेस नेता राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनाव मैदान में उतारे जाने पर जोर दिया गया। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई बैठक में बाकी सीटों पर भी प्रत्याशियों के नाम पर मंथन हुआ।

पार्टी सूत्रों के अनुसार पार्टी की पहली सूची में वायनाड से प्रत्याशी बनाए गए राहुल गांधी को अमेठी से भी चुनाव मैदान में उतारने पर जोर दिया गया। जब पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के अस्वस्थ रहने व स्थानीय लोगों की मांग के अनुरूप रायबरेली से प्रियंका गांधी को प्रत्याशी बनाने पर चर्चा हुई। इसी तरह, वाराणसी से प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को फिर से प्रत्याशी बनाने की चर्चा हुई। वह पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं। 2019 के चुनाव में उन्हें 14.44 फीसदी वोट मिले थे।

सहारनपुर में 2019 के चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे इमरान मसूद को इस बार फिर प्रत्याशी बनाने की चर्चा हुई। सूत्रों ने बताया कि अमरोहा से बसपा सांसद दानिश अली को उतारने की तैयारी है। वे बसपा से निष्कासित किए जा चुके हैं।

सीतापुर में भाजपा से इस्तीफा देकर सपा व बाद मे कांग्रेस में आए पूर्व विधायक राकेश राठौर को प्रत्याशी बनाने की तैयारी है। इसी प्रकार, बाराबंकी से तनुज पुनिया, झांसी से पूर्व सांसद प्रदीप जैन, गाजियाबाद से डॉली शर्मा, महराजगंज से विधायक वीरेंद्र चौधरी व अमनमणि त्रिपाठी व फतेहपुर सीकरी से रामनाथ सिकरवार प्रत्याशी हो सकते हैं।

कानपुर से आलोक मिश्र, अजय कपूर व विकास अवस्थी के नाम पर विचार चल रहा है। मथुरा से पूर्व विधायक प्रदीप माथुर व पंडित राजकुमार रावत, देवरिया से अखिलेश प्रताप सिंह और अजय कुमार लल्लू, बांसगांव से कमल किशोर व अनूप प्रसाद, बुलंदशहर में बंशी सिंह के नाम पर विचार चल रहा है। प्रयागराज सीट पर पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह व कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव के नाम पर विचार चल रहा है। सूत्रों का कहना है कि बैठक में चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद बसपा के इंडिया गठबंधन में शामिल होने की संभावना को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, विधायक आराधना मिश्रा मोना आदि शामिल हुए।

## बलिया में छह वर्षीया बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**बलिया, एजेंसी :** जिले में दो नाबालिग लड़कों के खिलाफ छह वर्षीया एक बच्ची से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म करने के लिए रिपोर्ट दर्ज की गई है। बलिया के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि दुबहर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली छह वर्षीया बच्ची से उसके पड़ोस में रहने वाले दो नाबालिगों ने सात मार्च की शाम को सामूहिक दुष्कर्म किया। अधिकारी ने बताया कि बच्ची के पिता की शिकायत पर शनिवार रात दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। दोनों आरोपी 18 वर्ष से कम आयु के हैं। पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेने का प्रयास कर रही है।

# अवैध मदरसों पर नहीं रुकेगी कार्रवाई : गुलाब देवी

अयोध्या कार्यालय

- बोलीं- परीक्षा की तरह मूल्यांकन भी बेहतर होगा



**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि प्रदेश में संचालित हो रहे अवैध मदरसों पर कार्रवाई चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि अवैध मदरसों के संचालन को लेकर शासन गंभीर है।

रविवार को यहां आईं माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि जैसी पारदर्शिता बोर्ड की परीक्षा में रही है वैसे ही पारदर्शिता मूल्यांकन में भी रहेगी उन्होंने कहा कि सारे मूल्यांकन निष्पक्ष रूप से होंगे और अच्छा रिजल्ट आएगा। उन्होंने बताया कि जो अवैध रूप से चल रहे हो चाहे वह मदरसे हो चाहे वह विद्यालय सभी पर एक्शन जारी रहेगा। लोकसभा चुनाव पर कहा जैसे ही चुनाव समाप्त होता है अगले चुनाव की तैयारी भारतीय जनता पार्टी शुरू कर देती है। उन्होंने कहा कि हमारी तैयारी विकास के आधार पर है, हम लोग विकास को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा प्रदेश में सभी सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत होगी। यहां सर्किट हाउस में उन्होंने समीक्षा बैठक भी की।

## नोएडा में ससुर की हत्या में युवक को गिरफ्तार किया

**नोएडा, एजेंसी :** नोएडा में एक युवक को अपने ससुर की कथित तौर पर हत्या के लिए गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, बिसरख थाना क्षेत्र के ऋषिपाल गढ़ी गांव में रहने वाले एक युवक ने अपने ससुर की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी ने प्रेम विवाह किया था, जिसको लेकर उसका अपने ससुर से विवाद रहता था। पुलिस के मुताबिक, घटना रविवार रात उस समय की है, जब दामाद और ससुर दोनों शराब पी रहे थे, इसी बीच विवाद होने पर आरोपी ने अपने ससुर की हत्या कर दी। पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) हृदेश कठेरिया ने बताया कि मृतक की पहचान 65 वर्षीय पूरन के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी दामाद नीतू को गिरफ्तार कर लिया।

# सिपाही भर्ती मामले में पांच राज्यों तक जुड़े हैं पेपर लीक के तार

## हर गिरफ्तारी पर आए नए कनेक्शन ने एसटीएफ को उलझाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- एसटीएफ जड़ तक पहुंचने में जुटी वाराणसी, जौनपुर पर निगाह
- कनेक्शन अब फिर पूर्वांचल में आकर ठहरा

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक मामले में एसटीएफ की जांच में अभी तक उप्र के अलावा पांच राज्यों तक जुड़ रहा कनेक्शन अब पूर्वांचल पर आकर ठहर गया है।

एसटीएफ की जांच में सामने आयी नई सूचना में पता चला कि कुछ लोग परीक्षा शुरू होने से पहले ही पेपर में आए सवालों की तैयारी करा रहे थे। इससे इस बात की आशंका गहरी हो गई है, पेपर कुछ दिन पहले ही लीक हो गया था। इस दिशा में वाराणसी और जौनपुर पर निगाह टिक गई है। एसटीएफ ने उन जिलों में अपनी सक्रियता तेज कर दी है। दरअसल, पेपर लीक प्रकरण में एसटीएफ और जिले की पुलिस ने साढ़े तीन सौ अधिक गिरफ्तारी कर चुकी है, लेकिन अभी तक मास्टर माइंड पकड़ से दूर है।

एसटीएफ सूत्रों का कहना है कि हर गिरफ्तारी के बाद हुई पूछताछ में नया एंगल सामने आ जा रहा है। कभी प्रिंटिंग प्रेस से पेपर लीक होने का अंदेशा सामने आया। इन सबके चलते उप्र के अलावा कभी बिहार तो कभी पश्चिम बंगाल तो कभी हरियाणा और मध्य प्रदेश से लेकर दिल्ली तक का कनेक्शन सामने आया। इस दौरान कई गिरोहों के पकड़ में आने से तफ्तीश उलझती ही जा रही है, जिससे एसटीएफ अभी तक किसी नतीजे पर नही पहुंच पा रही है। इधर, हाल ही एसटीएफ की जांच में फिर कुछ ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जिससे एक बार फिर उप्र में मास्टर माइंड के होने का अंदेशा हो चला है। इस क्रम में पूर्वांचल वाराणसी ओर जौनपुर में पेपर लीक की जड़ें तलाशी जा रही हैं। एसटीएफ सूत्र जल्दी ही इस पूरे मामले से परदा उठाने की उम्मीद जता रहे हैं।

## उपेक्षित पिछड़ी जातियों को 2.57 लाख सीएम आवास

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सात साल में कुल 2.57 लाख आवासों का आवंटन किया। खास बात ये है कि बड़ी संख्या में उपेक्षित मुसहर, कोल, वनटांगिया, थारू, सहरिया, चेरो, बैगा, नट और बोक्सा जातियों से जुड़े लोगों को आवास दिए गए हैं।


दिव्यांग और दैवीय आपदा से प्रभावित लोगों को भी योजना का भरपूर लाभ मिला है, जबकि कुष्ठ रोग, कालाजार और जापानी इंसेफेलाइटिस/एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम जैसी बीमारियो से ग्रसित लोगो को भी आवास उपलब्ध कराए गए हैं। शासन के मुताबिक मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत सरकार ने 2018-19 से 2023-24 तक मुसहर जाति से जुड़े लोगों को 47,795 आवास, कोल को 29,923, वनटांगिया को 4,838, थारू को 3,233, सहरिया को 6,979, बोक्सा को 164 आवास प्रदान किए गए।

# बैंक की जगह खुलवाएं बच्चों की तालीम का अकाउंट: रजा मुराद

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

- मेजर ध्यानचंद को दिया जाए भारत रत्न सम्मान

**अमृत विचार :** प्रख्यात फिल्म अभिनेता रजा मुराद रविवार को एक निजी स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में बाराबंकी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बच्चों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि हमें उनका बैंक की जगह तालीम का अकाउंट खोलना चाहिये। क्योंकि बैंक खाता कभी भी धोखा दे सकता है। लेकिन तालीम वह खजाना है, जिसे कोई लूट नहीं सकता।



मां-बाप संस्कार देते हैं, लेकिन उनको तालीम एक शिक्षक ही देता है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में अब बच्चियों की तालीम पर काफी ध्यान दिया जाता है। जिसका नतीजा है कि बच्चियां भी खुद को हर क्षेत्र में साबित करके दिखा रही हैं। रजा मुराद ने हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न देने की मांग उठाई। उन्होंने सवाल किया कि अभी तक उन्हें भारत रत्न सम्मान से क्यों नहीं नवाजा गया। इस दौरान रजा मुराद ने विश्वप्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू की हवेली को भी राष्ट्रीय स्मारक बनाये जाने का समर्थन किया। इस दौरान उन्होंने भोजपुरी फिल्मों और उनके गानों में परोसी जा रही अश्लीलता पर आपत्ति जताई। सेंसर बोर्ड का इस पर अंकुश लगाना काफी जरूरी है। वहीं आगामी लोकसभा चुनाव पर अपनी राय देते हुए रजा मुराद ने कहा कि जनता ही जनार्दन है, जिसे वह चाहेगी उसी को कुर्सी पर बिठाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी की तारीफ की और कहा कि प्रदेश में उन्होंने दोबारा सरकार बनाई है। जिससे साबित होता है कि यकीनन उन्होंने जनता का विश्वास हासिल किया है।

## मेरठ और बरेली समेत 11 शहरों में 13 से बारिश के आसार

**लखनऊ, एजेंसी :** प्रदेश में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल सकता है। मेरठऔर बरेली समेत 11 शहरों में 13 से बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार अभी दो दिनों तक मौसम शुष्क बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में बारिश के बाद मौसम शुष्क बना रहेगा। रविवार को सुबह से ही मौसम शुष्क बना हुआ है। सोमवार और मंगलवार को भी मौसम शुष्क बना रहेगा। लखनऊ का तापमान 30 से 33 डिग्री के बीच रहेगा। जबकि न्यूनतम तापमान 13 से 16 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। शनिवार को आगरा में 12.8, ,शाहजहांपुर में 12.2, मेरठ 11.4, मुरादाबाद 12.7 और बरेली में 12.0 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। ठंड उत्तर भारत के अधिकांश इलाकों में कम हो गई है। यूपी में एक बार फिर तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

# आर्मी नर्सिंग असिस्टेण्ट परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाईस से नकल करते चार गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 25-30 हजार में छात्रों को नकल करने वाला दिया जाता है डिवाइस
- डिवाइस से प्रश्न पत्र हल कराने के बदले लिए जाते हैं 5-5 लाख

**अमृत विचार :** आर्मी नर्सिंग असिस्टेण्ट की रविवार को आयोजित परीक्षा में ब्लूटूथ डिवाईस का प्रयोग कर नकल करने वाले चार अभ्यर्थियों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। यह चारो आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एंड कॉलेज कैंट (लखनऊ) से पकड़े गए हैं। इनमें कन्नौज का अमित कुमार, आगरा का जयप्रकाश, जोधपुर राजस्थान का विकास बिश्नोई तथा पलवल जिले का अभिषेक हैं।

एसटीएफ के मुताबिक आर्मी नर्सिंग असिस्टेण्ट पद हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा ब्लूटूथ डिवाईस का प्रयोग कर नकल करने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा सेना के अधिकारियों को इस बात से अगवत कराते हुए आर्मी इन्टेलीजेन्स लखनऊ टीम के साथ मिलकर आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एंड कॉलेज कैंट पहुंच गई। जांच के दौरान 4 अभ्यर्थियों को ब्लुटूथ डिवाइस के माध्यम से नकल करते हुए पकड़ लिया गया।

अभ्यर्थियों ने पूछताछ पर बताया कि वह आर्मी की परीक्षाओं की तैयारी करते थे। इस दौरान कुछ अन्य छात्रों ने बताया कि एके सिंह (आगरा) और कुनाल (दिल्ली) द्वारा 25-30 हजार में छात्रों को नकल करने वाला डिवाइस दिया जाता है। सम्बन्धित परीक्षा में उसी डिवाइस के माध्यम से प्रश्न पत्र हल कराने के बदले 5-5 लाख रूपये लिया जाता है।

## स्वामी प्रसाद मौर्य हो सकते हैं इंडिया गठबंधन का हिस्सा

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी से हाल ही में निकलकर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी बनाने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य से रविवार को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों में लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को लेकर चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि स्वामी प्रसाद मौर्य भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हो सकते हैं। सपा भी इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। सपा ने कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में 17 सीटें देने की घोषणा की है। स्वामी प्रसाद मौर्य के इंडिया गठबंधन में आने की स्थिति में सीटों के बंटवारें को लेकर पेंच फंस सकता है। सूत्रों का कहना है कि सपा द्वारा स्वामी प्रसाद मौर्य को एक भी सीट न दिए जाने की स्थिति में कांग्रेस अपने हिस्से की एक सीट दे सकती है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय रविवार को लखनऊ स्थित स्वामी प्रसाद मौर्य के आवास पर पहुंचे। मौर्य ने स्वयं सोशल मीडिया 'एक्स' पर फोटो पोस्ट करते हुए इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि दोनों ने औपचारिक भेंट वार्ता में इंडिया गठबंधन के विस्तार पर सकारात्मक चर्चा की।

# पिछली सरकारों ने चीनी मिलों को औने-पौने दामों पर बेचा: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर, देवरिया व कुशीनगर में अरबों रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने औने-पौने दाम पर चीनी मिली बेच दिया। लेकिन डबल इंजन की सरकार ने पिपराइच और मुंडेरवा चीनी मिल को चलाने के साथ औद्योगिकरण, विश्वविद्यालय, कॉलेज, सड़कें-पुल आदि तमाम सौगात दी। गोरखपुर समेत शहरों को इज ऑफ लिविंग के लिए ऐसा स्मार्ट बनाने का निर्देश दिया कि दुनिया सीखे।



मुख्यमंत्री ने गोरखपुर नगर निगम की 482 करोड़ रुपये की 253 विकास परियोजनाओं, देवरिया को 679 करोड़ रुपये की 673 विकास परियोजनाओं और कुशीनगर में 2,134 करोड़ की 483 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार 50 साल की गारंटी वाली सड़कें बनवा रही है। देवरिया में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आम जनमानस फिर एक बार मोदी सरकार का संकल्प ले चुकी है। अबकी बार एनडीए चार सौ से ज्यादा सीटें जीतने जा रही है।

कुशीनगर में योगी ने कहा कि भारत आज किसी के सामने झुकता नहीं और न तो अपने लक्ष्य से हटता है। ये आपके वोट की ही ताकत है कि पांच सदी का इंतजार खत्म हुआ और अयोध्या में भव्य श्रीराम लला का मंदिर बनकर तैयार हुआ। योगी ने सवाल भी पूछा कि क्या सपा, बसपा या कांग्रेस की सरकार होती तो राम मंदिर का निर्माण हो पाता। उन्होंने कहा कि आज देश की आवाज है, फिर एक बार मोदी सरकार। अगर विकास और समृद्धि चाहिए तो इसके लिए लक्ष्मी जी की कृपा भी चाहिए और लक्ष्मी जी कमल पर बैठकर ही आती हैं। कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, ग्राम्य विकास की राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम आदि मौजूद रहे।


## वर्ग पहेली-6

**बाएं से दाएं**

2. (संगीत) मध्य रात्रि में गाई जाने वाली षाड़व जाति की एक रागिनी।
3. 1. रोब, डींग, झूठी शान, अकड़ 2. घमंड, अभिमान।
4. 1. तंत्र-मंत्र या जादुई तरकीबों द्वारा किया जाने वाला कोई काम, जादू करने की कला 2. (अंधविश्वास) टोटका, झाड़-फूंक।
6. 1. देहरहित 2. आकृतिविहीन।
7. 1. तेज़ होने का भाव, गतिशीलता 2. उग्रता, प्रबलता, तीव्रता 3. प्रखरता, तीक्ष्णता, पैनापन 4. शीघ्रता, जल्दी 5. दक्षता, होशियारी 6. अधिक चंचलता या चपलता 7. चलन से अधिक भाव हो जाना, महंगाई, 'मंदी' का विलोम 8. उत्साह; जोश।
8. 1. काजल रखने का डंडीदार लोहे का पात्र 2. गोदने की स्याही रखने का पात्र।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. अनंत 2. पूरा, समूचा, मुकम्मल 3. अपार 4. असंख्य।
2. हर हाल में।
5. 1. किसी पंजी या तालिका आदि में नाम लिखा जाना, (एनरोलमेंट) 2. किसी पंजी या तालिका आदि में नाम लिखने के लिए शुल्क के रूप में लिया जाने वाला धन।
6. 1. आवश्यकता से अधिक होने की अवस्था।



### वर्ग पहेली -5 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 बु | 2 स | ना | | | | 3 फ़ |
| | ह | | 4 सू | बे | दा | री |
| | जा | | बे | | | द |
| | ति | | दा | | 5 हि | |
| 6 इ | क | रा | र | ना | मा | |
| षु | | | | | ल | |
| | | 7 अ | वि | धे | य | |

## सुडोकू -85

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 3 | | 4 | | | 6 |
| | | 8 | | 6 | | | 3 | |
| | | | 2 | | 1 | | 9 | |
| 7 | | 3 | | 9 | | 5 | | |
| | 9 | | | | | | | |
| | | 6 | | 2 | | 9 | | 8 |
| | 4 | | 5 | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | | 2 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | 8 | |

### सुडोकू -84 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 5 | 6 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 |
| 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 4 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 10 .44 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।

चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 23 .02 तक तत्पश्चात रेवती।


मेष

आज आर्थिक स्थिति बेहतर होने की संभावना है। यदि आपके बच्चे कॉलेज में पढ़ रहे हैं तो उनको लेकर तनाव हो सकता है। घर के सभी सदस्यों के साथ इसको लेकर चर्चा होगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।


वृष

आज कारोबार में बड़ी डील हो सकती है। सावधानी के साथ धन का इस्तेमाल करने की आवश्यकता है अन्यथा बड़ा नुकसान होने की प्रबल संभावना है। यदि पैसों को कहीं निवेश किया हुआ है तो वहां से नुकसान झेलना पड़ेगा।


मिथुन

आज दोस्तों से आर्थिक सहायता मिलने की उम्मीद है। पूरा दिन जोश से भरा हुआ होगा तथा जो काम कुछ दिनों से करने का सोच रहे थे वह कर देंगे। ऑफिस में कनिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा। माता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।


कर्क

आज किसी के साथ अनबन होने की संभावना है। ऐसे में पहले से ही किसी प्रकार के वाद-विवाद में पड़ने से बचें। शेयर मार्केट में निवेश करने से बचें। जीनवसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। परिवार में शांति का माहौल रहेगा।


सिंह

आज कुछ बातें अपने दोस्तों के साथ साझा करना चाहेंगे। इसके लिए व्यवहार में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है अन्यथा बातों को सही तरीके से समझा नहीं पाएंगे। पुराना डूबा हुआ धन मिलने की प्रबल संभावना है।


कन्या

आज का दिन चुनौतीपूर्ण रहने वाला है तथा कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में पराक्रम में वृद्धि देखने को मिलेगी। घर में सुख-शांति से रहेगी। अविवाहितों का विवाह तय हो सकता है।


तुला

आज व्यवहार में चिड़चिड़ापन देखने को मिलेगा। किसी के साथ कहासुनी भी हो सकती है। ऐसे में यदि आपने गुस्से को नियंत्रण में नहीं रखा तो बात बढ़ भी सकती है। धैर्य का परिचय देंगे तो बेहतर रहेगा।


वृश्चिक

आज आप अपने घर में परिवर्तन संबंधी कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं या फिर कोई नया घर लेने का विचार भी किया जा सकता है। इसको लेकर सभी के बीच गहन चर्चा भी संभव है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।


धनु

आज भाग्य आपके साथ हैं। बिगड़े हुए काम भी आसानी से बन जाएंगे। पैसा कहीं अटका हुआ है तो वह भी मिल जाएगा। पुरानी स्मृतियों को सोच मन कुछ व्यथित हो सकता है। एलर्जी की समस्या हो सकती है।


मकर

आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। कुछ बातों को लेकर खुशी मिलेगी तो कुछ में असफलता भी हाथ लग सकती है। ऐसे में बुद्धिमता से काम लेंगे तो बेहतर रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों को आप पूरी निष्ठा से निभाएंगे।


कुंभ

आज कई ऐसे अवसर आएंगे जब आपको स्वयं को परखने की आवश्यकता पड़ेगी। इससे मन खट्टा तो होगा, लेकिन मनोबल में वृद्धि देखने को मिलेगी। घर के लोगों का पूरा साथ मिलेगा। संबंधों में नई ताजगी महसूस करेंगे।


मीन

आज मानसिक रूप से दबाव का अनुभव करेंगे तथा काम में मन नहीं लगा पाएंगे। आपको लेकर घर वाले परेशान रह सकते हैं। किसी बात को लेकर ठोस निर्णय ले सकते हैं। भावनाओं के बजाय समझदारी से काम करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- मजाल — सुबह : 10 .49
- आज का रावण — रात : 07 .10

SONY MAX
- 1942 : ए लव स्टोरी — सुबह : 10 .17
- रॉकी हैंडसम — रात : 10 .07

SONY PIX
- स्पाइडर-मैन : होमकमिंग — सुबह : 11 .16
- सिसु — रात : 07 .40

ZEE CINEMA
- सत्याग्रह — सुबह : 10 .30
- लॉस्ट — शाम : 04 .30

colors CINEPLEX
- सनम बेवफा — सुबह : 11 .50
- अग्निपथ — रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात 10 .07 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू – इतना परेशान क्यों है?
गप्पू – अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू – तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू – उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी– कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू– हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी– अपनी आदत से।

## एक नजर

### गो फर्स्ट समाधान पेशेवर को कारण बताओ नोटिस जारी

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने वित्तीय संकट से जूझ रही 'गो फर्स्ट' विमानन कंपनी के समाधान पेशेवर (आरपी) को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा है कि पट्टेदारों (किराए पर विमान मुहैया कराने वालों) के विमानों के निरीक्षण और रखरखाव की अनुमति देने संबंधी न्यायिक आदेशों की प्रथम दृष्टया जानबूझकर अवहेलना करने के लिए उसके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि अदालत के आदेशों को लागू करने की मांग करने वाले पट्टेदार द्वारा अवमानना कार्यवाही का अनुरोध किए जाने के बाद आरपी 12 अक्टूबर, 2023 के फैसले के कार्यान्वयन में कठिनाइयों की दलील नहीं दे सकता।

### ट्रेन में गोलीबारी करने में दो सिपाही बर्खास्त

मुंबई। पिछले साल जुलाई में मुंबई-जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन में चेतन सिंह चौधरी द्वारा कथित तौर पर की गई गोलीबारी के मामले में राजकीय रेलवे पुलिस (आरपीएफ) के दो सिपाहियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। चौधरी पर आरोप है कि उसने पिछले साल 31 जुलाई को ट्रेन मुंबई के पास पालघर में थी तब अपने वरिष्ठ अधिकारी एएसआई टीकाराम मीणा और तीन अन्य यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# चुनावी बॉण्ड मामला: आज सुनवाई करेगी कोर्ट

## एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने संबंधी याचिका पर भी होगी सुनवाई


नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए समय-सीमा 30 जून तक बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया है। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि एसबीआई ने चुनावी बॉण्ड के जरिये राजनीतिक दलों को मिले चंदे का विवरण निर्वाचन आयोग को छह मार्च तक सौंपे जाने संबंधी शीर्ष अदालत के निर्देश की ''जानबूझकर'' अवज्ञा की। सोमवार के लिए निर्धारित शीर्ष अदालत की मामलों की सूची के अनुसार, पीठ इन दोनों याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुबह साढ़े 10 बजे बैठेगी। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय ने गत 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में, चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था। योजना को तुरंत बंद करने का आदेश देते हुए, अदालत ने योजना के तहत अधिकृत बैंक एसबीआई को 12 अप्रैल 2019 से खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विवरण 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का निर्देश दिया था।

### अपनी गरिमा की रक्षा करना उच्चतम न्यायालय की जिम्मेदारी: कपिल सिब्बल



राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने चुनावी बॉण्ड विवरण का खुलासा करने की अवधि बढ़ाने का अनुरोध करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा बताए गए कारणों को बचकाना करार देते हुए रविवार को कहा कि अपनी गरिमा की रक्षा करना उच्चतम न्यायालय की जिम्मेदारी है और जब संविधान पीठ फैसला सुना चुकी है तो एसबीआई की याचिका को स्वीकार करना ''आसान नहीं होगा''। चुनावी बॉण्ड योजना के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में मामले में याचिकाकर्ताओं के लिए दलीलें सिब्बल के नेतृत्व में पेश की गईं। उन्होंने कहा कि एसबीआई का दावा है कि डेटा को सार्वजनिक करने में कई सप्ताह लगेंगे, जिससे ऐसा लगता है कि कोई किसी को बचाना चाहता है।

### अदालत ने शाहजहां शेख की सीबीआई हिरासत 4 दिन बढ़ाई

बशीरहाट(पश्चिम बंगाल)। यहां की एक अदालत ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर भीड़ के हमले के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की सीबीआई हिरासत रविवार को और 4 दिनों के लिए बढ़ा दी। अदालत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अनुरोध पर यह आदेश जारी किया।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश पर मामले की जांच सीबीआई को हस्तांतरित किये जाने के साथ छह मार्च को उसे शेख की हिरासत सौंपी गई थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर उस वक्त हमला किया गया था, जब वे शेख के संदेशखालि स्थित परिसर में छापा मारने पहुंचे थे। शेख को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से अब निलंबित कर दिया गया है।

## क्या गोयल ने सीईसी या मोदी सरकार से मतभेदों के कारण इस्तीफा दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने किया सवाल



कांग्रेस ने अरुण गोयल के निर्वाचन आयुक्त पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद रविवार को पूछा कि क्या उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) या नरेंद्र मोदी सरकार के साथ किसी मतभेद के कारण यह कदम उठाया है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पूछा कि क्या गोयल ने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया है, जैसा कि उन्होंने अपने त्याग पत्र में इसका उल्लेख किया है या कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय की तरह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दिया है। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-कल शाम अरुण गोयल का निर्वाचन आयुक्त पद से इस्तीफा तीन सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा-क्या उन्होंने वास्तव में मुख्य निर्वाचन आयुक्त या मोदी सरकार के साथ मतभेदों के कारण इस्तीफा दिया। या फिर उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया? या उन्होंने, कुछ दिन पहले कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की तरह, भाजपा के टिकट पर आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दिया है।

## संविधान में संशोधन के लिए भाजपा को दो-तिहाई बहुमत दिलाना जरूरी : हेगड़े

करवार (कर्नाटक)। भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने रविवार को कहा कि प्रस्तावना से 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को हटाने के लिये भाजपा संविधान में संशोधन करेगी। उन्होंने लोगों से लोकसभा में भाजपा को दो-तिहाई बहुमत देने का आह्वान किया, ताकि देश के संविधान में संशोधन किया जा सके। हेगड़े ने छह साल पहले भी इसी तरह का बयान दिया था। हेगड़े ने कहा कि भाजपा को संविधान में संशोधन करने के लिए और ''कांग्रेस द्वारा इसमें जोड़ी गईं अनावश्यक चीजों को हटाने के लिए'' संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी।

## कांग्रेस के पूर्व मंत्रियों सहित कई पार्टी नेता भाजपा में शामिल

जयपुर, एजेंसी

### राजस्थान में कांग्रेस को लगा बड़ा झटका

आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की राजस्थान इकाई को करारा झटका देते हुए राज्य की पूर्व सरकार में मंत्री रहे राजेंद्र यादव और लाल चंद कटारिया सहित कई नेता रविवार को भाजपा में शामिल हो गए।

कांग्रेस के पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा, खिलाड़ी लाल बैरवा, पूर्व निर्दलीय विधायक और गुजरात की पूर्व राज्यपाल कमला बेनीवाल के बेटे आलोक बेनीवाल, कांग्रेस सेवा दल के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चौधरी, पार्टी नेता रामपाल शर्मा, रिजु झुनझुनवाला और अन्य नेता भी भाजपा में शामिल हुए। जयपुर में भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने इन नेताओं का पार्टी में स्वागत किया। भाजपा का दामन थामने वाले लाल चंद कटारिया और राजेंद्र यादव अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली पूर्व कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे थे।

## तेलंगाना में बीआरएस के चार और कांग्रेस का एक नेता भाजपा में शामिल

नई दिल्ली। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के दो पूर्व सांसद समेत चार नेता और कांग्रेस के एक नेता रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। केंद्र में सत्तारूढ़ दल दक्षिणी राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में है। भाजपा में शामिल होने वालों में बीआरएस के पूर्व सांसद जी. नरेश, सीताराम तथा पार्टी के पूर्व विधायक एस. रेड्डी और जलगाम वेंकट राव और कांग्रेस नेता श्रीनिवास गोमसे शामिल हैं। इन नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। भाजपा नेता और पार्टी संसदीय बोर्ड के सदस्य के. लक्ष्मण ने पार्टी में उनका स्वागत किया।



विदेश मंत्री एस जयशंकर नई दिल्ली के पुराना किला में विकसित भारत के दृष्टिकोण से संचालित कलाकृतियों की एक श्रृंखला बनाने के लिए आयोजित एक दिवसीय शिविर के दौरान कलाकार द्वारा बनाई गई पेंटिंग को देखते हुए। • एजेंसी

## राहुल ने गुजरात में यात्रा के अंतिम दिन सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

तापी (गुजरात)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के गुजरात चरण के अंतिम दिन रविवार को सूरत में स्वराज आश्रम का दौरा किया और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने यहां पत्रकारों को बताया कि चार दिन में गुजरात के सात जिलों से गुजरने के बाद यह यात्रा राज्य में समाप्त हो गयी है और यह एक दिन के विराम के बाद मंगलवार को महाराष्ट्र नंदुरबार जिले से फिर से शुरू होगी। राहुल ने सूरत जिले के बारदोली में स्वराज आश्रम का दौरा किया और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी। रमेश ने कहा-कुछ मिनटों के लिए वह स्वराज निवास में गए जिसे 1922 में सरदार वल्लभभाई पटेल ने बनवाया था।

# 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का है संकल्प

रायपुर, एजेंसी

- महतारी वंदन योजना की नरेंद्र मोदी ने की शुरुआत कर
- बोले-डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता महिलाओं का कल्याण



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए 'महतारी वंदन' योजना की शुरुआत करते हुए कहा कि राज्य की 'डबल इंजन' सरकार (केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार) की प्राथमिकता महिलाओं का कल्याण है। प्रधानमंत्री मोदी ने समारोह को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने देश में तीन करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का संकल्प लिया है।

मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ में 'महतारी वंदन योजना' का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया। इस योजना के तहत पात्र विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपये की मासिक सहायता दी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी से रिमोट दबाकर इस योजना की शुरुआत की और 70 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खातों में 655 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया। उन्होंने योजना की शुरुआत करते हुए कहा-छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों को मेरा प्रणाम..आज मुझे नारी शक्ति को सशक्त बनाने वाली 'महतारी वंदन योजना' को समर्पित करने का सौभाग्य मिला है। महतारी वंदन योजना के तहत छत्तीसगढ़ की 70 लाख से ज्यादा माताओं-बहनों को हर महीने एक हजार रुपये देने का वादा किया गया था। भाजपा सरकार ने अपना वादा पूरा किया है। उन्होंने कहा कि आज महतारी वंदन योजना के तहत 655 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी की गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''माताओं-बहनों, मैं अभी काशी से बोल रहा हूं। उन्होंने कहा कि पात्र महिलाओं के खाते में अब हर महीने बिना किसी परेशानी के यह पैसा आता रहेगा।

### दिल्ली हवाई अड्डे के विस्तारित टर्मिनल का किया उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली हवाई अड्डे के विस्तारित टर्मिनल-1 (टी-1) का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये उद्घाटन किया। अब इसका कुल क्षेत्रफल तीन गुना होकर 2,06,950 वर्ग मीटर हो गया है। विस्तारित टर्मिनल-1 के उद्घाटन के साथ दिल्ली हवाई अड्डे की वार्षिक क्षमता मौजूदा चार करोड़ यात्रियों से बढ़कर 10 करोड़ हो जाएगी। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश में ग्वालियर और जबलपुर हवाई अड्डों की टर्मिनल इमारतों का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आदि इस कार्यक्रम के लिए ग्वालियर हवाई अड्डे पर मौजूद रहे। साथ ही मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र में पुणे और कोल्हापुर हवाई अड्डों के नए टर्मिनल भवनों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। ये टर्मिनल भवन विभिन्न आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे।



## एक नजर

### विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर 625.6 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में बढोतरी होने से 01 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625.6 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.97 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 619.07 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 01 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.04 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 554.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 56.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 48.42 अरब डॉलर हो गया।

### इंडियन बैंक के नए कार्यकारी निदेशक बने ब्रजेश कुमार सिंह

चेन्नई। केंद्र सरकार ने ब्रजेश कुमार सिंह को सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। बैंक ने रविवार को यह जानकारी दी। सिंह इससे पहले बैंक ऑफ बड़ौदा में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के तौर पर सेवाएं दे रहे थे। इंडियन बैंक ने रविवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा गया कि केंद्र सरकार ने नौ मार्च, 2024 की अधिसूचना संख्या 4/1(8) के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य महाप्रबंधक ब्रजेश कुमार सिंह को तीन साल के लिए इंडियन बैंक का कार्यकारी निदेशक बनाया है।" इलाहाबाद कृषि संस्थान से कृषि स्नातक सिंह के पास बैंकिंग क्षेत्र में 28 वर्ष से अधिक का अनुभव है।

# अगले 15 साल में मिलेगा 100 अरब डॉलर का निवेश

## भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए ने निवेश और वस्तुओं एवं सेवाओं के दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। एफटीए के तहत ईएफटीए ने अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एफटीए पर हस्ताक्षर को 'ऐतिहासिक पल' करार देते हुए कहा कि यह भारत का ऐसे समूह के साथ पहला आधुनिक व्यापार करार है, जिसमें विकसित देश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि किसी व्यापार करार में यह पहला मौका है, जब ईएफटीए ने अगले 15 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों में आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं।

समझौते में 14 अध्याय हैं। इनमें माल में व्यापार, उत्पत्ति के नियम, बौद्धिक संपदा अधिकार, सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल है।

ईएफटीए सदस्यों की ओर से संघीय काउंसलर गाई पार्मेलिन ने कहा-एफटीए देशों को वृद्धि के एक प्रमुख बाजार तक पहुंच मिली है। हमारी कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक जुझारू बनाते हुए उनमें विविधता लाने का प्रयास करेंगी। इसके एवज में भारत को ईएफटीए से अधिक विदेशी निवेश मिलेगा। इससे अंततः अच्छी नौकरियों में वृद्धि होगी... कुल मिलाकर टीईपीए से हमें अपनी आर्थिक क्षमता का बेहतर इस्तेमाल करने और अतिरिक्त अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी।

### करार निष्पक्ष व्यापार के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र ने रविवार को भारत-ईएफटीए व्यापार समझौते को एक ऐतिहासिक पल बताते हुए कहा कि यह एक मुक्त, निष्पक्ष और समानता वाले व्यापार के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल व्यापार, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं तथा फार्मा जैसे क्षेत्रों में नवोन्मेषण को लेकर ईएफटीए देशों की वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थिति से सहयोग के नए द्वार खुलेंगे। मोदी ने एक लिखित संदेश में कहा कि भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर करने में शामिल वार्ताकारों और हस्ताक्षरकर्ताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

### समझौते से भारतीय बाजार में सस्ती होंगी स्विस घड़ियां, चॉकलेट

भारत ईएफटीए ब्लॉक के साथ अपने व्यापार समझौते के तहत कलाई घड़ियों, चॉकलेट, बिस्किट और दीवार घड़ियों जैसे उच्च गुणवत्ता वाले स्विस उत्पादों पर क्रमिक रूप से सीमा शुल्क को समाप्त कर देगा। इससे घरेलू ग्राहकों को कम कीमत पर इन उत्पादों तक पहुंच मिलेगी। भारत और चार-यूरोपीय देशों के समूह ईएफटीए ने आपसी व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। विभिन्न देशों में इस समझौते को मंजूरी देने की विस्तृत प्रक्रिया के कारण इसे लागू होने में एक साल तक का समय लगेगा।

## भारत अपनी नीतियों को टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा: गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाणिज्य मंत्री बोले-सभी वैश्विक ईवी कंपनियों का स्वागत



भारत अपनी नीतियों को अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला के हिसाब से नहीं बनाएगा। देश के कानून और शुल्क संबंधी नियम सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को आकर्षित करने के लिए तैयार किए जाएंगे। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात कही है।

टेस्ला भारत में आने से पहले एक शुरुआती शुल्क रियायत मांग रही है। इससे उसे 40,000 अमेरिकी डॉलर से कम कीमत वाली कारों के लिए 70 प्रतिशत सीमा शुल्क और अधिक मूल्य की कारों के लिए 100 प्रतिशत सीमा शुल्क की 'भरपाई' करने में मदद मिलेगी। गोयल ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि सरकार एक मजबूत ईवी पारिस्थितिकी तंत्र की जरूरत को समझती है, क्योंकि बैटरी से चलने वाले वाहनों के अधिक उपयोग से कार्बन उत्सर्जन के साथ-साथ कच्चे तेल के आयात बिल में भी कटौती होगी। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि इसके लिए सरकार ऐसी नीतियां नहीं बनाएगी, जो किसी एक कंपनी के लिए फायदेमंद हों, बल्कि ऐसी नीतियां तैयार की जाएंगी, जो दुनिया के सभी इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को भारत में आने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई पहल पर काम जारी है।

### कोयला नीलामी के नौवें दौर के नतीजे दो सप्ताह के भीतर

नई दिल्ली। कोयला मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कोयला नीलामी के नौवें दौर के नतीजे दो सप्ताह के भीतर घोषित होने की संभावना है। वाणिज्यिक कोयला खान नीलामी का ताजा दौर कोयला मंत्रालय के नामांकित प्राधिकारी द्वारा 20 दिसंबर, 2023 को शुरू किया गया था। नौवें दौर में 32 कोयला खदानों को नीलामी पर रखा गया। अधिकारी ने कहा-नौवें चरण के नतीजे घोषित होने में अभी दो हफ्ते और लगेंगे। इसके अंदर ही इसकी घोषणा कर दी जाएगी। आधिकारिक सूचना के अनुसार, ऑफलाइन रूप में कुल 40 बोलियां प्राप्त हुई हैं।

## शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 71,301 करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 71,301.34 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई।

कम कारोबारी सत्रों के सप्ताह के दौरान सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। पिछले सप्ताह रिकॉर्ड बनाने के सिलसिले के बीच बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 374.04 अंक या 0.50 प्रतिशत चढ़ गया। शुक्रवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर शेयर बाजार बंद थे। सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 74,119.39 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। उसी दिन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 22,493.55 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत घट गई।

### एफपीआई ने मार्च में 6,100 करोड़ रुपये का किया निवेश

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (मार्च में) अबतक भारतीय शेयर बाजारों में 6,139 करोड़ रुपये डाले हैं। मजबूत आर्थिक वृद्धि, बाजार की मजबूती तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के चलते एफपीआई के बीच भारतीय शेयरों का आकर्षण बना हुआ है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले फरवरी में उन्होंने शेयरों में 1,539 करोड़ रुपये डाले थे। वहीं जनवरी में उन्होंने 25,743 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। वहीं चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत पर रही है।

# मोबाइल विनिर्माण 10 साल में 21 गुना हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईसीईए के मुताबिक, बढ़कर 4.1 लाख करोड़ रुपये हुआ



भारत में मोबाइल फोन विनिर्माण मूल्य के लिहाज से पिछले 10 साल में 21 गुना होकर 4.1 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उद्योग निकाय आईसीईए ने बयान में कहा कि सरकार के पीएलआई जैसे नीतिगत उपायों ने स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने कहा कि भारत अब अपनी कुल मोबाइल फोन मांग का 97 प्रतिशत स्थानीय स्तर पर उत्पादित करता है और चालू वित्त वर्ष (2023-24) में कुल उत्पादन का 30 प्रतिशत निर्यात के लिए है। आईसीईए ने कहा-मोबाइल फोन का उत्पादन 2014-15 के 18,900 करोड़ रुपये से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में अनुमानित 4,10,000 करोड़ रुपये हो गया, जो 2,000 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2014-15 में भारत से मोबाइल फोन का निर्यात महज 1,556 करोड़ रुपये था। उद्योग को वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक 1,20,000 करोड़ रुपये के अनुमानित निर्यात की उम्मीद है। इसका मतलब होगा कि एक दशक में निर्यात में 7,500 प्रतिशत की वृद्धि होगी। विनिर्माण पर एक नोट के अनुसार, स्मार्टफोन के क्षेत्र में एप्पल और सैमसंग ने देश से मोबाइल फोन निर्यात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत निर्मित उपकरणों को बड़ी मात्रा में ब्रिटेन, नीदरलैंड, ऑस्ट्रिया और इटली अमेरिकी बाजारों में निर्यात किया जा रहा है।

## खेल डायरी

### डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए एक्लेस्टोन, नवगिरे पर लगा जुर्माना



नई दिल्ली, एजेंसी। यूपी वारियर्स की सोफी एक्लेस्टोन और किरण नवगिरे पर यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए रविवार को मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। दोनों पर शुक्रवार को हुए मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के बयान के अनुसार, सोफी और किरण दोनों ने अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत लेवल एक का उल्लंघन स्वीकार कर लिया है जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदानी उपकरण के दुरुपयोग से संबंधित है। इसके अनुसार, आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का फैसला अंतिम और मान्य होता है।

### एनसीएए चैंपियनशिप में सातवें स्थान पर परवेज

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय एथलीट परवेज खान बोस्टन में अमेरिका की एनसीएए चैंपियनशिप में एक मील ट्रैक स्पर्धा के फाइनल में सातवें स्थान पर रहे। परवेज एनसीएए चैंपियनशिप की ट्रैक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। फाइनल में उन्होंने 4 मिनट 03.05 सेकेंड का समय लिया और उन्हें सातवें स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा। इस एथलीट ने इससे पहले प्रारंभिक दौड़ में 3 मिनट 57.126 सेकेंड में तीसरा स्थान पाया था। परवेज इस प्रतियोगिता में फ्लोरिडा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। हरियाणा के परवेज ने 2022 के राष्ट्रीय खेलों में 1500 मीटर में स्वर्ण जीता था।

### नीरज चोपड़ा ने किया प्रतिभा पहचान कार्यक्रम का समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने सरकार के राष्ट्रीय स्तर के खेल विकास कार्यक्रम कीर्ति का समर्थन करते हुए कहा कि इसमें देश के शैक्षणिक तंत्र में बड़े बदलाव लाने की क्षमता है। खेल मंत्रालय ने स्कूली बच्चों को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर के प्रतिभा पहचान कार्यक्रम कीर्ति को शुरू किया है। इसके तहत प्रतिभा की पहचान करके उनके कौशल को निखारा जाएगा। साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया के वीडियो में चोपड़ा ने कहा कि हमें 13-14 आयु वर्ग के बच्चों को यह बताना होगा कि उन्हें खेल और शिक्षा दोनों पर ध्यान देने की जरूरत है। अगर स्कूल भी उनका समर्थन करके चीजों को संतुलित कर सकते हैं, तो यह बहुत अच्छा होगा।

### सात्विक और चिराग की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन का युगल खिताब किया अपने नाम



पेरिस, एजेंसी। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने रविवार को यहां फ्रेंच ओपन में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीनी ताइपे के ली झे-ह्यूई और यांग पो-हुआन की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत के साथ दूसरी बार फ्रेंच ओपन बैडमिंटन पुरुष युगल का खिताब जीता। दुनिया की नंबर एक भारतीय जोड़ी ने इससे पहले 2022 में इस खिताब को जीता था। यह जोड़ी 2019 में फ्रेंच ओपन में उपविजेता थी। एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने ली और यांग को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 21-11, 21-17 से हराकर सत्र का पहला खिताब जीता। भारतीय जोड़ी इस साल मलेशिया सुपर 1000, इंडिया सुपर 750 में दूसरे स्थान पर रही थी जबकि पिछले साल चाइना मास्टर्स सुपर 750 में भी उपविजेता रही थी।

# टेस्ट रैंकिंग में भारत नंबर 1, तीनों प्रारूप में शीर्ष पर

## भारत ने 5 मैच की श्रृंखला 4-1 से जीतकर आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की जगह शीर्ष स्थान किया हासिल

दुबई, एजेंसी

भारत ने धर्मशाला में इंग्लैंड को करारी शिकस्त देकर 5 मैच की श्रृंखला 4-1 से जीतकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया की जगह शीर्ष स्थान पर अब भारत है। इस तरह से भारतीय टीम खेल के तीनों प्रारूप की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हो गई है। भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में पहले ही शीर्ष पर है।

न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्राइस्टचर्च में चल रहे दूसरे टेस्ट मैच का परिणाम कुछ भी रहे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम शीर्ष पर रहेगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा विजेता ऑस्ट्रेलिया ने वेलिंगटन में पहला टेस्ट मैच 172 रन से जीता था और वह अभी श्रृंखला में 1-0 से आगे है। भारत के टेस्ट रैंकिंग में अब 122 रेटिंग अंक हो गए हैं जो ऑस्ट्रेलिया से 5 अधिक हैं। इंग्लैंड की टीम 111 रेटिंग अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। वनडे में भारत के 121 रेटिंग अंक हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया 118 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में भारत के 266 अंक हैं। इंग्लैंड इस प्रारूप में 256 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। भारत सितंबर 2023 से जनवरी 2024 के बीच टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर रहा था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला बराबरी पर छूटने के कारण भारत दूसरे नंबर पर खिसक गया था।

ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करके भारत की जगह पहला स्थान हासिल किया था। इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैच की श्रृंखला में भारत हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में 28 रन से हार गया था लेकिन इसके बाद उसने अगले चार टेस्ट मैच जीतकर शानदार वापसी करके आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान हासिल किया।

**टेस्ट**

| टीम | रेटिंग |
|---|---|
| भारत | 122 |
| ऑस्ट्रेलिया | 117 |
| इंग्लैंड | 111 |
| न्यूज़ीलैंड | 101 |
| दक्षिण अफ्रीका | 99 |
| पाकिस्तान | 89 |
| वेस्ट इंडीज | 81 |
| श्रीलंका | 79 |
| बांग्लादेश | 51 |
| ज़िम्बाब्वे | 32 |

**वन-डे**

| टीम | रेटिंग |
|---|---|
| भारत | 121 |
| ऑस्ट्रेलिया | 118 |
| दक्षिण अफ्रीका | 110 |
| पाकिस्तान | 109 |
| न्यूज़ीलैंड | 102 |
| इंग्लैंड | 96 |
| श्रीलंका | 91 |
| बांग्लादेश | 87 |
| अफ़ग़ानिस्तान | 81 |
| वेस्ट इंडीज | 71 |

**टी-20**

| टीम | रेटिंग |
|---|---|
| भारत | 266 |
| इंग्लैंड | 256 |
| ऑस्ट्रेलिया | 255 |
| न्यूज़ीलैंड | 254 |
| पाकिस्तान | 249 |
| दक्षिण अफ्रीका | 249 |
| वेस्ट इंडीज | 245 |
| श्रीलंका | 233 |
| बांग्लादेश | 228 |
| अफ़ग़ानिस्तान | 218 |

### हमें इस शब्द 'बैजबॉल' ने भ्रमित कर दिया: नासिर हुसैन



धर्मशाला। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में हार पर निराशा व्यक्त करते हुए टीम के बल्लेबाजों को व्यक्तिगत प्रदर्शन पर काम करने और 'बैजबॉल' के प्रति जुनून छोड़ने की सलाह दी। इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट में बैजबॉल शैली को अपनाया लेकिन भारत के खिलाफ यह रणनीति नहीं चली और उसे हार मिली। बैजबॉल शब्द इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रैंडन मैकुलम के उपनाम 'बैज' से लिया गया है। हुसैन ने कहा कि हम इस शब्द बैजबॉल से भ्रमित हो गए। टीम और टीम प्रबंधन को बैजबॉल रास नहीं आ रहा है। उन्हें अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन पर ध्यान देने की जरूरत है। विपक्षी टीम को देखिए। उन्होंने जिंदगी के हर पहलू की तरह प्रयास किया और उनसे सीख ली। फिर हमारा पतन क्यों हुआ। जैक क्रॉली अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में क्यों नहीं बदल पाए। बेन डकेट ने तब आक्रामक रवैया अपनाया जब गेंद काफी नई थी। बेन स्टोक्स पूरी श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए।

## जिस दिन लगेगा अच्छा नहीं खेल पा रहा हूं, संन्यास ले लूंगा : रोहित

धर्मशाला, एजेंसी



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह इस समय अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहे हैं लेकिन जिस दिन उन्हें लगेगा कि वह अच्छा नहीं खेल पा रहे, वह तुरंत खेल को अलविदा कह देंगे। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने पांचवें और आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड को एक पारी और 64 रन से हराकर श्रृंखला 4-1 से जीत ली। रोहित ने मैच के बाद जियो सिनेमा से कहा कि एक दिन जब मैं सुबह उठूंगा और मुझे लगेगा कि मैं अब अच्छा नहीं खेल सकता तो मैं तुरंत रिटायर हो जाऊंगा, लेकिन पिछले कुछ साल से मैं अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल रहा हूं। रोहित ने 2019 के बाद से टेस्ट क्रिकेट में नौ शतक लगाए हैं। बीसीसीआई ने पुष्टि की है कि रोहित इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में भारत की कप्तानी करेंगे। श्रृंखला जीतने का श्रेय टीम को देते हुए उन्होंने कहा कि जब आप इस तरह टेस्ट जीतते हैं तो सब कुछ सही हो जाता है। एक समय पर लोग जाएंगे और आएंगे, यह हम जानते हैं। इन युवा खिलाड़ियों के पास भले ही अनुभव नहीं है लेकिन उन्होंने काफी क्रिकेट खेला है और मैंने देखा है कि दबाव का बखूबी सामना किया है। जीत का श्रेय पूरी टीम को जाता है।

### मुझे नहीं लगता रोहित बेहतर कप्तान थे, उनके गेंदबाजों ने कमाल किया: स्वान



इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर ग्रीम स्वान का मानना है कि टेस्ट श्रृंखला में रोहित शर्मा की कप्तानी बेन स्टोक्स से बेहतर नहीं थी, लेकिन उनके गेंदबाजों ने कमाल किया जिससे भारत ने जीत दर्ज की। शुरू से लेकर अंत तक स्टोक्स की नेतृत्व शैली ने सभी का ध्यान खींचा, लेकिन रोहित की अगुवाई वाली टीम 4 मैच जीतकर बड़े अंतर से श्रृंखला नाम की। स्वान ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि एक कप्तान के रूप में वह बेहतर थे क्योंकि उनके गेंदबाजों ने कमाल किया। उनके पास अच्छी मारक क्षमता थी। मुझे गलत मत समझो, रोहित अच्छा कप्तान है लेकिन मेरा मानना है कि अगर आप इस संदर्भ में कहते हैं कि स्टोक्स ने खराब कप्तानी की तो मुझे लगता है कि आप गलत कह रहे हैं। पहले मैच में वे नहीं चल पाए लेकिन अंतिम 4 मैच में उन्होंने शानदार गेंदबाजी करके कप्तान का काम आसान किया।

## बजरंग, रवि ओलंपिक क्वालीफिकेशन दौड़ से बाहर

सोनीपत (हरियाणा), एजेंसी



ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और रवि दहिया रविवार को यहां अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए चयन ट्रायल में अपने मुकाबले हारने के बाद पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो गए। पूनिया को पुरुषों के फ्रीस्टाइल 65 किग्रा सेमीफाइनल में रोहित से 1-9 से हार मिली। इससे पहले वह रविंदर से मुश्किल से जीत पाए थे। अगर रविंदर ने चेतावनी से अंक नहीं गंवाया होता तो पूनिया पहले ही बाहर हो गए होते। हारने के बाद पूनिया गुस्से में तुरंत भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से चले गए। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अधिकारियों ने पूनिया के डोप नमूने लेने की कोशिश की लेकिन वह नहीं रूके। पूनिया ने ट्रायल्स के लिए रूस में ट्रेनिंग ली थी। ये ट्रायल्स भारतीय ओलंपिक संघ के तदर्थ पैनल द्वारा कराए जा रहे हैं। पूनिया ने हालांकि दिल्ली हाईकोर्ट में यह कहते हुए मुकदमा जीता था कि निलंबित डब्ल्यूएफआई के पास ट्रायल्स का अधिकार नहीं है। पुरुष 57 किग्रा (नोर्डिक प्रारूप में) हमेशा मुश्किल वर्ग रहा है जिसमें तोक्यो के रजत पदक विजेता रवि दहिया और अमन सेहरावत दौड़ में थे। चोट से वापसी कर रहे दहिया बड़े स्कोर वाले पहले मुकाबले में अमन से 13-14 से और अगले मुकाबले में उदित से हार गए।

# रोमांचक मैच में आरसीबी को एक रन से हराकर दिल्ली प्लेऑफ में

## जेमिमा ने अर्धशतक बनाकर एलिस के साथ 97 रन की साझेदारी की

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली कैपिटल्स ने जेमिमा रोड्रिग्स (58) के 26 गेंद में बनाए अर्धशतक और एलिस कैप्से (48) के साथ तीसरे विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी से रविवार को डब्ल्यूपीएल के रोमांचक मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को एक रन से मात देकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया।

दिल्ली की यह पांचवीं जीत थी, जिससे टीम 10 अंक से शीर्ष पर है। दिल्ली ने 5 विकेट पर 181 रन का स्कोर बनाया और आरसीबी ने 7 विकेट गंवाकर 180 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष ने आरसीबी को जीत के करीब पहुंचा था लेकिन भाग्य ने साथ नहीं दिया और वह अंतिम गेंद पर रन आउट हो गई जब एक गेंद में दो रन की जरूरत थी। अंतिम गेंद पर रन आउट होने से पहले ऋचा ने 29 गेंद में 4 चौके और 3 छक्कों से 51 रन बनाए। आरसीबी के लिए एलिस पैरी ने 49, सोफी मोलिनेक्स ने 33 और सोफी डेविने ने 26 रन बनाए। कप्तान स्मृति मंधाना (5) का विकेट दूसरे ओवर में गिरा, लेकिन सोफी और एलिस ने दूसरे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की। पैरी के बाद मोलिनेक्स भी आउट हो गई। सोफी डेविने (26) और ऋचा ने चौथे विकेट के लिए 32 गेंद में 49 रन बनाकर टीम की उम्मीद कायम रखी। डेविन के आउट होने से सभी की निगाहें ऋचा पर थीं। जेस जोनासेन के अंतिम ओवर में आरसीबी को 17 रन बनाने थे। ऋचा ने पहली गेंद पर छक्का जड़ा, अगली गेंद पर कोई रन नहीं बना। तीसरी गेंद पर दिशा कसात रन आउट हुईं। चौथी गेंद पर ऋचा ने 2 रन लिए और अगली गेंद को डीप मिडविकेट पर गगनचुंबी छक्का जड़कर अर्धशतक पूरा किया।

WOMEN'S PREMIER LEAGUE

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**


**दिल्ली कैपिटल्स : 181/5,** मेग लानिंग 29 (26 गेंद), शेफ़ाली 23 (18 गेंद), जेमिमा रॉड्रिग्स 58 (36 गेंद), ऐलिस कैप्सी 48 (32 गेंद), मरीज़ान काप नाबाद 12* (6 गेंद)। **विकेट :** श्रेयंका पाटिल 4, सोभना आशा 1।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : 180/7** सोफ़ी मोलिन्यू 33 (30 गेंद), एलिस पेरी 49 (32 गेंद), सोफ़ी डिवाइन 26 (16 गेंद), ऋचा घोष 51 (29 गेंद), जॉर्जिया वेयरहम 12 (6 गेंद),। **विकेट :** मरीज़ान काप 1, ऐलिस कैप्सी 1, शिखा पांडे 1, अरुंधति रेड्डी 1



# शार्दुल के खेल से विदर्भ के खिलाफ मुंबई का पलटवार

**रणजी फाइनल**




शार्दुल ठाकुर

| | |
|---|---|
| 75 | रन |
| 69 | गेंद |
| 5 | चौके |
| 3 | छक्के |

मुंबई, एजेंसी

श्रेयस अय्यर और अजिंक्य रहाणे का रणजी में खराब प्रदर्शन जारी रहा लेकिन शार्दुल ठाकुर के खेल के दम पर मुंबई फाइनल के शुरुआती दिन विदर्भ के खिलाफ वापसी में सफल रहा। शार्दुल ने 69 गेंद में 5 चौके और 3 छक्के की मदद से 75 रन बनाए, जिससे 111 रन पर 6 विकेट गंवाने वाली मुंबई ने 224 रन बनाए।

शार्दुल ने गेंदबाजी कर विदर्भ के ध्रुव शोरे को पगबाधा किया। दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने 3 विकेट पर 31 रन बनाए। टीम मुंबई से 193 रन पीछे है। स्टंप्स के समय अथर्व तायडे (21) और रात्रि प्रहरी आदित्य ठाकरे क्रीज पर थे। तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने अमन मोखाडे (8) और करुण नायर (0) को विकेटकीपर हार्दिक तामोरे के हाथों कैच कराकर मुंबई का दबदबा बनाया। मुंबई ने बिना नुकसान के 81 रन बना लिए थे, लेकिन लंच के पहले और बाद में टीम 111 रन तक 6 विकेट गंवा दिए। राहणे और अय्यर ने 7-7 रन बनाए। दिन के पहले सत्र में उमेश यादव (43 रन पर 2 विकेट) की गेंदबाजी के खिलाफ मुंबई के पृथ्वी साव (46) और भूपेन लालवानी (37) ने रन बनाए। इस गेंदबाज ने लंच के बाद अय्यर का विकेट लिया। 20वें ओवर में तेज गेंदबाज



यश ठाकुर (54 रन पर 3 विकेट) ने लालवानी को आउट कर पहले विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी को तोड़ा। कप्तान अक्षय वाखरे ने स्लिप में उनका शानदार कैच लपका। साव वामहस्त स्पिनर हर्ष दुबे (62 रन पर 3 विकेट) की गेंद पर बोल्ड होकर अर्धशतक से चूक गए। मुशीर खान (6) हर्ष की फिरकी से पगबाधा हो गए। महज 30 रन के अंदर 6 विकेट मुंबई ने गवां दिए। क्रीज पर आए शार्दुल ने कुछ चौके लगाकर विदर्भ के गेंदबाजों पर दबाव बनाया। एक छोर से वह तेजी से रन बना रहे थे तो वही दूसरे छोर से पुछल्ले बल्लेबाजों का विकेट गिर रहा था। वह आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज रहे।



# बॉलीवुड हलचल

## पृथ्वीराज की 'द गोट लाइफ' का ट्रेलर जारी



मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'द गोट लाइफ' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पृथ्वीराज सुकुमारन इन दिनों इस फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन बेहतर जीवन के तलाश में जुटे हुए हैं, लेकिन उनके सामने जीवन की कई मुश्किलें सामने आ रही हैं और वे खुद भी कष्टों में जूझ रहे हैं। फिल्म लोकप्रिय बेस्टसेलर उपन्यास 'आदु जीविथम' पर आधारित है। मशहूर लेखक बेन्यामिन द्वारा लिखित यह उपन्यास एक युवक नजीब के जीवन की सच्ची कहानी है, जो 90 के दशक की शुरुआत में विदेश में भाग्य की तलाश में केरल के हरे-भरे तटों से पलायन करता है। पृथ्वीराज ने कहा कि यह एक लंबी यात्रा रही है और आसान नहीं है। एक दशक के लंबे इंतजार के बाद दर्शकों को हमारी कड़ी मेहनत और उथल-पुथल का फल देखने को मिलता है। कोविड के दिनों से लेकर आज तक 'द गोट लाइफ' अप्रत्याशित और अविस्मरणीय यात्रा रही है। एआर रहमान जैसे उस्ताद को संगीत को जीवंत करते देखना सम्मान की बात है।

### ऐश्वर्या, प्रियंका और दीपिका से मिलती है आलिया भट्ट को प्रेरणा




मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री आलिया भट्ट को ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण से प्रेरणा मिलती है। आलिया भट्ट ने बताया कि भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्रियों ने बेहतरीन काम किया है और वो मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत रही हैं। ऐश्वर्या राय, प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण, ऐसी कलाकार हैं जो मेरी दोस्त भी हैं। मैं भी उनकी तारीफ करती हूं इसलिए मुझे उन्हें बहुत अधिक श्रेय देना होगा क्योंकि उन्होंने एक तरह से रास्ता बनाया है। आलिया ने कहा कि मुझे यह भी लगता है कि हम ऐसे समय में रह रहे हैं जहां विविधता समय की मांग है। आप दुनिया के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग चेहरों को अलग-अलग लहजे में बोलते हुए देखना चाहते हैं। लेकिन सभी एक ही का हिस्सा हैं।

## फिल्म बड़े घर की बेटी में अंजना और यामिनी



मुंबई, एजेंसी। बी4यू मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत नीलम तिवारी फिल्म प्राइवेट लिमिटेड (ओपीसी) के बैनर से बनने वाली भोजपुरी फिल्म बड़े घर की बेटी की शूटिंग शुरू हो गई है। बड़े घर की बेटी में अंजना सिंह और यामिनी सिंह मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह, अंजनी तिवारी और नीलाभ तिवारी हैं, जबकि निर्देशक संजीव बोहरपी हैं। फिल्म के निर्देशक संजीव बोहरपी ने बताया कि फिल्म की शूटिंग चल रही है। बचपन में मुंशी प्रेमचंद की कहानी बड़े घर की बेटी पढ़ा था, फिर इस टाइटल से हिंदी सिनेमा में फिल्म भी बनी थी। लेकिन हमारी यह फिल्म इन दोनों से अलग है और फ्रेश कहानी के साथ हम दर्शकों के सामने आएंगे। फिल्म की कास्टिंग भी कहानी के हिसाब से ही की गई है इसलिए हमें लगता है कि यह फिल्म दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स को भी पसंद आएगी। वहीं फिल्म को लेकर अंजना सिंह ने कहा कि कथ्य प्रधान फिल्मों में काम करने का अपना ही अंदाज होता है। मैंने भोजपुरी में बहुत सारी फिल्में की हैं, लेकिन यह फिल्म उन सभी से अलग है और मैं उम्मीद करती हूं कि जब भी रिलीज होगी, दर्शक इसे जरूर सिनेमाघर में जाकर देखेंगे। यामिनी सिंह ने कहा कि अलग-अलग तरह की कहानी के किरदार को जीना मेरी प्राथमिकता रही है। उम्मीद है यह फिल्म भी दर्शकों को बेहद पसंद आए। फिल्म बड़े घर की बेटी का कथा संवाद अरविंद तिवारी ने लिखा है और कला अंजनी तिवारी का है। डीओपी विजय मंडल का है। नृत्य कानू मुख़र्जी, सोनू प्रीतम, संगीत साजन मिश्रा और गीत प्यारेलाल यादव, अरबिंद तिवारी का है। फिल्म के कार्यकारी निर्माता-अभिषेक त्रिपाठी हैं।इस फिल्म में अंजना सिंह, यामिनी सिंह, अविनाश साही राकेश बाबू , संतोष श्रीवास्तव , प्रेम दुबे,कंचन मिश्रा, सोनाली मि मिश्रा मिश्रा,भूपेंद्र सिंह बीना पांडे मुख्य भूमिका में हैं।

## भोजपुरी फिल्म रंग दे बसंती के टाइटल पर सेंसर बोर्ड का एतराज




मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती के टाइटल पर सेंसर बोर्ड ने एतराज जताया है। निर्माता रोशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंह, निर्देशक प्रेमांशु सिंह और खेसारीलाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती 22 मार्च को पैन इंडिया रिलीज होनी है, लेकिन उससे पहले फिल्म के टाइटल पर सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी ने एतराज जता दिया है। फिल्म के निर्माता रोशन सिंह ने बताया कि उन्हें केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से एक कॉल आया था, जिसमें पहले रिलीज हुई हिंदी फिल्म के समान शीर्षक होने से फिल्म के शीर्षक में बदलाव का अनुरोध किया गया। उन्होंने कहा कि मुझसे रवि नाम के किसी व्यक्ति ने संपर्क किया था, जिसने मेरी फिल्म के शीर्षक में बदलाव का अनुरोध किया था। रोशन सिंह ने बताया कि फिल्म रंग दे बसंती की स्क्रीनिंग हो चुकी है, और हमें यूए प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए आवश्यक कुछ कट्स के बारे में सूचित किया गया। जो बोर्ड के ऑफिसियल वेबसाइट पर भी दर्ज है। उन्होंने कहा कि जब हमने इस बाबत जानकारी के लिए सेंसर बोर्ड कार्यालय में संपर्क किया तो बताया गया कि आपका मामला सेंसर बोर्ड अध्यक्ष के कार्यालय से लंबित है। जो ऑफिसियल वेबसाइट पर भी दर्ज है। मैंने 5 मार्च को एक पत्र के माध्यम से इसकी जानकारी चाही मगर कारण क्या है अभी तक बताया नही जा रहा है और 8 मार्च को मुझे फोन कर फिल्म का शिर्षक बदलने का अनुरोध किया गया।

### अंकुश राजा का होली गाना रिलीज



मुंबई, एजेंसी। गायक अंकुश राजा का गाना देवरे से डलवाईब रिलीज हो गया है। गाना देवरे से डलवाईब का थीम होली के दौरान भाभी के साथ देवर की ठिठोली का है, जिसे अंकुश राजा ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। गाना देवरे से डलवाईब वाई आर म्यूजिक फैक्ट्री के ऑफिशियल ट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। अंकुश राजा ने कहा कि होली के गानों की अपनी विधा है, जो हमारे यहां लोक संस्कृति में व्याप्त है। इस गाने में भी हुआ ऑडियंस को देखने को मिल रहा है और लोग इसे कनेक्ट भी कर पा रहे हैं तभी इस गाने को लाखों व्यूज मिल चुके हैं और यह गाना तेजी से आगे बढ़ रहा है। देवरे से डलवाईब गाना के म्यूजिक वीडियो में अंकुश राजा , रक्षा गुप्ता के नजर आए हैं। देवरे से डलवाईब के गीतकार छोटू यादव हैं और संगीतकार विकी बॉक्स हैं। डायरेक्टर संदीप राज हैं और कोरियोग्राफर योगेश हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## कतर में दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस लॉन्च



**दोहा।** दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस कतर एयरवेज ने लॉन्च कर दी है। कंपनी ने दुनिया की पहली डिजिटल ह्यूमन केबिन क्रू आईटीबी बर्लिन 2024 के दौरान पेश की है। इसका नाम समा है।

कंपनी ने एआई बेस्ड एयर होस्टेस का डेमो कतर वेब समिट के दौरान दिया था। ये केबिन क्रू ह्यूमन एयर होस्टेस को रिप्लेस नहीं करेगा। इसे बतौर फ्लाइट अटेंडेंट ट्रेनिंग दी गई है। यह खुद को अपडेट करती रहती है।

## लापता मछुआरों की खोज के लिए पाकिस्तान भारत से मांगेगा मदद

- पांच मार्च को हिजामक्रो क्रीक में नाव पलटने से हुआ था हादसा
- अब तक 31 लोगों के शव बरामद

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान सरकार 14 मछुआरों के शव बरामद करने के लिए भारत से मदद मांग सकती है, जो नाव पलटने के बाद से लापता हैं। सिंध के गांव इब्राहिम हैदर के 45 मछुआरे मछली पकड़ने गए थे, लेकिन पांच मार्च को थट्टा में केटी बंदर के पास हिजामक्रो क्रीक में नाव पलट गई। 31 मछुआरों को बचा लिया गया, जबकि 14 लापता हैं।

अधिकारियों ने कहा कि लापता लोगों को ढूंढने के लिए पाकिस्तानी नौसेना, समुद्री सुरक्षा एजेंसियों के गोताखोरों द्वारा अभियान चलाया गया, लेकिन 14 लापता मछुआरों का पता नहीं चल सका। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के विधायक आगा रफीउल्ला ने कहा कि शनिवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह से बात की थी और उनसे भारतीय अधिकारियों से संपर्क करने और लापता मछुआरों का पता लगाने के लिए उनकी मदद लेने को कहा था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शरीफ ने उन्हें आश्वासन दिया है कि सरकार मामले को भारतीय अधिकारियों के साथ उठाएगी, क्योंकि ऐसी आशंका है कि ज्वार की लहरें मछुआरों को भारत की क्षेत्रीय सीमा तक ले गई होंगी। रफीउल्ला ने कहा कि लापता मछुआरे के रिश्तेदारों के संपर्क में हैं।

## अमेरिकाः एडल्ट स्टार सोफिया लियोन का निधन

**वाशिंगटन।** एडल्ट फिल्म स्टार सोफिया लियोन का निधन हो गया है। 26 साल की सोफिया इस महीने की शुरुआत में अपने अपार्टमेंट में बेहोश मिली थीं। सौतेले पिता माइक रोमेरो ने उनके निधन की पुष्टि की है। फिलहाल मौत का कारण सामने नहीं आया है। सोफिया की मौत के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। पिछले तीन महीने में ये तीसरा मामला है जब किसी एडल्ट स्टार की मौत हुई है। सौतेले पिता ने गोफंडमी पर उनके मेमोरियल के लिए पैसे की मांग की है। उन्होंने कहा कि सोफिया एक मार्च को अपने अपार्टमेंट में बेहोश मिली थीं। फिर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच कर रही है।



## स्मिशिंग से यूजर्स को फांस रहे साइबर ठग, संदिग्ध लिंक से बचें

भारत समेत दुनिया में एसएमएस धोखाधड़ी बढ़ रही है। इसे 'स्मिशिंग' कहा जाता है। साइबर सुरक्षा कंपनी प्रूफपॉइंट के अनुसार, दुनिया में रोज 4 लाख एसएमएस हमले होते हैं। साइबर लुटेरों के फैलाए इस जाल में फंसकर लोग अपने बैंक खातों से पैसा गंवा रहे हैं। जानते हैं 'स्मिशिंग' क्या है और इससे कैसे बचें...

**4** लाख एसएमएस हमले करके दुनिया में रोज साइबर लुटेरे लोगों को फंसा रहे

### स्मिशिंग, ईमेल ठगी से भी ज्यादा खतरनाक

स्मिशिंग ईमेल ठगी से अधिक खतरनाक मानी जाती है, क्योंकि ऐसे साइबर अपराधियों की पहचान करना मुश्किल होती है। जबकि, पीड़ितों को लगता है कि उनके नंबर का उपयोग केवल ज्ञात लोग ही कर सकते हैं।



### क्या है स्मिशिंग ठगी



स्मिशिंग साइबर हमला है, जो मोबाइल टेक्स्ट मैसेज भेजकर किया जाता है। इसे एसएमएस फिशिंग भी कहते हैं। इससे लोगों और कंपनियों दोनों को निशाना बनाया जाता है। ठग लोगों को भ्रामक संदेश भेजता है, जिसे पढ़कर लगता है कि किसी भरोसेमंद स्रोत से भेजा गया है। इनमें अक्सर एक लिंक होता है, जो यूजर को फर्जी वेबसाइट पर ले जाता है। जब यूजर अपनी जानकारी (पासवर्ड, क्रेडिट कार्ड डिटेल आदि) डालता है, तो ठग इसे चुरा लेता है। कुछ मामलों में मैसेज में मैलवेयर भेजा जाता है। पिछले साल 39% यूजर को कम से कम ठगी का एक मैसेज आया है।

### ठगी से कैसे बचें

अनचाहे संदेशों से सावधान रहें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करे। बैंक से जुड़ा संदिग्ध मैसेज मिले तो बैंक से संपर्क करें। निजी लेनदेन के लिए अलग ईमेल का इस्तेमाल करें। ऑपरेटिंग सिस्टम, सॉफ्टवेयर को अपडेट रखें, ताकि संबंधित मामले में बचा जा सके।

### ऑनलाइन शिकायत दर्ज कैसे करें

चक्षु पोर्टल का लिंक sancharsaathi.gov.in पर उपलब्ध है। सरकार चक्षु के लिए एक एप बनाने पर काम कर रही है। अगर आपके पास धोखाधड़ी के इरादे से कोई कॉल, एसएमएस या व्हाट्सएप मैसेज आता है तो पोर्टल पर उसकी रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं। शिकायत में कॉल या एसएमएस आने का समय, तारीख और इससे जुड़ी सभी जानकारियां देनी होती हैं। रिकॉर्ड के तौर पर ऐसे कॉल या मैसेज का स्क्रीनशॉट भी देना होगा। अगर साइबर ठगी का शिकार हो चुका है तो उसे 'चक्षु' पोर्टल की बजाय भारत सरकार के साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट दर्ज करवानी चाहिए।

## एक नजर

### घाटी में बर्फ से तराशा ताजमहल



**सोनमर्ग।** धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले जम्मू कश्मीर की खूबसूरत वादियां पर्यटकों को मोह रहीं हैं। यहां की बर्फबारी का लुत्फ उठाने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं। कुदरत भी इस बार पर्यटकों पर मेहरबान है इसीलिए घाटी में जमकर बर्फबारी हो रही है। बर्फ की सफेद चादर से ढका हुआ कश्मीर का नजारा अद्भुत है। फिलहाल सोनमर्ग में यह ताजमहल पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। कलाकारों ने बर्फ की चट्टानों से हुबहू तालमहल को ऐसे बनाया, जैसे कुदरत ने खुद बर्फ को तराश कर ताजमहल बना दिया हो। कलाकारों ने पर्यटकों के लिए अधिक आकर्षक और यादगार बनाने के उद्देश्य से बनाया है।

### पाकिस्तान में अलग-अलग स्थानों पर 10 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में 10 आतंकवादी मारे गए हैं, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी सेना ने कहा, पहले खुफिया ऑपरेशन में आतंकवादियों के बीच झड़प में चार आतंकवादी मारे गए, जबकि अनुवर्ती सफाया अभियान के दौरान चार और आतंकवादी ढेर किया। एक अलग ऑपरेशन में सेना ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर घुसपैठ करने की कोशिश में दो की मौत हुई है, जबकि पांच को गिरफ्तार किया है।

### नरसंहार से नेतन्याहू इजराइल को नुकसान पहुंचा रहेः बाइडन

**विलमिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को कहा कि उन्हें लगता है कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में हमास के खिलाफ अपने युद्ध के तरीके से इजराइल की मदद करने के बजाय उसे नुकसान पहुंचा रहे हैं। बाइडन ने कहा- इजराइल गाजा में बड़ी संख्या में आम नागरिकों की मौत होने के कारण अंतर्राष्ट्रीय सहयोग खो सकता है। उनकी ताजा टिप्पणी दोनों नेताओं के बीच तनावपूर्ण होते संबंधों की ओर इशारा करती है। बाइडन ने गाजा में लोगों के बड़ी संख्या में मारे जाने पर बात की।

### पश्चिम बंगाल में पहली बार राम नवमी पर सार्वजनिक अवकाश

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने आगामी 17 अप्रैल को राम नवमी के अवसर पर पहली बार सार्वजनिक छुट्टी की घोषिणा की है। शनिवार को जारी अधिसूचना में कहा गया कि 17 अप्रैल को राम नवमी के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर कहा कि ममता ने ऐसा अपनी हिंदू विरोधी छवि को भुनाने के लिए किया है, लेकिन अब बहुत देर हो गई है। बंगाल में हमेशा से दुर्गा पूजा, काली पूजा और सरस्वती पूजा बड़े त्योहार के रूप में मनाए जाते हैं।

# टिकटॉक से प्रचार कर रहे बाइडन ट्रंप महिलाओं की आजादी के विरोधी

### अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावः ट्रंप विरोधी नारों के बीच युवाओं को लुभाने में जुटे राष्ट्रपति

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव लगभग तय हो गया है कि जो बाइडन का मुकाबला पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से होगा। भले ही हाल के कई सर्वे में बाइडन की उम्र (81 वर्ष) को लोगों ने बड़ा मुद्दा माना हो, लेकिन बाइडन ने जेन-जी युवाओं को लुभाने में ताकत लगा दी है। इसके लिए बाइडन अपने प्रचार में ट्रंप के भूलने की समस्या का जिक्र करते हैं।

ट्रंप को महिलाओं की आजादी का विरोधी बताते हैं। गर्भपात कानून का जिक्र करते हैं। इजराइल-फिलीस्तीन मुद्दे पर युद्ध- विराम के अपने प्रशासन के प्रयासों को बताते हैं। बॉर्डर पर दीवार का विरोध करते रहे हैं। युवाओं तक पहुंच बनाने के लिए टिकटोंक पर भी प्रचार अभियान शुरू किया है। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति जो बाइडन को बहस की चुनौती दी है। ट्रंप ने कहा कि यह हमारे देश और लोगों के लिए अच्छा रहेगा कि बाइडन और मैं अमेरिका के लिए अहम मुद्दों पर बहस करें। मैं कहीं भी, कभी भी डिबेट के लिए तैयार हूं।

### अमेरिका में 20 फीसदी युवा मतदाता चुनाव में करेंगे खेला



20 साल से कम के 20% वोटर जो बाइडन को दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए युवा मतदाताओं का समर्थन जरूरी है। कुल अमेरिकी वोटरों में 18 से 19 साल तक युवा मतदाता करीब 20 फीसदी हैं। ये चुनाव के नतीजे को बना या बिगाड़ सकते हैं। वहीं, युवाओं के संगठन सनराइज मूवमेंट ने बाइडन लिए एक रोडमैप पेश किया है। इसमें 2035 तक ग्रीन एनर्जी अपनाने, आपदा प्रभावित त लोगों को मुफ्त इलाज और सस्ता आवास देने की मांग की गई है। गाजा-वेस्ट बैंक में स्थायी और तुरंत युद्धविराम तथा इजराइल को सैन्य और हथियार मदद रोकने की मांग शामिल है।

### बाइडन-ट्रंप में आरोप-प्रत्यारोप



राष्ट्रपति पद के प्रबल दावेदारों में 81 वर्षीय बाइडन और 77 वर्षीय ट्रंप आरोप-प्रत्यारोप से खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। लोकप्रियता में कमी के बावजूद पार्टियों पर पकड़ बनाए हुए हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया कि हमें बाइडन को हराना ही होगा। वह (बाइडन) इतिहास के सबसे खराब राष्ट्रपति हैं। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा, यदि हम ये चुनाव हारते हैं तो आपको एक फिर डोनाल्ड ट्रंप के शासनकाल के साथ जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### किसी भी उम्मीदवार को पैसे दान नहीं करूंगाः एलन



टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि राष्ट्रपति पद के किसी उम्मीदवार को पैसा दान करने की उनकी कोई योजना नहीं है। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा, बस पूरी तरह से स्पष्ट होने के लिए आपको बता रहा हूं कि मैं अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में किसी भी उम्मीदवार को पैसा दान नहीं कर रहा हूं। दो दिन पहले ट्रंप से मिले थे।

## चीनी एप पर अमेरिका लगाएगा पाबंदी, पेश किया विधेयक

**वाशिंगटन।** अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव में रूस ने सोशल मीडिया के माध्यम से दखल दिया था। स्पेशल काउंसिल रॉबर्ट मुलर ने 2018 में पेश आरोप पत्र में बताया कि किस तरह रूसियों ने सोशल मीडिया पर हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ और डोनाल्ड ट्रंप के पक्ष में प्रचार किया था।

अब 2024 के राष्ट्रपति चुनाव पर ऐसा ही खतरा मंडरा रहा है। कई विशेषज्ञ चीनी कंपनी बाइटडांस के एप टिकटॉक को गंभीरता से लेने की सलाह दे रहे हैं। अमेरिका में टिकटॉक के लगभग 17 करोड़ मासिक यूजर्स हैं। यह युवाओं में ज्यादा पॉपुलर है। खासकर कॉलेजों में इसके जरिये राजनीतिक प्रचार हुआ है। इसे ध्यान में रखकर 5 मार्च को रिपब्लिकन पार्टी के माइक गैलागर और डेमोक्रेटिक पार्टी के राजा कृष्णमूर्ति सहित 18 अन्य सांसदों ने बाइटडांस से संबंध नहीं तोड़ने की स्थिति में टिकटॉक पर पाबंदी लगाने का विधेयक प्रतिनिधि सदन में पेश किया है। विधेयक पास होने पर टिकटॉक बैन हो जाएगा। भारत ने 2020 में टिकटोंक पर प्रतिबंध लगाया था, अब अमेरिका तैयारी कर रहा है।

## रूस-यूक्रेन परमाणु युद्ध मोदी के कारण टला, रिपोर्ट में दावा

- दो शीर्ष अमेरिकी अधिकारियों ने रिपोर्ट में कहा-2022 में विश्व के कई नेताओं ने टाला परमाणु युद्ध

**वाशिंगटन, एजेंसी**



रूस की ओर से वर्ष 2022 के अंत में संभावित परमाणु हमले को टालने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बेहतर संबंध काम आए। इस बात का सीएनएन की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस ने यूक्रेन के खिलाफ परमाणु हमले की तैयारी शुरू कर दी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत संघर्ष टालने में दुनिया के शीर्ष नेताओं ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई। दो वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि बाइडन प्रशासन विशेष रूप से चिंतित था कि रूस परमाणु हथियार का उपयोग कर सकता है। विशेष रूप से 2022 के अंत में यूक्रेन में रूसी सेना के लिए विनाशकारी समय साबित हो रही थी। यूक्रेनी सेनाएं दक्षिण में रूस के कब्जे वाले खेरसान पर आगे बढ़ रही थीं। जैसे ही ये सेनाएं आगे बढ़ीं, पूरी रूसी इकाइयां घिर जाने के खतरे में पड़ गईं। प्रशासन के अंदर विचार यह था कि इस तरह की विनाशकारी क्षति परमाणु हथियारों के उपयोग के लिए संभावित ट्रिगर हो सकती है। इस दौरान अमेरिका ने भारत सहित अन्य देशों की मदद ली।

### वर्जीनिया की सीनेट में भारतवंशी पत्रकार सम्मानित

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी पत्रकार टी विष्णुदत जयरामन एक बार फिर सुर्खियों में हैं। दरअसल, वर्जीनिया के सदन ने जयरामन के पत्रकारिता और विदेश नीति के प्रति समर्पण के लिए उनके काम की सराहना करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है। यह प्रस्ताव भारतीय अमेरिकी सांसद सुहास सुब्रमण्यम ने चार मार्च को पेश किया था। बता दें, सुब्रमण्यम वर्जीनिया के 10वें कांग्रेस निर्वाचन क्षेत्र से अमेरिकी कांग्रेस के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार भी हैं। बाद में आठ मार्च को सदन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर दिया। सीनेट में जयरामन का परिचय देते हुए सुब्रमण्यम ने पत्रकारिता और विदेश नीति के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। साथ ही उन्हें सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रतिष्ठित अशोक पुरस्कार प्राप्त करने वाले पत्रकार के रूप में संदर्भित किया।

### उग्र छात्रों ने घेरा संसद...





**एथेंसः** ग्रीस के छात्रों ने निजी विश्वविद्यालयों की योजनाबद्ध शुरुआत के खिलाफ एथेंस में प्रदर्शन किया। करीब 20 हजार छात्रों ने संसद का घेराव करने का प्रयास किया। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागकर उन्हें रोकने की कोशिश। इससे छात्र हिंसा पर उतर आए। उन्होंने पुलिस पर पेट्रोल बम, पटाखे फेंके और जवानों से भिड़ गए। जनवरी से ही सरकार के निजी विश्वविद्यालयों को खोलने की मंजूरी से जुड़ा प्रस्ताव आने के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। ● एजेंसी

## पाकिस्तान में जरदारी ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में रविवार को आसिफ अली जरदारी ने 14वें राष्ट्रपति पद की शपथ ली। देश के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने उन्हें इस्लामाबाद में मौजूद राष्ट्रपति भवन में ऐवान-ए-सद्र में शपथ दिलाई। इस दौरान प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी भी मंच पर मौजूद रहे।



वहीं चारों प्रांतों के राज्यपाल, हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों समेत कई राजदूत भी कार्यक्रम में शामिल हुए। बता दें, तख्तापलट के जोखिम का सामना कर रहे पाकिस्तान में दूसरी बार इस पद के लिए चुने गए पहले असैन्य व्यक्ति हैं। जरदारी, डॉ. आरिफ अल्वी की जगह लेंगे जो सितंबर 2023 में अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बावजूद पांच महीने तक पद पर बने रहे। वहीं चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भी जरदारी को राष्ट्रपति बनने की बधाई दी।

## ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थकों के 300 खाते सीज, 100 करोड़ जब्त

- सुनक सरकार का एक्शन कनाडा सहित कई देशों में ट्रांजेक्शन ट्रैक

**लंदन, एजेंसी**



ब्रिटेन की ऋषि सुनक सरकार ने भारत विरोधी खालिस्तान समर्थकों पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। खालिस्तानी फंडिंग नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए बनाई विशेष टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के 300 से ज्यादा बैंक खाते सीज कर लगभग सौ करोड़ रुपये की रकम जब्त की है। टास्क फोर्स ने इन सभी बैंक खाते से कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को हुए संदिग्ध ट्रांजेक्शन को ट्रैक किया था।

टास्क फोर्स के अनुसार, पिछले साल गठित टीम की वॉच लिस्ट में पांच हजार से ज्यादा बैंक खाता हैं। टास्क फोर्स ने इन खातों को दो तरह से बांटा है। पहला- वो खाता जो सीधे तौर पर घोषित खालिस्तानी नेताओं के हैं और दूसरा- वे खाते जो खालिस्तान समर्थकों के हैं। बैंक अकाउंट से एक बार में 50 हजार रुपए से ज्यादा का लेनदेन होने पर जानकारी निकलवाई जाती है।

टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के अमेरिका में नेटवर्क के भंडाफोड़ के लिए जांच एजेंसी एफबीआई से भी संपर्क साधा है। टास्क फोर्स के एक अफसर ने बताया कि भारत में प्रतिबंधित संगठनों के अमेरिका में बसे नेताओं की फंडिंग को रोकने के लिए एक दल अगले महीने अमेरिका जाएगा। बैंक अकाउंट सीज होने की कार्रवाई तेज होने पर आशंका है कि हवाला के जरिए फंडिंग हो सकती है।

## एक साल के भीतर तीसरी बार विश्वासमत हासिल करेंगे दहल

- मंत्रिमंडल का किया विस्तार, 13 को सभी सांसदों की उपस्थिति अनिवार्य का लिया फैसला

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड इस बार सत्ता में आने के बाद 15 महीने के भीतर तीसरी बार 13 मार्च को संसद में विश्वासमत हासिल करने की योजना बना रहे हैं। 25 दिसंबर 2022 को तीसरी बार प्रधानमंत्री बने प्रचंड ने हाल ही में नेपाली कांग्रेस से नाता तोड़ पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली सीपीएन-यूएमएल के साथ गठबंधन कर लिया।

प्रचंड की पार्टी सीपीएन-माओवादी सेंटर की संसदीय दल की बैठक में 13 मार्च को अपने सभी सांसदों की उपस्थिति अनिवार्य करने के लिए व्हिप जारी करने का फैसला लिया गया। संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की 13 मार्च के सत्र की बैठक बुलाई गई है। नेपाली मीडिया के अनुसार, नए गठबंधन के पास संसद में 275 सदस्य हैं।



प्रधानमंत्री प्रचंड ने रविवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। वरिष्ठ मधेसी नेता और जनता समाजवादी पार्टी के चेयरमैन उपेंद्र यादव को जनसंख्या एवं स्वास्थ्य और उन्हीं की पार्टी के किशोर शाह को वन मंत्री बनाया है। इसके साथ ही प्रचंड मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या 22 हो गई है।

**अध्ययन** हालिया सर्वे में सामने आए आंकड़े, इसकी बड़ी वजह बाकी कर्मीयों के मुकाबले अधिक कामगर होना

## विश्व में मैनेजर लेवल जॉब के लिए भारतीय पहली पसंद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय कामगार न केवल भारत में बल्कि देश के बाहर भी परचम लहरा रहे हैं। इनकी मांग अब देश के बाहर भी बड़े पैमाने पर हो रही है। हालिया एक सर्वे में सामने आया है कि दुनियाभर की कंपनियों में मैनेजर स्तर की जॉब के लिए भारतीय पहली पसंद हैं।

इसके पीछे की बड़ी वजह इन्हें बाकियों के मुकाबले अधिक कामगर होना है। इसके अलावा भारतीय कर्मचारी का कल्चरली सेंसेटिव होना है, जिस वजह से यह ऑफिस में कल्चरली आसानी से घुल-मिल जाते हैं। इसके साथ ही भारतीय कर्मचारी काफी विनम्र होते हैं और काम करने के लिए कहीं भी जाने को तैयार रहते हैं। पिडिलाइट के डायरेक्टर भरत पुरी, जो पहले कैडबरी और मॉडेलेज के साथ काम कर चुके हैं। वे कहते हैं, पिडिलाइट के एशिया-पैसिफिक के तमाम रिजनल ऑफिस में एक-तिहाई मैनेजर भारतीय हैं। वो कहते हैं कि भारतीय मैनेजर यूरोपीय समकक्षों की तुलना में विदेश में नौकरी के लिए जल्दी और अच्छी तरह से तैयार होते हैं।

पूरी कहते हैं कि 20 साल पहले किसी मल्टीनेशनल कंपनी में भारतीयों की संख्या एक या दो होती थी, लेकिन यह संख्या अब 60-70 हो चुकी है। लग्जरियस फैशन ब्रांड शनैल की सीईओ लीना नायर कहती हैं कि हालिया दौर में जहां कॉम्पिटिशन बहुत ज्यादा है उस दौर में भारतीय अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। भारतीय मैनेजर्स की विविधता और कौशल को देखकर मैं भी प्रभावित होती हूं। बता दें कि बाहर नौकरी पाने के लिए सबसे बढ़िया सोर्स उस देश की एंबेसी की वेबसाइट खोज कर ज्यादातर भारतीय है।

वहां से पता किस तरह की जॉब मिल सकती हैं, वीजा के लिए कैसे अप्लाई करना है, बगैर-बगैरा जानकारी आसानी से मिल जाती है। इनके अलावा ईमेल आईडी पर कम्यूनिकेशन कर लेते हैं। देशों की वेबसाइट्स और वहां मौजूद जॉब जब आप किसी भी देश की वेबसाइट पर जाएंगे तो वहां ऊपर ही वीजा के लिए आवेदन करने जैसे ऑप्शन होते हैं।

### सीईओ में भी भारतीय पहली पसंद बन रहे



न केवल मैनेजर लेवल की जॉब के लिए भारतीय पहली पसंद हैं बल्कि सीईओ के रूप में भी दुनियाभर की कंपनियों के लिए भारतीय पहली पसंद हैं। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, गूगल के सुंदर पिचई, यूटयूब के नील मोहन, एडोब के शांतनू नारायण, स्टारबक्स के लक्ष्मण नरसिम्हन और आइबीएम के अरविंद कृष्णा सभी भारतीय मूल के हैं।

## लेह में 'सरगर्मी' तेज, माइनस 15 डिग्री में उपवास पर बैठे वांगचुक



- लद्दाख को मिले राज्य का दर्जा
- केंद्र सरकार को दी चेतावनी
- अनिश्चितकालीन चलेगा आंदोलन

**लेह, एजेंसी**

लद्दाख को पूर्ण राज्य बनाने की मांग तेज हो गई है। इसको लेकर मशहूर इनोवेटर सोनम वांगचुक लेह में माइनस 15 डिग्री की हाड़ कंपाने वाली सर्दी में खुले आसमान के नीचे 21 दिनों के उपवास पर बैठ गए हैं।

वांगचुक की मांग है कि केंद्र जल्द से जल्द लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दे या इसे विधानसभा के साथ केंद्रशासित प्रदेश बनाए। इसके अलावा छठी अनुसूची लागू करने की भी मांग हो रही है। उन्होंने ने चेताया कि यदि केंद्र सरकार लद्दाख के लोगों से किए गए वादे पूरे नहीं करती तो आंदोलन अनिश्चितकालीन चलेगा। बता दें कि लद्दाख, पहले जम्मू-कश्मीर राज्य का हिस्सा था, अब इसको अलग केंद्रशासित प्रदेश का दर्ज दे दिया गया है।